
रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने एकजुटता दिखाई। इस मौके पर कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मौजूद रही।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 110 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# झारखंड में 'इंडिया' का शक्ति-प्रदर्शन

= सुनीता केजरीवाल से लेकर तेजस्वी यादव तक, मोदी सरकार पर जमकर बरसा विपक्ष

**साधा निशाना**

8 'जेल के ताले टूटेंगे, केजरीवाल, हेमंत सोरेन छूटेंगे...' उनके खाने में कैमरा लगाया जा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने एकजुटता दिखाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व में यह रैली रांची के प्रभात तारा मैदान में हुई। रैली को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सत्ता की कोई इच्छा नहीं है। वह सिर्फ देश की सेवा करना चाहते हैं। वह देश को नंबर 1 बनाना चाहते हैं। कई लोग कहते हैं कि ये मुश्किल है। 'जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन छूटेंगे...।' उन्होंने कहा कि राजनीति बहुत गंदी चीज है, उनके खाने में कैमरा लगाया जा रहा है। वे शुगर के मरीज हैं। वे पिछले 12 वर्षों से प्रतिदिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं, लेकिन उन्हें जेल में इंसुलिन नहीं दी जा रही है। वे दिल्ली के सीएम को मारना चाहते हैं। वे बहुत बहादुर हैं। वह शेर हैं। उन्हें जेल में भी 'भारत माता' की चिंता है।

**संजय सिंह ने पीएम मोदी को घेरा:** इस दौरान 'आप' सांसद संजय सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भारत के लिए काम करेगा और पीएम मोदी अदाणी के लिए काम करेंगे। भाजपा ने बंगाल में '400 पार', '200 पार', दिल्ली में '35 पार', झारखंड में '65 पार' जैसे नारे देकर लोगों को गुमराह किया। '400 पार' का नारा फर्जी है। इस बार आपको उन्हें 'ताड़ी पार, ताड़ी पार' कहना चाहिए। इंडिया ब्लॉक की 'उलगुलान न्याय महारैली' में शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने मुझ से कहा कि प्रियंका तुम झारखंड जाओ और हमारी दो बहनें एक दिल्ली में और एक झारखंड में जो लड़ाई लड़ रही हैं उनके साथ उनकी आवाज उठाओ।

## मंच पर केजरीवाल-हेमंत के लिए खाली छोड़ीं गईं



**टीम एक्शन इंडिया**


**झारखंड** की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने महारैली का आयोजन किया। इस रैली को 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गई। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह नीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। दरअसल, हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

**आदर्श विचार**



"ज्यादा खुश होने पर और ज्यादा दुखी होने पर निर्णय नहीं लेना चाहिए।"
-भागवद गीता

**मन की बात**



"जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है।"
-स्वामी विवेकानंद

## 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ सोमवार को पहले मामले पर सुनवाई करेगी। इससे पहले, 19 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी मेडिकल जांच का आदेश दिया था।

## सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सूरतः** सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन पत्र रविवार को खारिज कर दिया गया। दरअसल उनके तीन प्रस्तावकों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को हलफनामा सौंपते हुए कहा था कि नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

**प्रस्तावकों के हस्ताक्षर फर्जी होने का दावा:** वहीं सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अवैध करार दिया गया है, जिससे गुजरात का मुख्य विपक्षी दल शहर में चुनावी मुकाबले से बाहर हो गया है। निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने अपने आदेश में कहा कि कुम्भणी और पडसाला द्वारा सौंपे गए नामांकन पत्रों में प्रस्तावकों के हस्ताक्षरों में प्रथम दृष्टया गलतियां पाई गईं। जिसके बाद नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावकों के हस्ताक्षर असली नहीं दिखते।

# अब हर घर बनेगा सूर्यघर: पीएम मोदी

**चुनाव प्रचार**

8 मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा दस लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जा रही है : पीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण को लेकर प्रदेश में चुनाव प्रचार की प्रक्रिया तेज हो गई है। पहले चरण के मतदान में वोटिंग प्रतिशत ने भी राजनीतिक पार्टियों की रणनीति को प्रभावित किया है।

**अब आपका बेटा मोदी उठाएगा दवा का खर्च :** साथियों आप मेहनत कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। आप अपने रोजमर्रा के खर्च के बाद सोचते होंगे कि कमाई का कुछ पैसा बच्चों के भविष्य के लिए भी लगाएं। आपके घर में बूढ़े मां-बाप भी होंगे। उनका कोई खर्चा तो नहीं है लेकिन कोई बीमारी आ जाए तो दवाई का खर्च तो हो ही जाता है। वो उम्र भी ऐसी है कि कोई न कोई बीमारी आ ही जाती है। मैं आप सबसे कहना चाहता हूं ये जो दवाई का खर्च आप पर है न अब वो आप नहीं रहेगा। जैसे वो आपके माता-पिता है वैसे ही वो मेरे भी माता-पिता है। मैं ये वादा करता हूं कि 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों की दवाई खर्च अब आपका बेटा मोदी उठाएगा। भाजपा ने ऐलान किया है कि 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों का खर्च अब भाजपा सरकार उठाएगी फर चाहे वो गरीब, मध्यम या उच्च वर्ग किसी भी श्रेणी का हो।

**मुद्रा योजना में अब 20 लाख तक लोन:** बिना गारंटी के ऋण देने वाली मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा दस लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जा रही है। इसका फायदा भी मेरी माताओं-बहनों को होगा।

**स्वयं सहायता समूहों को विशेष ट्रेनिंग का एलान :** स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बहनों के लिए आने वाले पांच साल सुख-समृद्धि के होने वाले हैं। भाजपा ने इन समूहों से जुड़ी बहनों को विशेष ट्रेनिंग का ऐलान किया है, ताकि वो भी शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे क्षेत्रों से जुड़ सकें।

## 'तिजोरी खाली कर दी भूखा नहीं रहने दिया'

**पीएम** ने कहा कि तिजोरी खाली कर दी, लेकिन मैंने पक्का किया कि गरीब के घर में चूल्हा जलना चाहिए। गरीब मां के आंख से कभी आंसू टपकना नहीं चाहिए। इसलिए मैंने मुफ्त राशन की योजना चलाई और गारंटी देता हूं कि आने वाले पांच भी ये योजना जारी रहेगी। इसका फायदा मेरे परिवार के लोगों को मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सुशासन का उम्दा मंत्र लेकर समर्पण भाव से काम कर रही हैं। बांसवाड़ा और डूंगरपुर के तीन लाख परिवारों को पक्के घर मिले हैं।

## मानवता के लिए सुरक्षित स्वर्ग है भारत: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने वैश्विक कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी जीवित सभ्यता होने के साथ-साथ मानवता के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग है। उन्होंने कहा कि यह देश सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है।

**पूरी दुनिया को भारत से उम्मीद:** वैश्विक मंच पर भारत की उभरती भूमिका का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस नई जिम्मेदारी का श्रेय भारत की बढ़ती क्षमताओं और विदेश नीति को जाता है। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष में फंसी दुनिया भारत से शांति की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत इस भूमिका में आया है क्योंकि हम वैश्विक मंचों पर पूरे विश्वास के साथ सत्य और अहिंसा को सामने रखते हैं।

**प्रधानमंत्री ने निर्वाण महोत्सव को बताया दुर्लभ अवसर:** उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्ष का एक दुर्लभ अवसर है।

**महोत्सव**

8 प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया

## '..तो पीएम महंगाई कम क्यों नहीं करते'



**टीम एक्शन इंडिया**

**राजनांदगांवः** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी राजनांदगांव के ग्राम मोहड़ पहुंची। जहां कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। मंच पर राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कवासी लखमा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक दलेश्वर साहू और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की आपकी जो धरती है वह खास धरती है, 5 साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही है, भूपेश बघेल ने यहां काम किया अभी भाजपा की सरकार है आप समझ गए होगे की कांग्रेस ने क्या काम किया। भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस शासन काल में सभी काम हुए अभी आप भाजपा काल में देख रहे हैं क्या हो रहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को अपनी मेहनत से यहां के लोगों ने कामयाब प्रदेश बनाया है। आपके प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, पांच सालों में प्रदेश के लिए बहुत काम किया गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की।

## सुरक्षा के लिए नौसेना ने किया 'पूर्वी लहर' अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय नौसेना ने पूर्वी समुद्र-तट पर 'पूर्वी लहर' अभ्यास का संचालन किया। नौसेना ने को कि किसी भी समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को परखने के प्रयासों के तहत इस अभियान का संचालन किया गया।' इस अभ्यास पूर्वी लहर में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष नौसैनिक बलों की भागीदारी रही।यह अभ्यास कई चरणों में आयोजित किया गया। सामरिक चरण में युद्ध प्रशिक्षण और हथियार चरण के दौरान विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन किया गया। अभ्यास में वायुसेना, अंडमान और निकोबार कमान और तटरक्षक बल की भी सहभागिता रही। अभ्यास के दौरान भाग लेने वाले बलों ने वास्तविक परिस्थितियों में मूल्यवान सबक सीखे, जिससे क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की उनकी तैयारी और बेहतर हुई।

## कांग्रेस की गोद में लालू यादव और उनके बेटे बैठे: अमित शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**कटिहारः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कटिहार लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने जदयू उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी को वोट देने की अपील की। गृह मंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि मोदी इस देश में जातिवाद और तुष्टिकरण को समाप्त करने का काम किया। इतने सालों से कांग्रेस और लालू जी कहते थे गरीबी हटाओ। लेकिन, गरीबी नहीं हटी थी। 10 साल में ही मोदी जी ने देश की जनता को मुफ्त में पांच किलो अनाज देने का काम किया। 12 करोड़ शौचालय और चार करोड़ घर देने का काम किया। 10 करोड़ से ज्यादा माताओं को उज्ज्वला गैस देने का काम किया। पिछले 10 साल के अंदर पीएम मोदी ने गरीबों के जीवन में परिवर्तन में लाने का काम किया।

**बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं इंडी गठबंधन वाले:** गृह मंत्री बिहार और सीमांचल में कई विकास योजनाओं का जिक्र किया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा इंडी गठबंधन वाले बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं। नीतीश बाबू ने बिहार के घर-घर में बिजली पहुंचाई है। लेकिन, कांग्रेस और लालू प्रसाद फिर से पिछड़ों पर अत्याचार करना चाहती है।

### लालू ने बिहार को जंगलराज बना दिया थाः शाह

**अमित** शाह ने कहा कि लालू और कांग्रेस एक होकर भाजपा और जदयू के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। आप लोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है न? बिहार को जंगलराज में बदलकर इस लालू प्रसाद यादव ने रख दिया था। गरीब, पिछड़ा और दलित पर अत्याचार होते थे। जब से एनडीए की सरकार आई तो गरीबों पर अत्याचार खत्म हो गया। आज लालू यादव कांग्रेस पार्टी के साथ बैठे हैं। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा समाज का विरोध किया।

## 'इंडिया की सरकार बनी तो सीएए को लिया जाएगा वापस'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनी तो नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को वापस लिया जाएगा। कांग्रेस ने भले ही अपने घोषणापत्र में इसका जिक्र नहीं किया लेकिन संसद से पहले सत्र में इसे वापिस लिया जाएगा। कांग्रेस के घोषणापत्र के जारी होने बाद कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि पार्टी ने आखिरी समय में इसे अपने घोषणा पत्र से हटाया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है। केरल के मुख्यमंत्री पिनारई विजयन ने इसको लेकर पार्टी की आलोचना की थी। चिदंबरम ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि पार्टी कई कानूनों को वापिस लेगी। वे घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रहे हैं। घोषणापत्र में भले ही इसका उल्लेख नहीं किया गया लेकिन इसे वापिस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इसका विरोध में संसद में भी किया था। तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने इसके खिलाफ संसद में पार्टी की ओर से पक्ष रखा था।

चिदंबरम ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर एक विशेष कानून लाया जाएगा। इसके तहत 'जमानत नियम, जेल अपवाद होगा। केरल के महान सपूत जस्टिस कृष्णा के शब्दों में जमानत नियम है, जेल अपवाद है। निचली न्यायपालिका, मजिस्ट्रेट और जिला न्यायाधीशों में इस नियम का शायद ही कभी पालन किया जाता है। हर कोई जमानत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकता है।

**दो टूक**

8 कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है

## केरल के कई इलाकों में बर्ड फ्लू का कहर



**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नईः** केरल के कई इलाकों में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया है। केरल में इसके बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में सरकार सतर्क हो गई है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, राज्य सरकार इससे निपटने के लिए सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने अनाइकट्टी, गोपालपुरम और वालयार इलाकों में सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है।

**चेकपोस्ट पर पुलिस को किया गया तैनातः** उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में प्रत्येक चेकपोस्ट पर 12 पुलिस अधिकारी को तैनात किया गया है और तमिलनाडु पहुंचने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

तमिलनाडु के पशुपालन अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी राज्यों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आते हैं तो तमिलनाडु सरकार सतर्क हो जाती है। अधिकारियों ने बताया कि पशु चिकित्सक और पैरामेडिकल टीम के सदस्य टीम का हिस्सा हैं और लोगों की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि मुर्गे और जानवरों से भरे किसी भी वाहन को चेकपोस्ट पार करने की अनुमति नहीं है।

**केरल में मारे गए 21,000 बत्तखः** उन्होंने बताया कि केरल की सीमा से लगे कोयंबटूर जिले में 1200 से अधिक पोल्ट्री फार्म हैं, जिसके कारण विभाग राज्य में किसी भी प्रकोप को रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है।

**सरकार सतर्क**

8 केरल में इसके बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में सरकार सतर्क हो गई है

**स्पष्ट किया** निर्मला ने कहा वर्तमान का चुनावी बॉन्ड पूर्व के चुनावी दान की व्यवस्था से निश्चित रूप से अधिक पारदर्शी व्यवस्था थी

## चुनावी बॉन्ड स्कीम लाने की कोई योजना नहीं: वित्त मंत्री निर्मला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** चुनावी बॉन्ड को लेकर फिर से छिड़े विवाद के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि साक्षात्कार में भी उन्होंने नहीं कहा था कि चुनावी बॉन्ड लाने की हमारी कोई योजना है। उन्होंने कहा कि हमसे पूछा गया था कि क्या चुनावी बॉन्ड को लेकर आप लोग कुछ करना चाहेंगे तो हमने कहा कि अगर इसे लेकर कुछ करना पड़ा तो हम निश्चित रूप से इस पर विचार करेंगे कि इससे जुड़े स्टेकहोल्डर्स इस पर अपना क्या इनपुट देते हैं और निश्चित रूप से वह अभी के चुनावी बॉन्ड स्कीम से बेहतर होना चाहिए।

**कई नेताओं ने सरकार पर किया था कटाक्षः** दरअसल एक साक्षात्कार में यह बात आई थी कि निर्मला ने फिर से चुनावी बॉन्ड लाने की बात कही है। इसे लेकर कपिल सिब्बल समेत कई नेताओं ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया था। शनिवार को निर्मला ने कहा वर्तमान का चुनावी बॉन्ड पूर्व के चुनावी दान की व्यवस्था से निश्चित रूप से अधिक पारदर्शी व्यवस्था थी। कम से कम चुनावी बॉन्ड से एक खाते से दूसरे खाते में पैसा जा रहा था। जबकि इससे पूर्व की व्यवस्था में ऐसी बात नहीं थी।

**सिब्बल ने बताया सुप्रीम कोर्ट के कथन के विपरीतः** सिब्बल ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा यह दावा कर रही है कि चुनावी बॉन्ड स्कीम पारदर्शिता के लिए लाई गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दे दिया। उन्होंने कहा कि सीतारमण ने एक साक्षात्कार में कहा है कि हम लोग फिर फिर से चुनावी बॉन्ड को लाएंगे।

**पारदर्शी नहीं है चुनावी बॉन्ड स्कीमः** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनावी बॉन्ड स्कीम पारदर्शी नहीं है और इसे अपारदर्शी तरीके से लाया गया। सिब्बल ने कहा कि अब निर्मला सीतारमण यह कह रही है कि हम चुनाव जीतेंगे।

**घमासान**

8 कम से कम चुनावी बॉन्ड से एक खाते से दूसरे खाते में पैसा जा रहा था: वित्त मंत्री

# सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंदता हुआ पेड़ से टकराया ट्रक, दुकानदार व ग्रामीण की मौत, 3 लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**बुलंदशहरः** पहासू थाना क्षेत्र के दीघी गांव में रविवार दोपहर एक बजे एक अनियंत्रित ट्रक अपने विपरीत दिशा में यात्री शेड के पास लगी दुकानों पर चढ़ता चला गया। दुकानदार व ग्राहकों को रौंदता हुआ ट्रक यूकेलिप्टस पेड़ से टकरा गया। इसमें एक वृद्ध दुकानदार व ग्रामीण की मौत हो गई। 12 वर्षीय बच्ची समेत तीन लोग घायल हैं।



दीघी गांव निवासी शिवकुमार ने बताया कि उनके गांव के बाहर यात्री शेड बना हुआ है। उनके भाई ऋषि कुमार उर्फ रिंकू गुप्ता (46) यात्री शेड के बराबर में सब्जी की दुकान पर गए हुए थे। तभी खुर्जा की ओर से एक तेज रफ्तार ट्रक आ रहा था, जो गांव के बाहर आकर अनियंत्रित हो गया। ट्रक अपनी विपरीत दिशा की ओर सड़क किनारे स्थित साइकिल की दुकान, पॉलीथिन की दुकान, यात्री शेड और सब्जी की दुकान (क्रम से) को रौंदता हुआ करीब 50 मीटर दूर लगे यूकेलिप्टस पेड़ से टकरा गया।

इसमें साइकिल मिस्त्री आसिफ पुत्र शराफत निवासी पहासू कस्बा, आसिफ की भतीजी सना निवासी पहासू, पॉलीथिन वाला दुकानदार बाबू खां (70) निवासी दीघी गांव और सब्जी खरीदने आए ऋषि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ट्रक चालक प्रमोद निवासी बसुबानपुर गांव, थाना मुजारिया, जनपद बदायूं भी घायल हो गया। तभी ग्रामीण और राहगीर घायलों के बचाव में जुट गए। हादसे की सूचना पर पुलिस टीम भी पहुंच गई।

ग्रामीण व पुलिस ने घायलों को पहासू सीएचसी पहुंचाया। जहां पर ऋषि कुमार का मृत घोषित कर दिया गया। बाबू खां, सना और आसिफ को खुर्जा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। प्रमोद को अलीगढ़ मेडिकल के लिए रेफर किया गया। कैलाश अस्पताल में उपचार के दौरान दौरान बाबू खां ने भी दम तोड़ दिया। बाबू खां और ऋषि कुमार की मौत के बाद दीघी गांव में मातम पसर गया है।

सीओ शिकारपुर शोभित कुमार ने बताया कि हादसे की जानकारी मिली है।

पुलिस टीम मौके पर गई और समय से घायलों को अस्पताल पहुंचाने का कार्य किया गया। इसमें एक की मौत पहले ही हो गई थी। ट्रक चालक भी घायल है। मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**पेड़ ने बचाई कई लोगों की जान :** यूकेलिप्टस पेड़ से आगे छोटी-छोटी और पांच दुकान थीं, जहां पर हादसे के दौरान 7-8 लोग मौजूद थे।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि पेड़ नहीं होता तो कई और लोगों की जान जा सकती थी। इसके अलावा रविवार दोपहर के वक्त यात्री शेड भी खाली था। सुबह व शाम को वहां पर लोग बैठे रहते हैं।

## अर्श की फिरकी पर सात बल्लेबाज धराशायी

**ग्रेटर नोएडा।** स्व. अरविंद दुबे मेमोरियल अंडर-13 टूर्नामेंट में रविवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में एस्टर अंडर-13 ने एनडीसी (ए) को 132 रन से हरा दिया। एस्टर के गेंदबाज अर्श मौर्य ने शानदार स्पिन गेंदबाजी करते हुए एनडीसी (ए) के सात बल्लेबाजों को आउट कर दिया। दूसरे मैच में बीबीसी अकादमी ने वीआर-11 को छह विकेट से हरा दिया।

जेके स्पोर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट में आयोजक नीरज सचदेवा ने बताया कि एस्टर अंडर-13 ने 30 ओवर में छह विकेट खोकर 235 रन बनाए। जवाब में एनडीसी (ए) की टीम 18 ओवर में मात्र 102 रन बनाकर आल आउट हो गई। अर्श मौर्य ने तीन ओवर में 13 रन देकर सात विकेट लिए। अर्श मौर्य को प्लेयर ऑफ द मैच व बेस्ट बैटर चुना गया।

# शर्मनाकः 4 साल तक बेटी से दुष्कर्म करता रहा पिता

## 2 महीने की गर्भवती हुई पीड़िता; ताऊ-चाचा ने छिपाया मामला

**टीम एक्शन इंडिया**


**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में पिता-बेटी के पवित्र रिश्ते को तार-तार करने वाली घटना सामने आई है। चार साल पहले पत्नी की मौत के बाद से ही आरोपित पिता बेटी से दुष्कर्म कर रहा है। अप्राकृतिक संबंध भी बनाए। विरोध पर उन्हें पीटा।

**घर से निकलकर ट्रेन से गाजियाबाद पहुंच गई पीड़िता :** पीड़िता के घर से बाहर निकलने पर भी पाबंदी लगाई। भाई, ताऊ व परिवार के अन्य लोगों पर मामले को दबाने का आरोप है। शुक्रवार को पीड़िता किसी तरह घर से निकलकर ट्रेन से गाजियाबाद पहुंच गई। वहां अकेली बैठा देख पुलिस ने पूछा तो रोते हुए सारी बात बताई। पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित समेत अन्य के खिलाफ संगीन धारा में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता कोतवाली क्षेत्र की कॉलोनी की 19 वर्षीय युवती हैं। घर में पिता, भाई, ताऊ के साथ रहती हैं।

**4 साल पहले हो गई थी पीड़िता की मां की मौतः** चार साल पहले उनकी मां की मौत हो गई थी। तभी से पिता उन पर गलत नजर रखने लगा।कु छ महीने बाद जब वह रात में कमरे में सो रही थी तो पिता वहां आया और दुष्कर्म किया। विरोध पर बुरी तरह पीटा। शोर मचाने पर कपड़ा मुंह में ठूंस दिया। किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

**तनाव में रहने लगी थी पीड़िता :** तभी से उसके घर से निकलने पर रोक लगा दी। इसके बाद भी आरोपित पिता ने उनसे दुष्कर्म किया। युवती ने भाई व ताऊ से बताया, लेकिन उन्होंने भी आरोपित पिता का ही साथ दिया। वह तभी से तनाव में रहने लगी थी।

**ताऊ-चाचा ने मामला छिपाया :** पीड़िता ने बताया कि वे पिता के दुष्कर्म के बाद तीन बार गर्भवती हो गईं। उस समय भाई, तीन ताऊ व चाचा ने मिलकर उनका गर्भपात करा दिया। अब फिर से वे दो महीने की गर्भवती हो गई हैं।



**आशंका**

- 8 तीन बार कराया गया गर्भपात, अब फिर दो महीने से गर्भवती है पीड़िता
- 8 बेटी ने चोरी छिपे मोबाइल में वीडियो रिकॉर्ड कर पुलिस को कराया उपलब्ध
- 8 भाई, ताऊ व परिवार के अन्य लोगों पर मामले को दबाने का आरोप
- 8 चार साल पहले पत्नी की मौत के बाद आरोपित ने शुरू की दरिंदगी

# छात्र को कार ने मारी टक्कर, घसीटता ले गया चालक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः** गाजियाबाद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे कक्षा 10 के छात्र को कार ने टक्कर मार दी। घायल छात्र मोहित रावत को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंदिरापुरम स्वर्ण जयंती पार्क के पास की घटना है। मोहित रावत और उसका दोस्त साइकिल से स्वर्ण जयंती पार्क में गए हुए थे। तभी वह रोड पर साइकिल चलाने लगे पीछे से कार ने मोहित को टक्कर मार दी और मोहित कार के नीचे आ गया। कार चालक ने काफी दूर तक मोहित को घसीटा रहा और दोस्त बचाने के चिल्लाते रहे। मोहित को गंभीर चोट आई है उसे यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंदिरापुरम स्वर्ण जयंती पार्क के पास की घटना। स्वर्ण जयंती पार्क में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रशासन द्वारा किया गया था।



# राष्ट्र विरोधी ताकतें नहीं चाहतीं मोदी बनें प्रधानमंत्री; जनता देश में आए बदलाव को देख रही है: सीएम धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर** धामी ने कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतें नहीं चाहतीं हैं कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनें। यह निर्णय आपको करना है कि देश को राष्ट्र विरोधी ताकतों के हाथों में देना है या राष्ट्र निर्माण और देश का गौरव बढ़ाने वाले नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। विपक्ष विदेशी ताकतों के इशारे पर चुनाव लड़ रहा है। नरेंद्र मोदी के निर्देशन में देश में आए बदलाव को आप लोग स्वयं देख रहे हैं। अगर देश को आगे ले जाना चाहते हैं तो आपको निर्णय लेना होगा।



रविवार को सीएम धामी गाजियाबाद स्थित हिंदी भवन में जिला एवं महानगर उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए वोट मांगने आए थे। इस मौके पर व्यापार मंडल ने उनका स्वागत किया। व्यापार मंडल के गोपीचंद प्रधान, अशोक चावला, राजदेव त्यागी, सुनील गोयल, बृजमोहन सिंघल, पंकज गर्ग, नरेश अग्रवाल, धनेश सिंघल, मनोज गर्ग, पंकज गुप्ता, राकेश स्वामी, राकेश बवेजा, सुधीर गोयल, वसीम अली, संजीव मित्तल, राकेश पचौरी सहित अन्य व्यापारी शामिल थे।

**वोट**

- 8 देश को राष्ट्र विरोधी ताकतों के हाथों में देना है या राष्ट्र निर्माण और देश का गौरव बढ़ाने वाले मोदी को पीएम बनाना है

# चुनाव से पहले कार से पांच लाख रुपये बरामद, पुलिस ने पकड़ा कैश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र में लोटस वैली स्कूल के सामने सर्विस रोड चेकिंग के दौरान शनिवार रात पुलिस ने सेक्टर मजिस्ट्रेट उड़नदस्ता दल-दो के साथ मिलकर एक थार गाड़ी से पांच लाख रुपये बरामद किए हैं।

गाड़ी में सवार सेक्टर-131 जेपी ग्रींस विशटाउन के शुभम पुरी नकदी के संबंध में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

ऐसे में टीमों ने रकम को कोष में जमा करा दिया। अन्य विभागों को भी नकदी बरामदगी के संबंध में जानकारी दे दी गई है। डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस की टीमें जगह-जगह बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही हैं ताकि कोई भी मानक से ज्यादा नकदी लेकर सफर न कर सके। लोकसभा चुनाव के कारण देशभर में आचार संहिता लगी हुई।



**अबतक डेढ़ करोड़ सीज कर चुकी पुलिस**

ऐसे में चुनाव को प्रभावित करने वाले धन, शराब और गिफ्ट देने के पैतरे को नाकाम करने के लिए पुलिस प्रशासन बेहद सक्रिय है।

अगर, कोई 50 हजार रुपये से ज्यादा की नकदी अपने साथ लेकर निकलता है तो पुलिस के शिकंजे में फंस सकता है। तीनों जोन की पुलिस प्रशासन की टीमों के साथ मिलकर अब तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये सीज कर चुकी है।

# गौतमबुद्धनगर में दो दिन बंद रहेंगी शराब-बीयर की दुकान




**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा :** लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण के मतदान के तहत 24 से 26 अप्रैल तक शराब, बीयर की दुकानें बंद रहेंगी। दुकानों को बंद रखने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले 24 अप्रैल सायं छह बजे से 26 अप्रैल सायं छह बजे तक या मतदान समाप्ति तक मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन बंद रहेगा। जनपद की सभी देशी-विदेशी शराब की दुकानें, बीयर की दुकान, मॉडल शॉप, भांग की दुकान, होटल बार, बीयर बार, रेस्टोरेंट बार, सैनिक कैंटीन बंद रहेंगी।

# पढ़ने गई किशोरी को खाली कमरे में ले जाकर किया दुष्कर्म, दोनों को पिता ने पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** वेवसिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलोनी की नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर खाली पड़े कमरे में ले जाकर युवक ने दुष्कर्म किया। कई घंटे बाद नाबालिग को पिता ने एनएच नौ से आरोपी के साथ पकड़ा। आरोपी युवक चकमा देकर फरार हो गया। घर जाकर नाबालिग ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी।

नाबालिग छात्रा के पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व पॉक्सो अधिनियम में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। वेवसिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कॉलोनी में रहने परिजनों ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 15 वर्षीय नाबालिग लड़की रोजाना सांय 3 से 4 बजे तक घर से कुरान पढ़ने के लिए कालोनी में एक महिला के घर जाती है।

शनिवार को जब समय पर घर नहीं पहुंची तो परिजन उसे तलाश करने निकले तो पता चला कि उसकी बेटी को मोहल्ला कुरेशियान निवासी सगीर उर्फ कल्ला का लड़का फरमान ले गया। पिता जब ढूंढते हुए एनएच नौ पर पहुंचा तो उसकी बेटी फरमान के साथ दिखाई दी। आरोपी फरमान उसे देखकर उसकी बेटी को छोड़कर भाग गया।

पिता अपनी बेटी को लेकर घर आया तो नाबालिग ने अपनी मां को रोते हुएबताया कि फरमान उसे बहला-फुसलाकर एक खाली पड़े कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। नाबालिग के पिता ने आरोपी युवक फरमान (22) निवासी मोहल्ला कुरेशियान के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि युवती के पिता की दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी फरमान पुत्र सगीर उर्फ कल्ला निवासी मोहल्ला कुरेशियान डासना के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# फ्लैट बेचने के नाम पर 97 लाख रुपये हड़पे, चार लोगों के खिलाफ मुकदमा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-50 में रहने वाले दंपती, उनके पुत्र समेत चार लोगों पर फ्लैट बेचने के नाम पर 97 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-15 नयाबांस के महेश चंद ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि अगस्त 2023 में सेक्टर-50 महागुण मैपल सोसायटी के मनोज अरोड़ा, सपना अरोड़ा, राजीव अरोड़ा और महेंद्र सिंह मिले। इन लोगों ने कहा कि इनके फ्लैट पर इंडियन ओवरसीज बैंक का 97 लाख रुपये का ऋण बकाया है। अगर उन्होंने ऋण नहीं चुकाया तो बैंक प्रबंधन फ्लैट को सीज कर देगा। वह इस फ्लैट को बेचकर किराए पर रहना चाहते हैं। आरोपितों के कहने पर शिकायतकर्ता ने अपने दोस्त अजीत पांडेय व भाई मुकेश कुमार के सामने 92 लाख रुपये में फ्लैट का सौदा कर लिया। शिकायतकर्ता ने 28 सितंबर 2023 में एक समझौतानामा तैयार कराया और 25 लाख रुपये मनोज अरोड़ा व सपना अरोड़ा के संयुक्त खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। आरोप है कि इसके बाद आरोपितों ने समझौतानामा में तीन बार तिथि बढ़वाई और इसी बीच बैंक की शेष धनराशि 70 लाख रुपये भी ले लिए, लेकिन फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं कराई।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दस वर्षों में मोदी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए किए कार्यः कृष्णपाल गुर्जर

### एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव गौंछी में आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे



**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि आज पूरे देश में मोदी जी का बोलबाला है, विपक्ष के पास सत्तापक्ष को घेरने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है क्योंकि पिछले दस वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है, यही कारण है कि आज छत्तीस बिरादरी एक बार फिर से देश की बागडोर नरेंद्र मोदी जी को सौंपने का मन बना चुकी है। वे रविवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव गौंछी में आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गणमान्य लोगों ने सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं बड़ी फूल माला पहनाकर श्री गुर्जर का स्वागत किया और उन्हें भारी बहुमत से जिताकर संसद भेजने का आश्वासन दिया। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दस वर्षों में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है। किसान, मजदूर, महिला, दलित, पिछड़े सभी वर्ग सरकार की नीतियों से लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने एनआईटी क्षेत्र के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव समान विकास किया है, इस क्षेत्र में भाजपा विधायक न होने के बावजूद यहां विकास में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ी और लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरसक प्रयास किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस बार एनआईटी क्षेत्र में कमल खिलेगा और यहां से भाजपा उम्मीदवार विजयी होकर क्षेत्र के विकास को और गति देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आज उन्हें चुनावों के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे, यही कारण है कि अभी तक उन्होंने टिकटों की भी घोषणा नहीं की, कोई भी उम्मीदवार चुनाव लड़े? को तैयार ही नहीं है। उन्हें पता है कि देश में चल रही मोदी लहर में उनकी हार निश्चित है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वह खुद को कृष्णपाल गुर्जर मानकर जनता के बीच जाए और उन्हें सरकार की नीतियों के बारे में जागरुक करें, ताकि एनडीए का 400 पार का नारा सार्थक हो सके और देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन सके। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मबीर भड़ाना, यशवीर डागर, सतीश फागना, मुकेश डागर सिहत अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

**वोट की अपील**

**8 विपक्ष के पास सत्तापक्ष को घेरने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है: भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर**

# विकसित भारत के लिए 25 मई को कमल का बटन दबाएं : ज्ञानचंद गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया की जीत को बड़ी जीत में बदलने के लिए, भाजपा नेताओं का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल और बंतो कटारिया ने दर्जनभर स्थानों पर जाकर लोगों से मुलाकात की और भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। यहां ज्ञानचंद गुप्ता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत और आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। श्री गुप्ता ने कहा कि जिन लोगों की वोट नहीं बनी है वे भी अपने वोट बनवाएं और 25 मई को मतदान अवश्य करें। प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा और भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने आज सेक्टर-8, सकेतड़ी, सेक्टर-19,,सेक्टर-10 , सेक्टर 4, खड़कमंगोली, बिड़घर, चंडीमंदिर, सेक्टर-17 एवम बुढ़नपुर, राजीव कॉलोनी व इंदिरा कॉलोनी में जनसंपर्क किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। ज्ञानचंद गुप्ता ने मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। श्री गुप्ता ने यह भी कहा कि कांग्रेस को चुनाव लड़ाने के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे हैं। कांग्रेस के पास चुनाव में कहने के लिए, कुछ भी नहीं है। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया है और जनता भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी को नकार चुकी है। उन्होंने सभी जगहों पर लोगों से अपील की कि वे सुरक्षित एवं मजबूत भारत के लिए मतदान अवश्य करें। भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जनसंपर्क अभियान के तहत बंतो कटारिया के समर्थन में लोगों से मतदान की अपील की।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुग्राम: द्वारका एक्सप्रेस-वे किनारे लकड़ी के गोदाम में भड़की आग

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम: रविवार को करीब 11 बजे द्वारका एक्सप्रेस-वे के किनारे बजघेड़ा गांव के पास करीब साढ़े 3 एकड़ में बनाए गए लकडि?ों के गोदाम में आग भडक गई। देखते ही देखते आग आसपास पड़ी लकडि?ों के ढेर में फैलती गई। आग लगने की सूचना पाकर दमकल विभाग से टीमें मौके पर पहुंचे और आग बुझानी शुरू की। द्वारका एक्सप्रेस-वे के किनारे पर बजघेड़ा गांव के पास लकडि?ों का एक खुले में गोदाम बना हुआ है। इस गोदाम में जगह-जगह पर लकडि?ों को ढेर बनाकर रखा गया था। रविवार सुबह 11 बजे के करीब यहां पर आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास लगे लकडि?ों के ढेर में भी फैलती चली गई। आनन-फानन में घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। घंटों तक आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की टीमें मशक्कत करती रहीं।न्यू रेलवे रोड पर भीम नगर स्थित दमकल विभाग के अग्निशमन अधिकारी रमेश सैनी के मुताबिक केंद्र में सूचना आई थी कि लकड़ी के गोदाम खड़ी एक पिकअप गाड़ी में लगी सीएनजी के सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है। इसी ब्लास्ट से आग लकडि?ों के ढेर में लगी और फैलती चली गई। डेढ़ दर्ज गाडियों से आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग अधिक फैली हुई थी। जिसे बुझाने में दमकल कर्मियों को खूब पसीना बहाना पड़ा।

### विधवा के बंद घर से चोरों ने चुराए सोने चांदी के आभूषण व नकदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** जिले के कस्बा हांसी में डडल पार्क स्थित विधवा के बंद मकान का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवरात व हजारों रुपए की नगदी चुरा कर ले गए। वारदात के समय मकान मालकिन किसी जरुरी काम से दिल्ली गई हुई थी। रविवार को जब वे दिल्ली से वापस घर लौटी तो घर में चोरी की वारदात के बारे में पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच आवास का निरीक्षण कर आवास मालकिन कमलेश की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में डडल पार्क निवासी कमलेश ने बताया कि वह विधवा है और अपने घर में अकेली ही रहती है। गत दोपहर अपने मकान को ताला लगाकर किसी जरुरी काम से दिल्ली गई थी। शनिवार देर रात को जब वापस घर पहुंची तो देखा कि घर के गेट पर लगाया गया ताला टूटा पड़ा है और जब अंदर जाकर देखा तो घर अंदर के दरवाजों पर लगाए गए ताले भी टूटे पड़े थे और कमरे में सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ था तथा कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी थी तथा उसमें रखी 20 हजार रुपए की नगदी, चांदी के दो सैट, चांदी के चार सिक्के, दो जोड़ी चांदी की पाजेब, चार चांदी की अंगूठियां, चार जोड़ी पैरों की चांदी की चुटकियां, 10 चांदी के छल्ले, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी कानों के सोने के टॉप्स गायब मिले। कमलेश के अनुसार चोरी की इस वारदात से लगभग 1 लाख 70 हजार रुपए का नुकसान हो गया।

### एक करोड़ रुपए की 2245 किलोग्राम डोडा चूरा पोस्त से भरा ट्रक बरामद, एक काबू

टीम एक्शन इंडिया

सिरसा: लोकसभा चुनाव के मध्य नजर पुलिस जिला सिरसा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डोडा चूरा पोस्त से भरे एक ट्रक को बरामद किया है। करीब 20 वर्ष के बाद जिला सिरसा पुलिस ने इतनी बड़ी खेप पकड़ी है। जिला के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान विकास कुमार पुत्र बीरबल राम निवासी जिला श्रीगंगानगर, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान डोडा पोस्त चूरा पोस्त तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल, सिरसा के प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिंग रोड क्षेत्र से डोडा चूरा पोस्त से भरे हुए उक्त ट्रक तथा आरोपी को काबू किया गया है।

# बुजुर्ग की घर में घुसकर चाकू गोदकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** कोतवाली थाने के अंतर्गत टाउन नंबर-2, डी ब्लाक में घर में घुसकर बुजुर्ग सतीश कुमार (60) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। रात को जब मृतक का बेटा आया तब वारदात का पता लगा। सूचना मिलने पर थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर आई और जांच शुरू की। अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में एक शख्स मकान के अंदर-बाहर आता-जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस व स्वजन को इसी पर शक है। पुलिस इस शख्स की तलाश कर रही है। यहां रहने वाले सतीश कुमार एनआइटी बस अड्डा के पास सोडा-पानी की रेहड़ी लगाते थे। इनके दो बेटे यतिन व सुमित हैं। यतिन दिल्ली ओखला स्थित एक कंपनी में जॉब करते हैं। छोटा सुमित दिव्यांग है। वह एक कपड़े के शोरूम पर जाता है। यतिन की शादी हो चुकी है। लेकिन फिलहाल इनकी पत्नी अपने मायके गई हुई थी।

**जांच जारी**

**8 कुमार एनआइटी बस अड्डा के पास सोडा-पानी की रेहड़ी लगाते थे। इनके दो बेटे यतिन व सुमित हैं**

# चुनाव से डरकर बैकफुट पर पहुंची कांग्रेसः सुभाष



**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हर वर्ग के लिए जो कार्य किए इन लोकसभा चुनावों में जनता उन कामों पर मोहर लगाते हुए प्रदेश की 10 की 10 सीटें भाजपा को जिताने का काम करेगी। चाहे वह युवा वर्ग हो, चाहे वह किसान वर्ग हो भाजपा ने सबके लिए बड़े काम किए हैं। देश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करते हुए और आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए आर्थिक शक्ति के रूप में 11वें स्थान से 5वें स्थान पर ले आए हैं। वे रविवार को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के कैथल में ढांड रोड पर नए कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उद्घाटन अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, कैथल विधायक लीला राम, नवीन जिंदल के भाई जगदीश जिंदल सहित अन्य जिला के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में बराला ने कहा कि कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक पर बैठक हो रही है, लेकिन हरियाणा में 9 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतार पा रही। इससे स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस डर चुकी है और बैकफुट पर जा चुकी है। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुशील गुप्ता को लेकर पूछे गए सवाल पर बराला ने कहा कि उन्हें अपनी हार दीवार पर लिखे गए शब्दों की तरह बार-बार दिखाई दे रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बारे में पूछे गए सवाल पर राज्यसभा सदस्य बराला ने कहा कि उनका समय अब समाप्त हो चुका है।

**दावा**

**8 आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए आर्थिक शक्ति के रूप में 11वें स्थान से 5वें स्थान पर ले आए है**

# युवक पर बलात्कार करने व अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिले के शहर रतिया में एक युवक द्वारा युवती से बलात्कार करने और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

पुलिस को दी शिकायत में रतिया निवासी पीड़िता ने कहा है कि वह 2020 में रतिया मे जेबीटी का कोर्स करती थी। वह कॉलेज जाने के लिए सुबह घर से निकली और संजय गांधी चौक पर खड़ी थी। इसी दौरान मनजीत सैनी, रतिया अपने दोस्त सूर्य निवासी टोहाना रोड, चुंगी रतिया के साथ कार लेकर आया। वह सूर्य को जानती थी। मनजीत ने उससे कहा कि वह उससे प्यार करता है और उसे कॉलेज छोड़ देगा। जब उसने मना किया तो मनजीत ने परेशान करने और जान से मारने की धमकी दी। डर के चलते वह कार में बैठ गई। इसके बाद दोनों उसे कालेज से आगे ले गए।

वहां मनजीत ने उसके साथ जबरदस्ती करते हुए अपने मोबाइल फोन से उसके फोटो ले लिए। इसके बाद दोनों से कॉलेज के नजदीक उतारकर चले गए। उसके बाद से वह डरी रही और बेइज्जती से डर से किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद वह टीचिंग प्रैक्टिस के लिए एक गांव के सरकारी स्कूल में लग गई।

**केस दर्ज**

**8 मनजीत ने उसके साथ जबरदस्ती करते हुए अपने मोबाइल फोन से उसके फोटो ले लिए**

## साइबर अपराध के सात मामलों में 20 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबादः एसीपी साइबर क्राइम अभिमन्यु गोयत के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए रविवार को तीनों जोन की साइबर थाना प्रभारियों की टीमों के द्वारा कार्रवाई करते हुए 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दिल्ली निवासी जतिन, नितिन, विनायक, विक्की, आकाश व रोहित, उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी आशीष, गाजियाबाद निवासी कुंदन, बरेली निवासी निसरत, लखनऊ निवासी सैयद मोहम्मद, जीशान, बीकानेर निवासी हरिकिशन व राम सिंह, झज्जर निवासी नवीन का नाम शामिल हैं।

# अनाज मंडी में गेहूं की खरीद रही बंद, केवल उठान पर जोर



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** गेहूं की कटाई अब जोर पकड़ चुकी है। मंडियों में बिक्री के लिए प्रतिदिन लाखों क्विंटल गेहूं पहुंच रहा है। सिरसा अनाजमंडी में भी ऐसा ही हो रहा है। यहां रोजाना लगभग 3 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं लेकर किसान पहुंच रहे हैं। खरीद एजेंसियां गेहूं की खरीद भी कर रही हैं, मगर उठान में दिक्कत आ रही है। खरीद के हिसाब से गेहूं का उठान न होने की वजह से सिरसा मंडी में गेहूं की बोरियों के ढेर लग गए हैं। गेहूं की नई ढेरी लगाने के लिए भी किसानों को जगह नहीं मिल रही है। ऐसे हालात न सिर्फ सिरसा मंडी के हैं,बल्कि प्रदेश की दूसरी मंडियों में भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है। इसे देखते हुए प्रदेश के मुख्यसचिव टीवीएसएन प्रसाद ने गत दिवस आदेश दिया था कि रविवार को सभी मंडियों में गेहूं की खरीद बंद रही। सिर्फ खरीदे गए गेहूं का उठान गेहूं की कटाई अब जोर पकड़ चुकी है। मंडियों में बिक्री के लिए प्रतिदिन लाखों क्विंटल गेहूं पहुंच रहा है। सिरसा अनाजमंडी में भी ऐसा ही हो रहा है। यहां रोजाना लगभग 3 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं लेकर किसान पहुंच रहे हैं।

खरीद एजेंसियां गेहूं की खरीद भी कर रही हैं, मगर उठान में दिक्कत आ रही है। खरीद के हिसाब से गेहूं का उठान न होने की वजह से सिरसा मंडी में गेहूं की बोरियों के ढेर लग गए हैं। गेहूं की नई ढेरी लगाने के लिए भी किसानों को जगह नहीं मिल रही है। ऐसे हालात न सिर्फ सिरसा मंडी के हैं,बल्कि प्रदेश की दूसरी मंडियों मे भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है।

**परेशानी**

**8 ऐसे हालात न सिर्फ सिरसा मंडी के हैं,बल्कि प्रदेश की दूसरी मंडियों में भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है**

# मंडियों में रविवार को खरीद छोड़ करवाया गया उठान



**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** रविवार को मंडियों व खरीद केंद्रों में खरीद कार्य की बजाए उठान कार्य हुआ। केवल और केवल उठान कार्य किया गया। वहीं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला की अनाज मंडियों से फसल के उठान कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए, अन्यथा इसके जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंडियों में लेबर और लिफ्टिंग के जो ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उनका काम रोककर नए ठेकेदारों को अवसर दिए जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जे फार्म कटने के बाद 72 घंटों में किसान की फसल का भुगतान होना चाहिए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने यह निर्देश स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला के प्रशासनिक अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने ठेकेदारों से सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि अनाज मंडियों में ट्रांसपोर्ट व लेबर की समस्या का तुरंत समाधान करें अन्यथा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि वे समय-समय पर मंडियों का दौरा करें और फसल खरीद कार्य की रिपोर्ट लेकर भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि मॉश्चर मीटर की व्यवस्था सही होनी चाहिए। यदि कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यदि मंडियों में बिजली की समस्या आ जाती है तो अतिरिक्त बैटरियों रखें ताकि बिजली की समस्या का निपटान किया जा सके और उठान के कार्य में और गति प्रदान की जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को कहा वे मंडियों में बारदाना, शौचालय, पीने का पानी, बिजली सहित अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें ताकि किसानों को मंडियों में कोई परेशानी न हो।

# उधार में शराब की बोतल नहीं देने पर ठेकेदार के साथ मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हांसी क्षेत्र के गांव पीरांवाली में स्थित शराब के ठेके पर उधार में शराब की बोतल न देने पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। शराब ठेकेदार ने आरोप लगाया कि हमलावर ठेकेदार की गाड़ी से तीन लाख 70 हजार रुपए व ठेके के गल्ले में करीब 20 हजार रुपए लूट कर ले गए। रविवार को पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया। सूचना मिलने पर हांसी सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण कर शराब ठेकेदार बड़सी निवासी सतपाल गुर्जर की शिकायत पर कमल यादव, सुमित यादव, गोल्डी, सुरेंद्र व 5-6 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ठेकेदार सतपाल गुर्जर ने रविवार को कहा कि वह शराब ठेकेदार है। ढाणी पीरांवाली मेन रोड पर उसका शराब का ठेका है और रात करीब 10:40 बजे वह अपने ठेके पर मौजूद था। उसी समय कमल यादव, गोल्डी व एक अन्य लड़का ठेके पर शराब लेने आए। और कमल ने एक शराब की बोतल उधार में मांगी लेकिन उसने उधार में शराब की बोतल देने से मना कर दिया। सतपाल ने बताया कि उधार में शराब की बोतल नहीं देने कमल, गोल्डी तथा उनके साथ आया लड़का मेरे व ठेके पर मौजूद सैल्स मैन कुलदीप व पार्टनर सुरेश के हाथापाई करने लगे। उनके द्वारा हाथापाई करने उनके सैल्स मैन कुलदीप ने डायल 112 पर फोन कर।

**एफआईआर**

**8 ठेके के गल्ले से 20 हजार व गाड़ी का शीशा तोड़ 3.70 लाख रुपए चुराकर ले गए हमलावर**

# सरदार पटेल पुस्तकालय में ज्ञान के स्त्रोतों से नई पीढ़ी हो रही है सशक्त

### पुस्तकालय में अत्याधुनिक फर्नीचर, डिजिटल प्लेटफार्म के लिए 18 कंप्यूटर, 6 किंडल और स्मार्ट बोर्ड के साथ साईबर युग में ई-बुक्स की उपलब्धता सुनिश्चित की गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** खेड़ी पुल पुलिस लाइन में चल रहे सरदार पटेल पुस्तकालय का शहर के छात्र छात्राएं लाभ उठा रहे हैं। पुस्तकालय में अत्याधुनिक फर्नीचर, डिजिटल प्लेटफार्म के लिए 18 कंप्यूटर, 6 किंडल और स्मार्ट बोर्ड के साथ साईबर युग में ई-बुक्स की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। स्पेनिश, फ्रेंच, जैपनिज एवं अंग्रेजी भाषा के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए लर्निंग केन्द्र में आनलाईन माध्यम से विशेष रूप से प्रशिक्षक उपलब्ध कराया गया है। भविष्य में इस पुस्तकालय को आधुनिक ज्ञान स्त्रोतों के रूप में एक बहुआयामी केन्द्र बनाने की योजना है। पुलिस लाइन खेड़ी पुल पुस्तकालय में एक समय में 35 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा है। रोजाना काफी छात्र-छात्राए रजिस्ट्रेशन करवा रहें है, ये सभी पुलिसकर्मियों के बच्चे हैं जो दसवीं कक्षा से आगे की पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस आयुक्त फरीदाबाद राकेश आर्य ने कहा कि पढ? की कोई उम्र नहीं होती। पुलिस लाईन परिसर में रहने वाले सभी आयु समूह के लोगों के लिए यह ज्ञान ग्रहण करने का सर्वोत्तम केन्द्र है।

उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में चल रही जिम एवं लाईब्रेरी की सुविधा से युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक है। नई पुलिस लाईन परिसर में पुलिस परिवार के कल्याण के लिए पुस्तकालय, क्रेच और जिम की भी व्यवस्था है। गौरतलब है कि पिछले दिनों पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने भी खेड़ी पुल पुस्तकालय का निरीक्षण किया था।

उन्होंने पुस्तकालय से मिलने वाले ज्ञान लाभ के बारे मे बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लाइब्रेरी में अंग्रेजी व हिंदी के अलावा विदेशी भाषाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध हैं इसलिए छात्र इन पुस्तकों का पूरा फायदा उठाएं। विदेशी भाषाओं का ज्ञान होने से उन्हें विदेश में भी नौकरियां मिल सकती हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अपनी पढ़ाई के साथ-साथ एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी पर भी ध्यान दें। इसके साथ ही उन्होंने सडक सुरक्षा व यातायात नियमों के बारे में कहा कि वाहन से यात्रा करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना चाहिए। साइबर अपराध के बारे में उन्होंने बताया कि आजकल साइबर ठगी की वारदातें बहुत अधिक हो रही है। इससे बचाव के लिए अपने बैंक अकाउंट से संबंधित जानकारी किसी के साथ साझा न करें और अपने साथियों को भी इसके बारे में जागरूक करें।

**शांति**

**8 पुलिस लाइन में चल रही जिम एवं लाईब्रेरी की सुविधा से युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक है**

## न्यूज फ्लैश

### कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने गांव नगला में वोट की अपील की



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहबाद हल्का के गांव नगला में वोट की अपील करते हुए । स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा से 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। स्वीटी रंगा ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाडू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है। इस अवसर पर सरदार सुच्चा सिंह, बलदेव सिंह, लखबीर सिंह अकबीर सिंह मौजूद रहे।

### छेड़खानी मामले का भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने छेड़खानी मामले में भगौडा आरोपी गिरफ्तार किया है। थान बाबैन की टीम ने अदालत से भगौडे नयामत पुत्र बुद्दी वासी शोलाका जिला पलवल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नयामत पुत्र बुद्दी वासी शोलाका जिला पलवल को वर्ष 2019 के छेड़खानी के मामले में नीलम कुमारी जेएमआईसी कुरुक्षेत्र की अदालत ने दिनांक 24 नवम्बर 2023 को भगौडा आरोपी घोषित किया था। थाना बाबैन के सहायक उप निरीक्षक रणबीर सिंह की टीम ने आरोपी नयामत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया ।

# भगवान महावीर की 2623वीं जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई

### सुबह पांच बजे सैक्टर 14 से शुरू हुई प्रभात फेरी का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने महावीर जयंती की बधाई दी

**पालकी यात्रा**

8 रथयात्रा के साथ-साथ सुबह-सुबह अलग-अलग स्थानों पर प्रभात फेरियों व पालकी यात्रा का आयोजन किया





**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** देश-दुनिया को अहिसां एवं मानवता का संदेश देने वाले भगवान महावीर की 2623वीं जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई। शहर में रथयात्रा के साथ-साथ सुबह-सुबह अलग-अलग स्थानों पर प्रभात फेरियों व पालकी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। सुबह पांच बजे सैक्टर 14 से शुरू हुई प्रभात फेरी का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने महावीर जयंती की बधाई देते हुए भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, क्षमा जैसे सिद्धांतों को आत्मसात करके जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर अहिंसा के सिद्धांत पर चलते हुए समाजवाद की स्थापना में अपना योगदान देना चाहिए, तभी हम देश व समाज को सशक्त बना सकेंगे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं दिव्यांक जैन द्वारा झंडी दिखाकर सैक्टर 15 मंदिर से भगवान महावीर पालकी रथ में सवार होकर धूमधाम से निकले तो श्रद्धालुओं ने जैन धर्म की जय-जयकार जियो और जीने दो को संदेश के नारे लगाए। इससे पूर्व दिगम्बर जैन मंदिर मंडी में तीन दिन से चल रहे उत्सव के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि भगवान महावीर के संदेश आज की प्रासंगिक है और भगवान महावीर के पदचिन्हों पर चलकर समाज से ईर्ष्या, द्वेष, धर्म के नाम पर कट्टरता समाप्त होकर एक समभाव समाज की स्थापना हो सकती है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत विज्ञान पर आधारित हैं जिन्हें जीवन में अपनाकर मानव स्वस्थ मन से स्वस्थ विचार अंकुरित करके तन को भी स्वस्थ रख सकता है। इस अवसर पर एडवोकेट एस0के0 जैन, राजेश जैन (बिट्टू), बंटी जैन, मनीष जैन, पीयूष जैन, अवनीश जैन, मनीष जैन, राजीव जैन, जगदीश जैन, जयकंवार जैन, सुरेश जैन, भूषण जैन, मुकेश जैन, टोनी जैन, नरेश जैन, शशि जैन, शुभम जैन, पारस जैन, अंकुर जैन, दिनेश जैन, अभिषेक जैन, सुशील जैन, मामन जैन, राकेश जैन, रमेश जैन, निशा जैन, सरोज जैन, अंजु जैन, शालिनी जैन, रितु जैन समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भगवान महावीर स्वामी जन्म जयंती पर प्रभात फेरी निकाली



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा** की एस एस जैन सभा की ओर से भगवान महावीर स्वामी जन्म जयंती के उपलक्ष में रविवार को सुबह परभात फेरी का निकाली गई। प्रभात फेरी जैन स्थानक से चलकर पुरानी गुडमंडी ,गुलाटी रोड, जैन गली, रेलवे रोड, मॉडल टाउन, चुलकाना रोड से होती हुई पुरानी जैन स्थानक पर संपन्न हुई। इस दौरान पर प्रभात फेरी में जैन समाज के लोगों, महिलाओं बच्चों ने भाग लेकर भगवान महावीर स्वामी का संदेश जियो और जीने दो के जयकारे लगा कर जय घोष किया।

एसएस जैन सभा के प्रधान वीर प्रकाश जैन ने बताया की यात्रा के समापन के बाद शहर की अनाज मंडी में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में काफी लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रसाद

**लाभार्थी**

8 वीर प्रकाश जैन ने समाज के लोगों से भगवान महावीर स्वामी के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया

ग्रहण किया ।

जैन सभा के प्रधान वीर प्रकाश जैन ने समाज के लोगों से भगवान महावीर स्वामी के पद चिन्हों पर चलने का आवाहन किया। शोभा यात्रा में श्यामलाल मित्तल , कवर भान गोयल ,तिलक राज गर्ग ,नीरज गोयल, राकेश जैन, संजय जैन, पवन जैन, जितेंद्र जैन अतुल जैन, कैलाश जैन, सोनू ,मोनू,वकील, ईश्वर, मोहित धर्मपाल,तुषार, कार्तिक ,प्राची जैन, सुमन जैन, मीनू जैन आदि ने मुख्य रूप से भाग लिया।

## रक्तदान करने से बड़ा कोई दान नहीं: रेनू



**टीम एक्शन इंडिया समालखा 21 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )**

समय समय पर जरुरतमंद लोगों के लिए रक्त दान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करने से बड़ा कोई दान नही आपकी एक यूनिट रक्त 3 लोगो की जिंदगी बचाने में मदद करता है। उपरोक्त बातें रेनू धीमान पार्षद वार्ड नंबर 4 ने अपने वक्तव्य में कहां। वुमन वेलफेयर के सौजन्य से आज गुरुद्वारा बस स्टैंड के पास रक्त दान शिवीर का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथी संगिता शर्मा क्लब की उर्वशी गोयल , व सगिता अरोड़ा और सभी बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एकदिवसीय रक्तदान शिवीर में रेड क्रॉस पानीपत की ओर से 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया सभी रक्तदाताओं को पर्यावरण के लिए प्रेरित किया गया और फूल एवम फल के पौधे देकर प्रेरित और सम्मानित किया गया

## 'स्वीप गतिविधियों से मतदाताओं को वोट डालने के प्रति किया जा रहा जागरूक'



**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में लगातार स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी एवं शिक्षक जागरूकता रैली, पेंटिंग, रगोली, वाद-विवाद प्रतियोगिता करवा कर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने के लिए प्रेरित व जागरूक कर रहे है।जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि सोशल साइट्स के माध्यम से भी मतदाताओं को वोट डालने के प्रति उत्साहित किया जा रहा है ताकि जिला में मतदान प्रतिशत में प्रभावी बढ़ोतरी हो। स्वीप गतिविधियों के लिए इसके लिए एक-एक मतदाता तक पहुंच कर उनके वोट की महता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि चुनाव पर्व देश का गर्व थीम को सही मायनों में चरितार्थ किया जा सके। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कुरुक्षेत्र के चारों उपमंडलों में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां प्रभावी रूप से जारी हैं। लोकसभा आम चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय और जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा मतदाताओं को

**प्रेरित**

8 प्रतियोगिता करवा कर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा

जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न विभागों की ओर से डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए, रोडवेज बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाकर, मुनादी करवाकर, मतदाता जागरूकता शपथ दिलाकर, व्याख्यान, हस्ताक्षर अभियान, मानव श्रृंखला, रंगोली के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

## विशेष अभियान के तहत अवैध हथियार सहित आरोपी सचिन गिरफ्तार



**टीम एक्श इंडिया**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में 19 अप्रैल 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व मे तुरन्त कार्यवाही करते हुए मुकदमा नम्बर 140 दिनांक 19 अप्रैल 2024 धारा 25 आर्म एक्ट थाना अम्बाला छावनी में आरोपी सचिन निवासी एच बी सी कालोनी अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

19 अप्रैल 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों को पकड़ने के लिए गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अवैध हथियार लेकर रोटरी अस्पताल नजदीक दशहरा ग्राउंड जल घर के पास खडा है। जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। जिसके खिलाफ पहले लडाई झगडे के कई मामले दर्ज है। सूचना उपरान्त सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र रोटरी अस्पताल नजदीक दशहरा ग्राउंड जल घर के पास मुखबर खास द्वारा बतलाए गये खडे लडके को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे अवैध देसी पिस्तोल वा 2 जिन्दा रौंद बरामद हुए।

**रिमांड पर**

8 अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन रिमांड प्राप्त किया गया

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मंत्रोच्चारण प्रतियोगिता का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (कुलदीप सिंह )**

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत में मंत्रोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तीसरी से पाँचवीं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता के दिशा-निर्देशन में इस गतिविधि को आयोजन किया । नन्हे-मुन्ने छात्रगण ने गीता, रामायण, माँ लक्ष्मी मंत्र व वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए; उसके महत्त्व व उनके अर्थ को विस्तार से बताकर सबको मन्त्रमुग्ध कर दिया। जिससे स्कूल का कक्षाकक्ष श्लोकों के मंत्रोच्चारण से गुंजायमान हो गया। बच्चों की विषय प्रस्तुति, उच्चारण, अभिव्यक्ति और भाषण मॉड्यूलेशन का न्यायाधीशों द्वारा व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया गया। डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता विद्यार्थियों के साथ ही प्रत्येक कक्षा (वर्ग) से छात्रों को सांत्वना प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

## मुख्यमंत्री की 23 अप्रैल को नारनौल रैली को लेकर भाजपा की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**संजय शर्मा: नारनौल।** आगामी 23 अप्रैल को नारनौल के नांगल चौधरी रोड पर स्थित नई अनाज मंडी परिसर में हरियाणा के मुख्यमंत्री की प्रस्तावित विजय संकल्प रैली को लेकर आज नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव के कार्यालय में भाजपा की एक बैठक हुई। भाजपा के जिला अध्यक्ष दयाराम यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव व नारनौल नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## अनुष्ठान में जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी हुए शामिल

**भजन-भक्ति**

8 महंत राजेंद्र पुरी ने कहा सनातन धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक है भजन और भक्ति



**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने सर्वकल्याण की भावना से आयोजित अनुष्ठान में शामिल होते हुए कहा कि सनातन की ताकत को पूरे विश्व ने माना है लेकिन सनातन को मजबूत बनाने के लिए संत समाज को आगे आना होगा। महंत राजेंद्र पुरी ने ब्रह्मलीन स्वामी रोशन पुरी की याद में च्यवन ऋषि की तपोस्थली पर पूजन भी किया। इस मौके पर उनके साथ राधे श्याम भगत, जयनाथ, लक्ष्मी पुरी, श्याम पुरी व नरेश पुरी सहित अनेक संत मौजूद रहे। भंडारे एवं पूजन में सुरेंद्र फौजी, रमेश, कुलबीर, मदन लाल, राजीव इत्यादि सहित दा ग्रेट सेवा समिति के सदस्यों ने सेवा दी। कार्यक्रम में विशेषकर महंत इंद्र पुरी, महंत रूद्र पुरी व महंत चेतन पुरी की विशेष उपस्थिति रही।

,महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि संतों का प्रमुख उद्देश्य सनातन धर्म से समरसता की ओर अपने कदम बढ़ाना है। परमात्मा की प्राप्ति के लिए अपने अंतःकरण को शुद्ध बनाना होगा। यदि आपके मन में सैकड़ों विकार हैं तो उसमें परमात्मा निवास नहीं कर सकता। सनातन धर्म सभी धर्मों में महान धर्म है। धर्म के रक्षा के लिए भक्तों को पूजा पाठ करने और प्रभु भक्ति कर अध्यात्म की ओर बढ़ना है। उन्होंने कहा कि अर्थ शक्ति मायने नहीं रखती है, मन की शक्ति हो तो आदमी बहुत कुछ कर सकता है।

## राव बहादुर सिंह हमेशा जनता के दुख-दर्द में बराबर के शरीक रहे हैं: सिंह

### जनसभाओं में ग्रामीणों द्वारा किए गए गर्मजोशी से स्वागत के लिए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की तरफ से उनका आभार प्रकट किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**संजय शर्मा**

**नारनौल:** जेजेपी प्रत्याशी राव बहादुर सिंह केवल नाम के ही बहादुर नहीं, ये काम के भी बहादुर हैं और हमेशा यहां की जनता के दुख-दर्द में हमेशा बराबर के शरीक रहे हैं। उक्त विचार जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विज सिंह चौटाला ने राव बहादुर सिंह के समर्थन में रिवासा, सिसोठ, भगडाना, पाली, धौली, झाखड़ी, जांट, भुरजट, आदलपुर, खरखड़ा, गढ़ी, बास, आकोदा की ढाणी, आकोदा, बसई, स्याणा, पोता, बाघोत, खेड़ी, तलवाना, बवाना, मालड़ा सराय, मालड़ा, बास, लावन, माजरा कलां व झूक में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने जनसभाओं में ग्रामीणों द्वारा किए गए गर्मजोशी से स्वागत के लिए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की तरफ से उनका आभार प्रकट किया और कहा कि आज वह राव बहादुर सिंह के लिए आप लोगों से वोट मांगने आए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के चुनाव में राव बहादुर ने भिवानी जिले से बड़ी लीड हासिल की थी, लेकिन यहां महेंद्रगढ़ जिले में पीछे रह गए थे। इसलिए अबकी बार पक्का मन बना लें कि महेंद्रगढ़ जिले से इनको भारी मतों से जीताकर भेजेंगे, भिवानी जिले से इनकी जीत की जिम्मेदारी वह लेते हैं। उन्होंने भाजपा के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह बुरी तरह से फेलियर रहे हैं। वह सांसद फंड का पूरा पैसा भी खर्च नहीं कर पाए। उनका 70 प्रतिशत से अधिक पैसा लैप्स हो गया है। दो साल पहले उन्होंने कहा था कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने खुद ही माना था कि वह आपके वोट के लायक भी नहीं हैं। उन्होंने कांग्रेस नेत्री श्रुति चौधरी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह यहां पर्यटक बनकर आती हैं और लोगों के दुख-दर्द से उनको कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि आपका और हमारा चार पीढ़ियों का नाता है। राव बहादुर सिंह ही ऐसे एकमात्र नेता हैं, जो आपके साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए राव बहादुर सिंह को यहां से जीताना बहुत जरूरी है। इसलिए मतदाता जेजेपी के उम्मीदवारों को जीताकर संसद में भेजे।

पार्टी प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने कहा कि आपने भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशियों को यहां से जीताकर देख लिया, वह कभी भी आपके सुख-दुख में हिस्सेदार नहीं बनते।

मैं आपके बीच का हूं और सदैव आपके साथ रहूंगा। यह चुनाव मेरा अंतिम चुनाव है और इसमें सभी लोग मेरा साथ देने काम करें।

## रक्तदान सबसे बड़ा दान: मोहनलाल बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: जींद** में भारत विकास परिषद वीर शाखा एवं जैन सभा द्वारा भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर में भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडोली ने पहुंचकर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्त दान सबसे बड़ा दान है। आयोजकों को यह पुण्य कार्य करने पर बधाई दी। इसके बाद सेक्टर 8 में डॉक्टर दिनेश धीमान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में चुनाव प्रचार करते हुए वोट मांगे।

गांव अशरफगढ़ (धोड़ी ) में पहुंचकर ग्रामीणों से अपील की कि तीसरी बार भी मोदी सरकार बनाएं। देश को विकास पथ पर आगे बढ़ाएं। इसके साथ ही बड़ौली जी ने होटल ब्लू स्टार में जनता को सम्बोदित करते हुए जनता का ध्यान प्रधान मंत्री द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए लाई गई योजनाओ की तरफ केंद्रित किया । उन्होंने बताया की प्रधान मंत्री मोदी के अनुसार देश के खजाने पर पहला हक गरीब का है चाहे वो किसी भी जाति, धर्म या सम्प्रदाय का हो` मोदी सरकार ने आर्थिक सर्वे की मदद से देश के 140 करोड़ लोगों में से 82 करोड़ गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा है।

## न्यूज फ्लैश

### दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए सक्षम एप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान दिव्यांगों की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से सक्षम एप शुरू किया गया है। आयोग द्वारा सभी वर्गों की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है ताकि दिव्यांगों के लिए मताधिकार के प्रयोग को सहज एवं सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में नाम जांचने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकेंगे। साथ ही वे नए मतदाता के रूप में पंजीकरण भी करवा सकते हैं। वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध भी कर सकते हैं। इसके अलावा इस एप से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

### युवती और विवाहिता लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मधुबन थाना क्षेत्र** के दो गांव से एक युवती और एक विवाहिता लापता हो गई। युवती घर से डेढ़ लाख की नकदी लेकर गई है, जबकि महिला 50 हजार की नकदी व लाखों के सोने चांदी के गहने लेकर गई है। दोनों ही मामलों में परिजनों ने तलाश की है, लेकिन किसी का कुछ भी सुराग नहीं लग पाया है। मामले की शिकायत पुलिस को की गई है। मधुबन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर ली है।पहला मामला युवती के लापता होने से जुड़ा हुआ है। शिकायतकर्ता पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी 19 वर्षीय बेटी 20 अप्रैल की सुबह 10 बजे घर से बिना बताए निकली थी। सोचा था वह जल्दी ही घर लौट आएगी, लेकिन जब दोपहर तक भी वह नहीं लौटी तो चिंता हुई। आसपास के इलाके में तलाश की गई तो कुछ भी पता नहीं चला। इन्क्वारी की गई तो पता पड़ोस के एक युवक का नाम सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक ही उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि जब घर की अलमारी की जांच की गई तो अलमारी के अंदर रखी डेढ़ लाख रुपए की नकदी गायब मिली। इसके अलावा बेटी के जरूरी कागजात और बैंक की पासबुक भी नहीं मिली। बैंक में भी 50 हजार रुपए है। पुलिस को शिकायत दी गई और पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। दूसरे मामले में एक विवाहिता लापता हुई है। पुलिस को दी शिकायत में विवाहिताए पति ने बताया है कि उसकी पत्नी 19 अप्रैल की सुबह करीब 8 बजे घर से लापता हुई। उसकी आसपास के एरिया में तलाश की गई, लेकिन कुछ भी सुराग नहीं लग पाया। घर के अलमारी व संदूक भी चेक किए गए तो उसमें से नकदी व गहने गायब मिले। आरोप है कि उसकी पत्नी घर से 50 हजार की नकदी, तीन सोने की अंगूठी, एक टीका, एक ओम, एक मंगलसूत्र लेकर गई है। तलाश की गई लेकिन सुराग नहीं लग पाया। बाद में शिकायत पुलिस को दी गई है। मधुबन थाना के प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मधुबन थाना एरिया के दो गांवों से एक युवती व एक महिला लापता हुई है। युवती के परिजनों ने एक युवक पर शक जताया है। युवती डेढ लाख रुपए की नकदी भी लेकर गई है। वहीं महिला भी 50 हजार की नकदी लेकर गई है और गहने भी ले गई है। दोनों ही मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। तलाश जारी है।

# पूरे देश में चल रही भाजपा की लहर: योगेंद्र राणा

## करनाल विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सैनी की होगी भारी मतों से जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज** भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने असंध मंडल के शक्ति केंद्र गांव गंगा टेढ़ी व अरडाना में बूथ के पन्ना प्रमुखों की बैठक में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वह घर-घर जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों से लोगों को अवगत कराकर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने लोगों की समस्याओं को हल करने का काम किया है। अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे, इस बात को सुनिश्चित किया है, यही कारण है कि आज पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे दल अपने परिवार को देखते हैं, जबकि भाजपा में राष्ट्रवाद के साथ-साथ कार्यकताओं को आगे बढ़ाने का काम किया जाता है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल ने भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में हर कदम उठाए। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी तैयार की गई। बिना खर्ची और बिना पर्ची के सरकारी नौकरी देने का काम हुआ। लोगों को घर बैठे न्याय मिल रहा है। यह काम केवल इसलिए हो पाया, क्योंकि मनोहर लाल की सोच प्रदेश से भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करने की रही है और इसका लाभ करनाल विधानसभा के उपचुनाव में भी मिलेगा और इस सीट पर मुख्यमंत्री नायब सैनी भारी मतों से विजयी होंगें। उन्होंने कोरोना संकट महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे निपटने के लिए केंद्र की मोदी सरकार के वैज्ञानिकों ने अपने देश में वैक्सीन तैयार की, जिसे देश के 140 करोड़ लोगों में फ्री में लगाने का काम किया। इसके अलावा कोरोना महामारी से निपटने के लिए देशभर में किए लॉकडाउन से उस समय पर कारोबार और उद्योग धंधे पूरी तरह से ठप हो गए थे। इसके कारण दिहाड़ी मजदूरों को दो वक्त की रोटी जुटा पाना भी मुश्किल हा रहा था। ऐसे समय पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिए मजदूरों और गरीब वर्ग के लोगों को मुफ्त राशन दिया गया। उन्होंने कार्यकताओं से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे देश में 102 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ है और जो वहां से मिली जानकारी अनुसार भाजपा भारी बढ़त बनाए हुए हैं।

### अपना आशियाना ने किया राधा नाम की फुलवारी कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। सेक्टर-13 स्थित हुड्डा मैदान में अपना आशियाना द्वारा राधा नाम की फुलवारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय ने भी भाग लिया और अपना सहयोग दिया। राधा नाम की फुलवारी कार्यक्रम में बाबा श्री चित्र विचित्र बिहारी दास जी ने भजन प्रस्तुत किए। भगवान कृष्ण और राधा को समर्पित भजनों ने समा बांधा। चित्र विचित्र के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धामार्लुओं ने भाग लिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में लोगों ने राधा नाम का आनंद उठाया। क्लब प्रधान सुषमा वर्मा ने बताया कि इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय की टीम धार्मिक और सामाजिक कार्यो में बढ़-चढकर भाग लेती है।



उन्होंने बताया कि इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तत्पर रहता है। क्लब द्वारा समय-समय पर पौधारोपण, स्कूली बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित करना आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर अनु मदान व हर्ष सेठी सहित आदि मौजूद रहे।

### करनाल से मनोहर लाल और सैनी की होगी ऐतिहासिक जीत: सुनील गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा जिला** महामंत्री सुनील गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। देश की जनता नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल की ऐतिहासिक जीत होगी। प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा।उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की दिन रात सेवा की है और 10 सालों में हरियाणा को विकास में सबसे आगे लाकर खड़ा कर दिया है। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में 400 पार के नारे को पूरा करने के लिए और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा देश उत्साहित है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम आज पूरे विश्व में गूंज रहा है।सुनील गोयल ने कहा कि सीएम नायब सैनी अब प्रदेश में विकास को गति देंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी भारी मतों से विजयी होंगे। करनाल की जनता ने मनोहर लाल को सांसद और नायब सैनी को अपना विधायक बनाने का मन बना लिया है।



### घर में घुस कर मारपीट, चार पर केस दर्ज

**गन्नौरः** खेड़ी तगा गांव में घर में घुस कर मारपीट के आरोप में पुलिस ने एक महिला समेत चार के विरूद्ध केस दर्ज किया है। बड़ी थाना में दी शिकायत में खेड़ी तगा गांव के अशोक ने बताया कि उसके चाचा जय भगवान व उनके घर आया था। आरोप है कि घर में आते ही उसके चाचा के लड़के विक्की ने उसे गाली दी और लोहे के कडे. से उसके सिर पर चोट मारी। विक्की के बड़े भाई जयबीर ने भी उसके साथ मारपीट की। शोर सुन कर जब उसकी भाभी कविता बीच बचाव में आई तो उसकी चाची सुदेश ने उसके साथ भी हाथापाई की। इसके बाद उनके पिता ने उन्हें छुड़ावाया। जिसके बाद आरोपित उसे जान से मारने की धमकी दे कर वहां से चले गए। पुलिस ने आशोक की शिकायत पर जयभगवान, जयबीर, विक्की व सुदेश के विरूद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## करनाल में 5 लाख 67 हजार 357 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उत्तम सिंह

### करनाल में 5 लाख 67 हजार 357 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 5 लाख 67 हजार 357 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 5 लाख 67 हजार 357 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 30 हजार 715 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2 लाख 90 हजार 967 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 45 हजार 675 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 4 हजार 897 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आए ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते हैं।



## 'ऐप पर मतदाता-उम्मीदवार घर बैठे पा सकते हैं चुनाव संबंधित जानकारियां'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते हैं तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 साल का कोई भी युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक ऐप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस ऐप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस ऐप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है।

**नवीनतम**

**8 भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक ऐप बनाया है**

**वोटर हेल्पलाइन ऐप से डाउनलोड करें मतदाता स्लिप**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोडकर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट ऐप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है।

**दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए बनाया पीडब्ल्यूडी ऐप**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी ऐप आरंभ किया है। इस ऐप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप और उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है।

### करनाल में जजपा को बड़ा झटका



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में जननायक जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान महासचिव सुरेन्द्र टाया गोहिदा ने पार्टी की सदस्यता और अपने दायित्वों से त्यागपत्र दे दिया है। जजपा में नेताओं द्वारा पार्टी छोडने. के सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने पार्टी में अनदेखी के चलते अपना इस्तीफा दिया है। इस्तीफा देने का मुख्य कारण डॉ. अजय सिंह चौटाला के अलावा कोई भी शीर्ष नेता अनुभवी व पुराने कार्यकताओं का मान सम्मान नहीं करना बताया जा रहा है। ऐसा पिछले काफी समय से हो रहा है, जिसका परिणाम है कि पार्टी के कई पुराने व अनुभवी कार्यकर्ता लगातार पार्टी को अलविदा कह रहे हैं। सुरेन्द्र टाया ने कहा कि जननायक जनता पार्टी में मेहनती कार्यकताओं का सम्मान नहीं हो रहा। इसलिए यह फैसला लिया गया है। आगे किस पार्टी में जाएंगे, ये अपने सम्मानित साथियों के साथ चर्चा करके ही फैसला लिया जाएगा।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर कृषि वैज्ञानिक डा. सिंह ने किसानों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : धरती की घटती** उर्वरता शक्ति चिंता का विषय है। पहले ही धरती में घटते जल स्तर ने कृषि की स्थिति को खराब किया है। कृषि महंगी दर महंगी होती जा रही है। ऐसे में किसानों को अपनी जिम्मेवारी को समझना होगा। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सी बी सिंह ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर किसानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसानों की अधिक से अधिक पैदावार लेने की होड़ ने धरती को निचोड़ कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें किसानों द्वारा अधिक कृषि रासायनों प्रयोग भी कारण है। उन्होंने कहा कि सबका विश्वास और उम्मीद कृषि पर ही है। भारत कृषि प्रधान देश है। भारत की कृषि ही देश को संभाल सकती है। डा. सिंह ने कहा कि कृषि का अर्थ ही पृथ्वी और मृदा है। जब तक भूमि सुरक्षित रहेगी, उपजाऊ रहेगी तभी कृषि टिकी रहेगी। किसानों ने आधुनिक तरीकों, अत्यधिक रसायनों, अधिकतम उपज लेने के लालच में भूमि को बिल्कुल निचोड़ लिया गया है।



## मोदी सरकार से पूरा देश और हर वर्ग सुखी : वाजिद अली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अल्पसंख्यक** मोर्चा के जिलाध्यक्ष वाजिद अली बलहेड़ा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। यह नारा मात्र नहीं है, बल्कि यह आधार है। मोदी सरकार की योजनाओं से आज पूरे देश में अल्पसंख्यक समुदाय लाभान्वित हुआ है। ऐसा नहीं है कि अल्पसंख्यकों को दरकिनार कर किसी समुदाय विशेष को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शासन में हर वर्ग सुखी है। कांग्रेस के शासन में देश व प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त थी। भाजपा ने भ्रष्टाचार का खात्मा किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की लोकसभा की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल को सांसद बनाने का जनता ने मन बना लिया है। वाजिद अली ने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश में जिस तरह विकास की गंगा बहाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि प्रदेश का विकास केवल भाजपा सरकार के नेतृत्व में ही संभव है। मुख्यमंत्री नायब सैनी भी प्रदेश की जनता के साथ खड़े हैं और कार्यो को आगे बढाएंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में नायब सैनी को करनाल की जनता अपना विधायक बनाएगी और मनोहर लाल करनाल लोकसभा से सांसद बनकर जनता की सेवा करेंगे।



## जन-जन का बस यही है नारा, रोग मुक्त हो जीवन हमारा: दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व आज का विशेष सत्र फव्वारा पार्क सैक्टर 12 से संचालित किया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम के साथ-साथ आसन सत्र का अभ्यास करवाया। रविवार का दिन सूर्य भगवान का दिन तो आज 51 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास शिक्षकों और साधकों ने करवाया। सूर्य नमस्कार का मतलब भगवान सूर्य को नमस्कार करना है। यह आपको एक साथ 12 योगासनों का फायदा देता है। इसलिए इसे सर्वश्रेष्ठ योगासन भी कहा जाता है। सूर्य नमस्कार के दौरान 12 बार भगवान सूर्य को 12 मुद्राओं में नमस्कार किया जाता है। सूर्य नमस्कार आपके दिन की शुरूआत करने का सही तरीका है, क्योंकि यह आपके शरीर, मन और आत्मा को भीतर की रोशनी के प्रति जागृत करता है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि प्रत्येक सूर्य नमस्कार के साथ भीतर की रोशनी का सम्मान करें। प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से शरीर में पानी की मात्रा संतुलित रहती है और अनावश्यक तत्व शरीर से बाहर निकल जाते हैं। प्रतिदिन सूर्य नमस्कार के अभ्यास से आपके शरीर का पोस्चर सही हो जाता है। सूर्य नमस्कार उच्च रक्तचाप वालों को, घुटने दर्द, गठिया दर्द वालों को नहीं करना चाहिए या फिर अत्यंत ही सावधानी के साथ योगगुरु के सान्निध्य में करना चाहिए। इस अवसर पर योग शिक्षक नीलम बटला, वीना धीर, एनफ चौधरी, बरखा जिंदल, नवीन जिंदल, मनोज कामरा, वीना सेठ, राजीव शर्मा, शिवानी कंबोज, राधिका भाटिया, ईशा धवन, नीरज गुप्ता, मंजू शर्मा, कोमल कंबोज, कुसुम राणा, पूनम खन्ना, नरेश चौधरी, एसपी शर्मा और अन्य कई साधक मौजूद रहे।



**योगाभ्यास**

**8 प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से शरीर में पानी की मात्रा संतुलित रहती है : दिनेश गुलाटी**

## सूखी नहर में मिला अज्ञात महिला का जला हुआ शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध-सफीदों रोड** स्थित सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस के नजदीक नहर में जला हुआ शव मिला है। शव महिला का बताया जा रहा है। इसका एक हाथ नहीं है और दूसरे हाथ पर एस लिखा हुआ है। जली हालत में शव मिलने से आसपास के एरिया में सनसनी फैल गई।घटना देर रात की बताई जा रही है। प्राथमिक जांच में महिला की हत्या कर उसके शव को जला कर खुर्द-बुर्द करने की कोशिश की गई। शव की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए असंध मॉच्युर्री हाउस में भेज दिया है। असंध में सफीदों रोड स्थित सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस के सामने नहर सूखी हुई है। यहां शव मिला है। हालात यह है कि शव का चेहरा पूरी तरह जला हुआ है और सिर के बाल भी मौके पर ही पड़े थे। आसपास के लोगों ने शव देखा तो सनसनी फैल गई और सूचना पुलिस को दी गई।



## संपादकीय

# पृथ्वी से ही जीवन है

**पृथ्वी**, धरती, वसुंधरा, भूमि आदि विभिन्न नामों से जाने जाने वाली सता को हजारों साल से माता कहा जाता रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में माताभूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः का उद्घोष मिलता है। माता के रूप में पृथ्वी जाने कब से मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि सभी जीवित प्राणियों यानी अपने आश्रितों का निर्व्याज भरण-पोषण करती आ रही है। माता का स्वभाव है कि वह स्वयं कष्ट सह कर भी अपना सारा प्रेम शिशुओं के ऊपर उड़ेलती रहती है क्योंकि वह अपनी संततियों को अपने अस्तित्व से अलग नहीं रखती। वे उसी के अभिन्न अवयव या अंश होते हैं । वैसे भी सारी दुनिया में जो कुछ भी स्थित है वह ईश्वर का आवास हैः ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत । इसलिए उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं बनता । तभी भारत के आदमी ने सोचा कि पृथ्वी पर जीवन सिर्फ़ बसता नहीं है । वह प्राण शक्ति है और वह उसी की बदौलत जीता है । हमारी भाषा, विचार और शरीर-रचना सब पर इस भूमि का अनिवार्य प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी प्राणियों के लिए आश्रय ही नहीं है वरन उसी से ही जीवन संभव हो पाता है। हम सब पृथ्वी के तत्वों से निर्मित होते हैं। मिट्टी की सबसे विलक्षण शक्ति उसकी उर्वरा क्षमता में निहित है। इस जीवनी शक्ति के चलते रूखे-सूखे बीज का रूपांतरण होता है, अंकुरित होकर वह बीज हरी-भरी घास, अन्न की लहलहाती फसल, नाना प्रकार के चित्ताकर्षक सुगंधित पुष्प, भाँति-भाँति के सुस्वादु रसीले फल वाले, औषधीय और अन्य कि स्म के वृक्ष-वनस्पतियाँ आदि जानें क्या-क्या बन जाता है।
धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ-कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्जा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें। बहुत से पदार्थ ऐसे भी हैं जो रत्नगर्भा पृथ्वी ने अपने भीतर छिपा रखे हैं और हमें उनका ज्ञान नहीं है। ऐसी पृथ्वी जड़ नहीं है और हमें अपने अस्तित्व को उसके हिस्से के रूप में देखना चाहिए। हमारा पृथ्वी से सम्बन्ध एक समग्र रचना या अंगी के अंग के रूप समझना चाहिए। पृथ्वी को देवता माना गया। पृथ्वी रक्षणीय और वंदनीय हो गयी। भूमि को माता का दर्जा मिला। परंतु आज की स्थिति भिन्न है। अब वैश्विक स्तर पर सभी देशों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों में जलवायु - परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन खतरे में पड़ रहा है । हम सब प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग देखने लगे हैं। प्रकृति का संसाधन वाला रूप बड़ा आकर्षक लगता है। विगत वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में बड़ी तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य अपने सीमित स्वार्थों के चलते बाज नहीं आता। उसे यह विस्मृत हो जाता है कि प्रकृति विकल्पहीन है।उसे खोने का खतरा हमें कहीं का न रखेगा। यूरोप और अमेरिका के विकसित देशों में बाढ़, लू, सूखा और तूफान जैसी चरम स्थितियों का कई कई बार सामना करना पड़ा है। भारत के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की विभीषिका का असर हुआ था। दुबई में हुई ताजा वर्षा और बाढ़ अभूतपूर्व है। विकास को लेकर चिंतन में ह्यटिकाऊ विकासह्ण के लक्ष्यों को पहचानना सराहनीय कदम था। पर उद्घोषणा को कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा आगे नहीं बढ़ पा रही है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश और जैव विविधता के ह्रास का खतरा बढ़ रहा है। सभी देश पर्यावरण की रक्षा के लिए जरूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को स्वीकार न करके छूट लेने की फि राक में हैं।

# झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ

@ राकेश अचल

"अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों के हलफनामों पर यकीन करें या न करे। उन्हें चुनौती दें या न दें ?देश में इस मामले में जो घल्लू-घारा दशकों से चल रहा है वो आगे भी चलेगा ,क्योंकि हमारी केंद्रीय वित मंत्री श्रीमती सीतारमण ने कह दिया है कि यदि मोदी जी तीसरी बार सत्ता में आये तो इलेक्टोरल बांड फिर से लाये जायेंगे। अबकी उन्हें संवैधानिक कपड़ा पहनाया जाएगा"

**भारत** के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं, इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक,चिकित्स्क या वैज्ञानिक नहीं कर सकता । भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। इन चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बाबद दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं।गृह मंत्री के पास 24,164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी।
कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना।शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे,अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज ] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीत। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते,जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए ,लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए।
अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ । अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का



चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है. इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं. इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है , जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है।
सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्यप्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है।विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1,24,85,475 रुपये की चल और 2,17,60,000 रुपये की अचल संपत्ति है.
शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है. अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं. शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है। मजे की बात ये की हमारे मामा के पास भी कोई कार नहीं है। मामा कार लेकर करते भी क्या।? उन्होंने तो पूरे १८ साल सरकारी हवाई जहाज और हैलीकाप्टर को स्कूटर की तरह जोता था।
हमारे देश में गरीबी अभिशाप और अमीरी वरदान है । लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के हलफनामे देखकर आप चौंक सकते है। लेकिन मै आपको अभी तक आये हलफनामों के आधार पर बता सकता हूँ कि सबसे अमीर और सबसे गरीब प्रत्याशी कौन रहा । केंचुआ के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अमीर उम्मीदवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता नकुल नाथ हैं। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे हैं और उनके पास 716 करोड़ रुपये की सम्पत्ति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ मध्य प्रदेश से जीतने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। दूसरी ओर, तमिलनाडु के थूथुकुडी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पोनराज के सबसे गरीब उम्मीदवार हैं, क्योंकि चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास सिर्फ 320 रुपये की संपत्ति है।
भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि यहां गरीब से गरीब और अमीर से अमीर व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। लोग बेकार ही चुनाव लड़ने के लिए इलेक्टोरल बांड के फेर में पड़ते हैं। हमारे शहर ग्वालियर से चाय बेचने वाले एक सज्जन सिर्फ इसलिए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं कि कहीं उन्हें भी मोदी जी की तरह कोई मौका मिल जाये। जाहिर है कि जितने भी प्रत्याशी हैं वे चुनाव आयोग की ही नहीं बल्कि देश की जनता की आँखों में धुल झौंकते हुए अपनी समपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इन हलफनामों की न किसी ने शिकायत की और न कभी किसी ईडी या किसी अदालत ने स्वयं संज्ञान लेकर इनकी जांच करने की जरूरत समझी। इस मामले में अज्ञानी रहने में ही समझदारी है।
हमारे यहां झूठी हलफ उठाने की पुरानी रिवायत है । लोग चुनाव लड़ते हैं तो संविधान की हलफ उठाते हैं और जब पंचायतों में जाते हैं तो गंगाजल को हाथ में लेकर हलफ उठाते हैं ,लेकिन सच कभी नहीं बोलते । नेताओं का सच तो लाइ डिटेक्टर मशीन भी नहीं उगलवा पाती । हलफनामें केवल देने के लिए होते हैं और गंगाजल हलफ उठाने के लिए। अदालतों में पवित्र गीता के नाम पर हलफ उठाई जाती है। इसके पीछे भी यदि सरकार खोज कराये तो पाएगी कि किसी सनातनी का दिमाग होगा ,अन्यथा अदालतों में हलफ उठाने के लिए गीता के साथ ही रामायण,कुरान ,बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब को भी सूची में शामिल न किया जाता। लेकिन कहते हैं न कसमें,वादे, प्यार ,वफा सब बातें हैं ,बातों का क्या ? सरकार खोज करके पहले ये बता ही चुकी है कि देश का संविधान बनाने में बाबा साहेब आम्बेडकर से ज्यादा सनातनियों का हाथ था।
बहरहाल मेरा सुझाव है कि केंचुआ को प्रत्याशियों के हलफनामे आँखें बंदकर स्वीकार नहीं कर लेना चाहिये । बाकायदा इनका सत्यापन होना चाहिए। जनता से इन पर आपत्तियां आमंत्रित की जाना चाहिए ,क्योंकि हमारे नेता जितने जमीन के ऊपर दिखाई देते हैं उससे कहीं ज्यादा वे जमीन के नीचे होते हैं। नेता किसी भी दल का हो उसके पास खाने और दिखने के दांतों का सेट अलग-अलग ही होता है।
अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों के हलफनामों पर यकीन करें या न करे। उन्हें चुनौती दें या न दें ?देश में इस मामले में जो घल्लू-घारा दशकों से चल रहा है वो आगे भी चलेगा ,क्योंकि हमारी केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने कह दिया है कि यदि मोदी जी तीसरी बार सत्ता में आये तो इलेक्टोरल बांड फिर से लाये जायेंगे। अबकी उन्हें संवैधानिक कपड़ा पहनाया जाएगा

## कविता

संजीव-नी।
प्रकृति, पर्यावरण और जल ।

प्रकृति की लीला कितनी न्यारी
हम सबको लगती कितनी प्यारी बहती नदिया
कितनी न्यारी
जल, नदिया और लताएं प्यारी
इन की रक्षा करना जिम्मेदारी हमारी'

भालू ,हिरण और बंदर कितने मासूम प्यारे.
हम सबके करीबी दोस्त सब ये न्यारे,
हम सब करेंगे जंगल की रक्षा
तब होगी इन सब की सुरक्षा'

दूध सी बहती नदिया की धार
पुकार रही है हमें बार-बार,
दूषित करके हे मानव
तुमने हमें किया कितना लाचार.
हमसे तुम करो प्यार दुलार,
तुम्हें देंगे शुद्ध जल का उपहार'

बारिश की बूंदे भी देखो
सबके मन को भाती है,
करती हरा भरा धरती को
हमें नवजीवन दे जाती हैं'

धरती हमसे करे पुकार,
मत करो प्रकृति पर अत्याचार,
मां हूं मैं तेरी कोई गैर नहीं

संजीव
---------

# दलबदलू: हमको उनसे वफा की है उम्मीद ?

तनवीर जाफरी

**वर्तमान** दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई 'हाँ' कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतयः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी,जातिवादी,क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की गरज से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी,स्वार्थी,चरित्रहीन, साम्प्रदायिक तावादी ,जातिवादी,मक्कार, झूठे, बेईमान,दलबदलू,अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही टछअ का फुल फार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे। जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मकसद ही धनार्जन,स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो जाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज कोई महत्व रखती। ऐसे जमीर फरोशों और मौका परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके 'वैचारिक धर्म परिवर्तन' या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाकिफ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की गरज से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर 'दलबदलू ' होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौकापरस्त नेता मिल जायेंगे।

## विचार

# करेंगे पृथ्वी की रक्षा तभी हमारी सुरक्षा

राजीव नन्दन मिश्र

**पृथ्वी** को हम सभी माँ कहकर पुकारते है। आज उसी माँ का दिवस है - "पृथ्वी दिवस"। समस्त मानव एवं जीव-जंतु जिसकी गोद में अपना संपूर्ण जीवन बिताते है और अंत में उसी में समाहित हो जाते है, उस पृथ्वी के प्रति अपने सच्चे कर्तव्य को निभाने हेतु संकल्प का दिवस हैं - "पृथ्वी दिवस"। यह प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। अनंत काल से हमारी पृथ्वी पुजीत रही है। माँ स्वरूप में पूजित पृथ्वी को हमसभी अपने पैर से स्पर्श करते है यह हमारी विवशता है।
इसलिए शास्त्रों में सुबह उठते ही देवी पृथ्वी पर पैर रखने से पहले ही उनसे क्षमा मांगने को बताया गया है -
समुद्र-वसने देवि, पर्वत-स्तन-मंडिते।
विष्णु-पत्नि नमस्तुभ्यं, पाद-स्पर्शं क्षमस्व मे॥
अर्थात समुद्र रुपी वस्त्र धारण करने वाली पर्वत रुपी स्तनों से मंडित भगवान विष्णु की पत्नी, हे माता पृथ्वी ! मुझे पाद (पैर) स्पर्श के लिए क्षमा करें।
बिना पैर रखे हमसब का कार्य असंभव है परंतु जो इस पृथ्वी पर पर्यावरण है उसको बचाना तो सम्भव है। पर्यावरण की रक्षा एवं सम्मान हमसभी का कर्तव्य रहा है जिसका पालन मानव वर्ग पूर्व से करता भी रहा है। हमारी सभ्यता केवल एक दिन की नहीं बल्कि प्रत्येक दिन इस धरा का पूजन व संरक्षण करने वाली रही है। परन्तु ऐसा क्या हुआ जिसके लिए पृथ्वी के लिए एक खास दिवस मनाने की जरूरत पड़ी, इसका इतिहास जानकर एवं वर्तमान देखकर दुःख होता है।
पृथ्वी व पर्यावरण के प्रति लोग अपने कर्त्तव्यों को दिनोंदिन भूलते गये। अमेरिकी पर्यावरण के चिंता किये बिना बड़े पैमाने पर ऑटोमोबाइल के माध्यम से उच्च मात्रा में सीसा गैस का उपभोग कर रहे थे। वे इस बात की जरा भी चिन्ता नहीं किये की इसका नुकसान प्राणी जगत को कितना भुगतना होगा। लोग जंगलो को अन्धाधुन्ध काटते गये। प्लास्टिक की उपयोगिता लोगों में बढ़ती गयी। इस प्रकार कई अन्य ऐसे कारण रहे जो पर्यावरण को क्षति ही पहुँचाने वाले थे।
1962 में राचेल कार्सन ने इसके विरुद्ध आवाज उठायी विस्कॉन्सिन सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन संयुक्त राज्य अमेरिका में बिगड़ते माहौल को लेकर चिंतित थे। जनवरी 1969 में, उन्होंने और कई अन्य लोगों ने सांता बारबरा, कैलिफोर्निया में बड़े पैमाने पर तेल रिसाव की तबाही भी देखी। पृथ्वी दिवस की स्थापना 1970 में सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने ही की थी, जो पृथ्वी पर प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में गहराई से चिंतित थे। परन्तु वे इस दिवस को आधिकारिक नाम नहीं दिए थे। नेल्सन ने इस दिवस की शुरूआत पर्यावरण के शिक्षा के रूप में की। वे पर्यावरण को लेकर लोगों में जागरूकता लाने का अथक प्रयास किए।
"पृथ्वी दिवस" या "अर्थ डे" शब्दों को लोगों के बीच सबसे पहले लाने वाले जूलियन कैनिंग थे। 22 अप्रैल जूलियन कैनिंग का जन्म दिवस था। कैनिंग ने अपने जन्मदिवस को "अर्थ डे" के साथ मनाने का फैसला किया। गेलार्ड के पूर्व के अनेक प्रयास व कैनिंग के जन्मदिन - पृथ्वी दिवस को पहली बार सन 1970 में मनाया गया था। आज विश्व के लगभग 193 से अधिक देशों में इस अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस को मनाया जाता है। इस दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम के रुप में मनाने की शुरूआत पर्यावरणीय सुरक्षा का बेहतर ध्यान देने के लिये, राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिये प्रारम्भ हुई। पर्यावरणीय मुद्दे के साथ ही युद्ध-विरोधी आंदोलन को नियंत्रित करना, दूसरे जीव-जन्तु के लिये लोगों की जागरुकता बढ़ाने के लिये पृथ्वी दिवस की स्थापना की गयी थी। आज पृथ्वी दिवस विश्व के एक अरब से ज्यादा लोगों द्वारा
एक साथ मनाया जाता है। रेडियोमेट्रिक डेटिंग की जानकारी के अनुसार हमारी पृथ्वी लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी है।
पृथ्वी दिवस को दुनिया में सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष उत्सव के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। जिसे हर साल मानव व्यवहार को बदलने और वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय नीति में बदलाव लाने के लिए कार्रवाई के दिन के रूप में मनाया जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पानी का संरक्षण, पृथ्वी में जीवन का संरक्षण

संजीव

**जल** की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के संरक्षण के सदृश्य है। जल की एक-एक गुण जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बबार्दी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है'पृथ्वी की सतह का लगभग 70% भाग जल से आच्छादित है'पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97% समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है 'अतः मात्र 3% जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं।
वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है।

# गुरु घंटाल और उनके चार कौए

डॉ. सुरेश कुमार

कौआ एकः कैसी रही मेरी रचना?
कौआ दोः वाह-वाह क्या लिखा है तुमनेङ्कगजब की भाषा। रचना में शीरी घोल दी है। ऐसा लगता है मानो कि पीड़ित खुद-ब-खुद हमारे सामने खड़ा होकर अपनी आपबीती बोल रहा हो।
कौआ तीनः तुम तोप हो, महातोप हो, तुम्हारी जय-जयकार हो।
कौआ चारः तुम जो लिख रहे हो वही नई भाषा है। गजब का भाषा प्रयोग है।
कौआ एकः फिर वह ऐसा क्यों कह रहा था कि मैंने भाषा में शब्दों का गलत प्रयोग किया है। कहता है मणिपुरी नेपाली नहीं बोलते। मणिपुरी शर, शब, नहीं सर, सब कहते हैं। उसे कौन बताए कि मेरा मणिपुरी कभी-कभी नेपाली का चोला उतारकर स्टेशन को स्टेशन ही बोलता है। वह तो बेवजह मुझसे जलता है।
कौआ दोः तुम चिंता मत करो। मैं हूँ न! मैं अभी ऐसी लाठी भांजता हूँ कि उसे उसकी नानी याद न दिलवा दी मेरा नाम भी कौआ दो नहीं।
कौआ एकः मैं तुम्हारा उपकार कैसे चुकाऊँगा! मैं हूँ ही नाकारा। रचना लिख देता हूँ लेकिन रचना का तर्कसंगत बचाव नहीं कर पाता। तुम अपनी बेतुकी बातों की लाठी न भांजते तो समूह में जिसे देखो उसे उछलने का मौका मिल जाता। वो तो सब तुम्हारी लठैतगिरी से चुपचाप बैठे हैं। लेकिन कुछ लोगों को संदेह होता है कि हमेशा तुम्ही क्यों मेरा बचाव करने आ जाते हो। कभी-कभी इनबॉक्स में मैसेज करने से कौआ तीन और चार भी आ जाते हैं।
कौआ दोः अरे यार! कमाल करते हो! हम कौए तुम्हारा बचाव नहीं करेंगे तो कौन करेगा? हमीं को तो गुरु घंटाल सम्मान मिला है। हम इस दिन काम न आयेंगे तो किस दिन काम आयेंगे। अक्ल वाले तर्क देते हैं, लठैत केवल लठ चलाते हैं। समझे! चिंता मत करो। गुरु घंटाल को फोन लगाओ और कहो कि उसके तर्कों पर आखिरी कील ठोकनी है। बड़ा कहता फिरता है कि हमें भाषा की बारीकी समझ नहीं आती। और कहता है किसी की भाषा का मजाक उड़ाना उनकी माँ की हत्या करने के समान है। आज उसका काम तमाम हो जाएगा। गुरु घंटाल की अपनी थोड़ी न कोई सोच है, वे तो सिर्फ हमारी हाँ में हाँ मिलाते हैं। अलबत्ता वे गाली-गलौज के चलते-फिरते एनसाक्लोपीडिया हैं। उनका कोई सानी नहीं है। वे इतने वो हैं कि यदि उनसे कह दिया जाए कि पूरे यूरोप में केवल अंग्रेजी बोली जाती है, तो वे वही बोल देंगे।

## न्यूज फ्लैश


### करनाल में दो जगह हुई लूटपाट की वारदात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निसिंग थाना के दो** गांवों में बाइक सवार युवकों ने चाकू की नोंक पर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है। पहली घटना निसिंग में बेकरी शॉप के कारिंदे के साथ हुई है, जबकि दूसरी घटना बांसा गांव के पास हुई है। बेकरी वाले लडके से मोबाइल फोन छीना गया है और जानलेवा हमला भी किया गया है। वहीं दूसरी घटना में बदमाशों ने 20 हजार की नकदी व सोने की चैन और मोबाइल फोन लूटा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाश एक ही हैं या अलग-अलग हैं। फिलहाल दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घरौंडा के गांव गुढा निवासी सुनील बीती देर रात को गांव बांसा में एक शादी समारोह अटैंड करने के बाद अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। उसके साथ उसके गांव का विनोद पुत्र धर्मसिंह भी था। गांव बांसा से निकलते ही दो बाइकों पर तीन अज्ञात युवक आए और उन्होंने बाइक को रोक लिया। बाइक रोकते ही मुझे व मेरे साथी को चाकू की नोंक पर ले लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए लूटपाट शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने बताया है कि मेरी जेब में 20 हजार रुपए की नकदी थी और मेरे गले में एक तोला सोने की चैन भी थी। बदमाशों ने नकदी, चेन और मोबाइल छीन लिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। निसिंग थाना में पहुंचकर सुनील ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। निसिंग की अग्रवाल बेकरी पर काम करने विजय कुमार कल रात करीब 10 बजे बेकरी से अपने कमरे पर जा रहा था। जब वह सडक पर पहुंचा तो पीछे दो युवकों ने उससे मोबाइल फोन मांगा, लेकिन विजय ने फोन देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी युवकों ने चाकू से विजय पर हमला बोल दिया, जिससे उसके हाथ और गर्दन पर चाकू लगे हैं। विजय ने बताया है कि उसने मौके से भागकर अपनी जान बचाई और शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसका उपचार किया। मेडिकल करवाने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है। निसिंग थाना के प्रभारी जंगशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों ही मामलों में पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। दावा किया कि आरोपियों को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

### सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा ने 1000 सर्जरियों की उपलब्धि हासिल की

**चंडीगढ़: भारत के** पहले सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निमार्ता एसएस इनोवेशन्स दुनिया भर के मरीजों के लिए रोबोटिक सर्जरी को किफायती एवं सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत हैं। कंपनी ने आज बताया कि एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद



से 1000 रोबोटिक सर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा चुका है जो एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है।पहले एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम को जुलाई 2022 में नई दिल्ली के रोहिणी स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट में इंस्टॉल किया गया था। 2 सालों की छोटी सी अवधि में एसएसआई मंत्रा को देश भर भर में और दुबई में 30 से अधिक अस्पतालों में इंस्टॉल किया जा चुका है।इसे विश्वविख्यात जॉन्स हॉपकिन्स युनिवर्सिटी,बाल्टीमोर,यूएसए में भी अध्यापन और प्रशिक्षण के लिए इंस्टॉल किया गया है।

एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक एवं चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव, जिन्हें रोबो डॉक्टर भी कहा जाता है के अनुसार यह देखकर अच्छा लगा है कि मामूली सी शुरूआत के बाद हमारी टीम के समर्पण और प्रयासों तथा देश एवं दुनिया भर के सर्जनों के सहयोग से हमारे आधुनिक एसएसआई मंत्रा सिस्टम ने 1000 सफल सर्जरियों की उपलब्धि हासिल कर ली है। मैं सभी के प्रति आभारी हूं जिन्होंने सभी के लिए गोल्ड स्टैण्डर्ड की किफायती स्वास्थ्य सुविधाओं को देश भर के मरीजों के लिए सुलभ एवं किफायती बनाने के हमारे दृष्टिकोण में योगदान दिया है।ये सुविधाएं आज उन लोगों के लिए सुलभ हो रही हैं जो आधुनिक देखभाल से वंचित थे।30 से अधिक इंस्टॉलेशन्स और 1000 सफल सर्जरियों के साथ हमने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली है।

# महापुरुष त्याग-तपस्या, संयम तथा दमन के अनुपम उदाहरण होते हैं: महासाध्वी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महापुरुष सूर्य** तथा चंद्रमा से भी बढकर तेजस्वी तथा सौम्य होते हैं। सूर्य दिनभर चमक बिखेरने के बाद शाम को अस्ताचल को चला जाता है तो अपनी सारी रोशनी समेटकर घुप्प अंधेरा पीछे छोड़ जाता है, परंतु महापुरुष अपने जीवन काल में अपने करिश्माई कर्तृत्व तथा प्रभावी व्यक्तित्व से मार्गदर्शन देने के उपरांत देहत्याग के पश्चात भी अपने दिव्य संदेशों तथा कालजयी शिक्षाओं की प्रभावी विरासत अपने स्थायी अवदान के रूप में समाज को देकर जाता है। भगवान महावीर महापुरुषों की मणिमाला के एक ऐसे सुमेरु थे, जिन्होंने कष्टों तथा तकलीफों की अग्नि में तपाकर अपने जीवन को कुंदन बनाया। वात्सल्यमूर्ति माता



महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने 2623वें महावीर जन्म कल्याणक पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में कहा कि महापुरुष सुदीर्घ कालखंड की तपस्या, साधना तथा संयम के पश्चात ही बनना संभव है, क्योंकि कर्मों के लेपों को खोले बिना कर्मरहित अवस्था तक पहुंचा नहीं जा सकता। महापुरुष त्याग, तपस्या, आत्म संयम, इंद्रिय दमन का बेमिसाल उदाहरण समाज के सम्मुख प्रस्तुत करते हैं। सुख-सुविधाओं, विलासिता को छोडकर स्वेच्छा से सादा जीवन गुजारने में ही उनकी महानता छिपी रहती है। महासाध्वी जी ने कहा कि भगवान महावीर क्रांत समाजसुधारक थे। उन्होंने जाति-पाति की क्षुद्र विचारधारा तथा नारी शोषण के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाकर गुणों के आधार पर सम्मान देने के साथ नारी सशक्तिकरण की आवाज पहली बार उठाई। धर्म के नाम पर फैले अंधविश्वास का पदार्फाश कर सच्चाई का दिग्दर्शन कराते हुए उन्होंने हिंसा, कर्मकांड के चक्रव्यूह में न उलझने की सबल प्रेरणा दी। महासाध्वी जी ने कहा कि अहिंसावाद, आत्मवाद, अनेकांतवाद, कर्मवाद, अपरिग्रहवाद के सिद्धांत संसार के कल्याण की कुंजी हैं, जिन्हें अपनाकर शांति, खुशहाली, समृद्धि को सुनिश्चित किया जा सकता है। सभी में अपने सामान आत्मा का अनुभव करने वाला किसी को तकलीफ देने की सोच नहीं रख सकता। अहिंसा से ही सबका अस्तित्व सुरक्षित रहता है।

## आयोजित रक्तदान शिविर में मेयर निखिल मदान ने किया रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : रविवार को** जन सेवा जागृति मंच प्रांगण सेक्टर 15 में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मेयर निखिल मदान ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लेकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया और रक्तदाताओं को रक्तदान के प्रमाण पत्र वितरित किए । इस मौके पर मेयर निखिल मदान ने खुद भी रक्तदान किया ।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि रक्तदान महादान है और लोगों की जिंदगी बचाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।एक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित तौर पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि युवा लोगों को विशेषकर रक्तदान में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर सभी आयोजकों का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया। आयोजकों द्वारा मेयर निखिल मदान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान कार्यकारिणी प्रधान मोहन सिंह मनोचा,महासचिव मनोहर लाल मेहता,कोषाध्यक्ष प्रभु दयाल,नरेंद्र भूटानी,रवि ग्रोवर,राजन खुराना ,सुरेश बत्रा,सुभाष मदान, महेंद्र पाल, संजय आहूजा, रविंद्र सरोहा, कुलदीप वत्स, शुभम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी आज करनाल में

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री एवं करनाल** विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी 22 अप्रैल को करनाल पहुंचेंगी और विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। इस दौरान सुमन सैनी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाएंगी और करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा प्रत्याशी नायब सैनी के लिए वोट की अपील करेंगी। सुमन सैनी सोमवार को नरसी विलेज में महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष रमा चौधरी, वार्ड-5 संतूर सिटी में श्वेता मेहता, अंसल टाउन में दीपक बरेजा, सेक्टर-4 में अमित जैन, सेक्टर-6 में रंजू के निवास स्थान पर शिरकत करेंगी।

## 'रक्तदान जीवन बचाने में अदा करता है अहम भमिका'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः विधायक सुरेंद्र** पंवार ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान से नुकसान नहीं बल्कि जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने में रक्तदाता अहम भूमिका अदा करता है। रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। विधायक सुरेंद्र पंवार जन सेवा जागृति मंच के तत्वावधान में जन सेवा जागृति धाम सेक्टर-15 में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक सुरेंद्र पंवार ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि कुछ लोगों में इस बात का काफी भ्रम है कि रक्तदान करने से उनके शरीर में कमजोरी आ जाएगी और स्वास्थ्य पर काफी खराब असर पड़ेगा, ऐसा कुछ



नहीं है। जो रक्तदान हम दान करते है वह दोबारा से हमारे शरीर में बन जाता है, इसीलिए अधिक से अधिक रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपना रक्त अपनी इच्छा से दान करता है। पहले रक्त ना मिल पाने के कारण लोगों की मौत हो जाती थी, लेकिन अब रक्तदान शिविर लोगों का जीवन बचाने में अहम भूमिका अदा कर रहे है। रक्तदान सबसे बड़ा दान माना जाता है, क्योंकि इससे आप किसी दूसरे व्यक्ति की जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदाताओं को स्वयं पर गर्व होना चाहिए कि उनका खून किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में काम आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन में रक्तदान अवश्य करें। बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनको इलाज के लिए रक्त की जरूरत होती है। यदि मरीज को समय पर रक्त मिल जाए तो उनको सही ढंग से इलाज हो जाता है और उनका जीवन बच जाता है। कई बार तो वह रक्तदान आपके किसी अपने के भी काम आ जाता है।

उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों को रक्तदान शिविर लगाने के लिए बधाई दी व रक्तदान एकत्रित करने आई टीम का भी धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इसी तरह पुण्य कमाने का आग्रह किया। इस दौरार सरदार मोहन सिंह मनोचा, सुरेंद्र छिक्कारा, संजय वधावन, कमल हसीजा, राजेश मिड्डा, राजन खुराना, रविंद्र सरोहा, मास्टर दिलबाग, जयवीर गहलावत, हवा सिंह पहलवान, आनंद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दो मोटरसाइकिलों की भिडंत में युवक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** कैरवाली में बाइक की टक्कर लगने से दूसरे बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक कालरम गांव में रीपर मशीन का पता करने के लिए गया हुआ था और घर लौट रहा था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान प्रदीप के रूप में हुई है, जो प्राइवेट स्कूल में ड्राइवर की नौकरी करता था।

पुलिस ने रात को ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आज कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कैरवाली निवासी 20 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र पूर्ण चंद बीती रात करीब 10 बजे रीपर का पता करने के लिए कालरम के लिए निकला था। रीपर का पता करने के बाद वह घर लौट रहा था। वह धीरे धीरे अपनी बाइक चला रहा था।

## राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन ने शिव कॉलोनी से निकाली प्रभात फेरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**संजय शमाः नारनौल। राधा कृष्ण** प्रभात फेरी संगठन नारनौल द्वारा रविवार को 66वी प्रभात फेरी का आयोजन प्रातः 6:00 बजे शिव कॉलोनी महेंद्रगढ़ रोड से बड़ी धूमधाम से किया गया । प्रभात फेरी के यजमान वरिष्ठ अधिवक्ता अग्रवाल सभा के प्रधान श्री प्रेमचंद गुप्ता जी ने परिवार सहित ठाकुर जी की आरती करके सभी को चंदन और तिलक लगाया। सुबह का आगाज भक्ति में वातावरण के साथ सैकड़ो की संख्या में पहुंचे बच्चे, बूढ़े,



नौजवान धर्म प्रेमी लोगों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते बजाते राधे नाम का जाप किया। निवास स्थान से प्रारंभ होकर प्रभात फेरी हुड्डा सेक्टर, शिव कॉलोनी में परिक्रमा करके यजमान के निवास स्थान पर समाप्त हुई। परिक्रमा मार्ग में धरती के प्रत्येक जीव जंतु ने एक भाव से प्रातः काल की बेला में ढोल नगाड़ों की थाप पर राधे नाम का गुंजन किया तथा साथ ही बड़े आनंद की अनुभूति करवाते हुए पूरा वातावरण गूंजायमान हो रहा था। वृंदावन, मथुरा, गोवर्धन, बरसाना की कुंज गलियों की तरह नारनौल की गलियां ऐसे लग रही थी जैसे हम किसी अलग दुनिया में आ गए हो, जहां पर शुद्ध मन के साथ प्रकृति के हर जीव जंतु को भगवान का स्मरण करने में एक नई ऊर्जा प्राप्त हो रही थी। प्रभात कृष्ण प्रभात फेरी संगठन की इस फेरी में लोगों ने ढोल-मंजीरे बजाते हुए राधे-राधे के नारो के साथ ऐसा माहौल बना दिया जैसे श्री भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में लोग झूम-झूम कर नाच-गाकर राधे-राधे को रिझा रहे हो, नारो से सराबोर हो समस्त वातावरण को ऐसा बना दिया जिससे गली-गली में ऐसा लग रहा था जैसे भक्ति रंग में रंगे राधा नाम प्रेम है, शांति है,समर्पण है,आनंद है। रविवार की प्रातः की पावन बेला पर परिक्रमा मार्ग में लोगों प्रभात फेरी का स्वागत किया,छतों पर चढ़कर गुलाब के फूलों की वर्षा कर की। घरों से बाहर निकाल कर लोगों ने ठाकुर जी के दर्शन किए,आरती की तथा प्रसाद वितरित किया।

## डीआईटीएम इंजीनियरिंग में कैरियर काउंसलिंग में छात्रों का किया मार्गदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः**

**डीआईटीएम इंजीनियरिंग** कॉलेज में एस आरके स्किल सेंटर व सोनीपत एजुकेशन हब द्वारा कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें 208 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एक्सपर्ट मोहित बंसल ने बताया कि 10वीं और 12वीं के बाद बच्चे कैसे अपने विषय चुन सकते हैं और कैसे अपना भविष्य बना सकते हैं। कार्यक्रम में यूपीएसई में 752 वां रैंक हासिल करने वाली निशु त्यागी,डीआईटीएम कॉलेज के डायरेक्टर डॉ नीरज शर्मा




,एसआरके स्किल सेंटर के डायरेक्टर स्वाति व जोगिंद्र ने शिरकत कर छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर राजेश देवेंद्र साक्षी व प्रियंका मौजूद रहे। सेंटर के डायरेक्टर जोगिंदर राजपूत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आज के प्रोग्राम का हमारा मुख्य उद्देश्य आपके लक्ष्य चुनने में मदद करना था।

## मोदी की गारंटी पर देश में अटूट विश्वासः गजेंद्र

**पानीपतः** पूरे देश का मोदी की गारंटी पर अटूट विश्वास रखता है। मोदी ने धारा 370 हटा कर , मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिला तथा राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराकर अपने विश्वास को पुख्ता किया है ये शब्द भाजपा करनाल लोक सभा के सह संयोजक गजेंद्र सलूजा ने कृष्ण पुरा मंडल में स्थित परशुराम धर्मशाला के अंदर बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर कहे उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर वोट मांगने के दिशा निर्देश दिए ।गजेंद्र सलूजा ने कहा कि मोदी के 400 पार के लक्ष्य में बूथ कार्य करता असली योद्धा है वही मतदाता को मतदान केंद्र तक लेकर आते है।

## सचिन तथा अनिल के बीच बराबरी पर छूटा मुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया**

**संजय शर्माः नारनौल। गांव छापड़ा सलीमपुर** में बाबा रूपादास जी महाराज के मेले में अनेक खेल प्रतियोगिता हुई। मेले में बाबा का भंडारा , जागरण व खेल प्रतियोगिताएं हुई। मेला कमेटी प्रधान रामसिंह ने बताया कि मेले में कबड्डी में प्रथम आने वाली टीम आदमपुर डाडी को 31 हजार व द्वितीय अर्जुन स्टेडियम जींद 21 हजार, क्रिकेट में प्रथम सिहार को 7100 व द्वितीय छापड़ा सलीमपुर को 5100 रुपए का पुरस्कार दिया गया।मेले में रैफरी के रुप में कोच मुकेश घाटासेर, विनय गणियार, मनोज मोहनपुर, शुभजोन सिंह ने अविस्मरणीय निर्णय दिये। मेले में 11 हजार रुपए की कुश्ती मोनू



खतरीपुर ने धर्मवीर को हरा कर जीती। 21 हजार रुपए से सचिन छारा तथा अनिल बघोत की कुश्ती बराबरी पर छूट्टी। रात्रि को सरधाना एंड पार्टी द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया गया ।इसके अलावा पूजा शर्मा, कशिश चौधरी अपनी प्रस्तुति देकर ऐसा समा बांध कि झूमने पर मजबूर कर दिया । मेला कमेटी के सदस्य प्रधान रामसिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह,पूर्व सरपंच दलीप सिंह, ओमप्रकाश खनगवाल, सरपंच प्रतिनिधि सिंहराज, नित्यानंद, रामचंद्र, उदयभान, मुख्यतार सिंह, जगबीर, मैनपाल, प्रवीण सिरोहीवाल, कृष्ण फौजी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संगठन ने महावीर जयंती के उपलक्ष पर दिव्यांगों को वितरण की

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः समाज सेवा** संगठन की ओर से आज 21 अप्रैल रविवार महावीर जयंती के उपलक्ष पर 2 दिव्यांग जनों को व्हील चेयर वितरण की समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया 3 दिन पहले ही जरूरत मंद दिव्यांग बच्चो की व्हील चेयर की डिमांड आई थी वहा पर जाकर देखा एक बच्ची 11 साल की है जो न सुन सकती हैं न बोल सकती है इस गुड़िया को बुलाकर अग्रवाल मंडी कार्यालय पर व्हील चेयर भेट की दूसरी ओर 2 बच्चे जो 19 साल व 23 साल के है जो न चल फिर सकते हैं न बोल सकते हैं उनके पिता ने कहा मेने कई बार सरकारी हॉस्पिटल व रेडक्रॉस में लिखकर दिया लेकिन आज तक व्हील चेयर नही दी हमे



सिर्फ 1 व्हील चेयर चाहिए उनकी जरूरत को देखते हुए आज उनके घर पर ही व्हील चेयर भेट की जिससे वो बच्चो को गली घूमा फिरा सके क्योंकि बच्चो को बार उठाना बहुत मुस्किल होता है व्हील चेयर से इन बच्चो को कुछ राहत मिल पाएगी जरूरत तो हम किसी की पूरा नहीं कर सकते इतनी कोशिश रहती है सभी के सहयोग से हम जरूरत मंद का सहयोग कर सके जैन ने कहा बहुत ही भाग्य शाली है हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है। जरूरत मंद दिव्यांगो की सेवा भगवान की सेवा के बराबर होता है देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभिमान की राह पर चल रहा है संगठन जिस किसी साथी के नॉलेज में कोई जरूरत मंद दिव्यांग है जिसके पास हाथ रिक्शा नही है 9812863034 पर संपर्क कर मुफ्त हाथ रिक्शा बुकिंग करवा सकते है समाज सेवा संगठन जरूरत मंद बेटियो की शादी करवाना गर्म कपड़े वितरण करना जरूरतमंद का इलाज करवाना,जगह जगह वाटर लगाना निशुल्क यात्रा करवाना आदि धार्मिक व सामाजिक कार्य करता रहता है मौके पर प्रवीन जैन प्रमोद जैन नीरज जैन अंकित माटा शिवम विकास जैन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जीएनआईएचई में बीसीए तृतीय वर्ष की कीर्ति को मिस फेयरवेल का खिताब

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः गुरु नानक इंस्टीट्यूट** ऑफ हायर एजुकेशन में निवर्तमान बैच का विदाई समारोह किया गया। छात्रों ने पुरानी यादों और हंसी से भरे कार्यक्रम में विभिन्न छात्रों को उपाधियों से सम्मानित किया गया। बीसीए तृतीय वर्ष के किशोर को मिस्टर फेयरवेल का ताज पहनाया गया, बीसीए तृतीय वर्ष की कीर्ति को मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। बीसीए तृतीय वर्ष के सागर दुग्गल ने मिस्टर टैलेंटेड और बी.ए. की मंजू ने मिस टैलेंटेड का खिताब जीता। विशाल बी.एस.सी. से. तृतीय वर्ष को मिस्टर पर्सनैलिटी



एवं आरती को बी.ए. से मिस पर्सनैलिटी का खिताब दिया गया। जीएनआईएचई के चेयरमैन ने सभी छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने चुने हुए रास्ते पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल डॉ. अर्चना आर्य ने भी छात्रों को उनके भविष्य के सभी प्रयासों में सफलता की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अरविंद, ज्योति, रेनू और मीनू सहित बड़ी संख्या में छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

# सीएम केजरीवाल की 'सेहत पर सियासत'

## 'न सीएम केजरीवाल ने मांगी इंसुलिन, न डॉक्टर ने दी सलाह': तिहाड़, सुनीता बोलीं- 12 साल से ले रहे टीका

**परामर्श**

**8 40 मिनट की विस्तृत परामर्श के बाद केजरीवाल को आश्वस्त किया गया कि उन्हें कोई गंभीर समस्या नहीं है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: एम्स** के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जेल में अरविंद केजरीवाल को परामर्श दिया। जेल सूत्रों के मुताबिक 40 मिनट की विस्तृत परामर्श के बाद केजरीवाल को आश्वस्त किया गया कि उन्हें कोई गंभीर समस्या नहीं है। उन्हें निर्धारित दवाएं जारी रखने की सलाह दी गई। जिनका नियमित आधार पर मूल्यांकन और समीक्षा की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि अरविंद केजरीवाल की पत्नी के अनुरोध पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया था। एम्स के वरिष्ठ विशेषज्ञ के अलावा आरएमओ तिहाड़ और एमओ तिहाड़ मौजूद थे।

एम्स के वरिष्ठ विशेषज्ञ ने सीजीएम (ग्लूकोज मॉनिटरिंग सेंसर) का पूरा रिकॉर्ड और केजरीवाल की डाइट और दवाओं का विवरण मांगा और उन्हें उपलब्ध कराया गया। जेल सूत्रों ने बताया कि इस दौरान न तो केजरीवाल ने इंसुलिन का मुद्दा उठाया और न ही डॉक्टरों ने इंसुलिन का सुझाव दिया।

**'केजरीवाल को जनसेवा की मिल रही सजा':** सुनीता ने आगे कहा कि अरविंद को आज जनसेवा करने की सजा दी रही है। उनके खिलाफ अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है।

## तिहाड़ के बाहर आप नेताओं का प्रदर्शन

**विरोध**

**8 इस विरोध प्रदर्शन में दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी भी शामिल हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पिछले 20 दिनों से तिहाड़ जेल नंबर दो में बंद हैं। इन दिनों उनका शुगर लेवल बढ़ने की खबरें सुर्खियों में हैं। इसे लेकर आप नेताओं ने रविवार को तिहाड़ जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी भी शामिल हुईं। जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की और अरविंद केजरीवाल को जल्द से जल्द इंसुलिन देने की मांग की। आतिशी ने कहा कि उन्हें 30 साल से डायबिटीज की बीमारी है और कुछ दिनों से उनका शुगर लेवल 300 के पार पहुंच गया है। अगर आप दुनिया के किसी भी डॉक्टर से पूछेंगे तो वह यही कहेंगे कि 300 से ऊपर शुगर लेवल को इंसुलिन के बिना नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद उन्हें जेल में इंसुलिन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उनका कहना है कि भाजपा के इशारे पर तिहाड़ प्रशासन ने इंसुलिन देने से इनकार कर दिया है, ऐसी क्रूरता तो अंग्रेजों के समय भी नहीं हुई। हालांकि प्रदर्शन के कुछ देर बाद पुलिस ने सभी को वहां से हटा दिया। दरअसल, अरविंद केजरीवाल के शुगर लेवल को लेकर आम आदमी पार्टी के मंत्री विधायक से लेकर हर एक नेता जेल में उनके स्वास्थ्य को लेकर न सिर्फ चिंता जता रहे, बल्कि भाजपा पर अरविंद केजरीवाल के जान से खेलने का भी आरोप लगा रहे हैं। वहीं, भाजपा का कहना है कि वह जेल में जानबूझकर मीठी चीज खाते हैं। वह जानबूझकर शुगर लेवल बढ़ा रहे हैं, ताकि उसके आधार पर उन्हें बेल मिल जाए।

**'12 साल से ले रहे इंसुलिन':** वहीं अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रांची में हुए इंडिया गठबंधन की रैली में कहा कि अरविंद बीते 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं।

## तिहाड़ प्रशासन ने एलजी को सौंपी सीएम की डाइट संबंधी रिपोर्ट

**सौंपा**

**8 दो दिन पहले ही एलजी ने डीजी से 24 घंटे के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिपोर्ट मांगी थी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: तिहाड़** जेल प्रशासन ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की डाइट से संबंधित रिपोर्ट सौंप दी है। दो दिन पहले ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने डीजी से 24 घंटे के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तेलंगाना के निजी क्लीनिक से अपना इलाज करवा रहे थे। मांगने पर उन्होंने अपनी मेडिकल रिपोर्ट नहीं दिखाई। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एग्जाम के दौरान लोक दवा खाने की सलाह दी गई थी। इसमें इंसुलिन की कोई बात ही नहीं कही गई। ऐसे में इंसुलिन न देने की बात ही नहीं आती। उपराज्यपाल ने रिपोर्ट की मांग करते हुए दिल्ली के मंत्रियों और आप नेताओं के बयानों पर आधारित रिपोर्टों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। रिपोर्ट में कहा था कि जेल में केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। इस आरोप के बाद उपराज्यपाल ने जेल के डीजी से तथ्यात्मक और व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। साथ ही, उन्होंने कहा है था कि जेल एक हस्तांतरित विषय के रूप में सीधे और पूरी तरह से दिल्ली सरकार के अधीन आता है। उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया था कि सीएम के स्वास्थ्य के संबंध में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एलजी को दी गई तिहाड़ की रिपोर्ट पर कहा है कि इस रिपोर्ट से भाजपा की साजिश दिख गई है। कोई भी डॉक्टर बता देगा 300 शुगर लेवल खतरनाक होता है।

# दो बच्चों की हत्या और आरोपित का शव रेलवे ट्रैक से बरामद



**आशंका**

**8 बच्चों पर हमला और पत्नी को घायल करने के बाद आरोपित ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर थाना क्षेत्र के शशि गार्डन में दो बच्चों की हत्या और पत्नी की हत्या का कोशिश कर फरार पति का शव आनंद विहार इलाके के रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है। आशंका है कि बच्चों पर हमला और पत्नी को घायल करने के बाद आरोपित ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान 42 साल के श्यामजी के तौर पर हुई है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शनिवार दोपहर के वक्त एक शख्स ने कॉल कर सूचना दी थी कि उसका भाई शुक्रवार शाम से लापता है। सूचना मिलते ही पांडव नगर थाना पुलिस की टीम शशि गार्डन स्थित उसके घर पर पहुंची, जहां बाहर से ताला लगा हुआ था। पुलिस ने दरवाजा खोलकर अंदर चेक किया तो मकान में एक महिला गंभीर हालत में पड़ी थी। 8 साल की लड़की और 16 साल के लड़के का शव पड़ा था। डीसीपी ने यह भी बताया कि घायल महिला को अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। हत्या और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस बीच फरार पति का शव रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है। डीसीपी ने आशंका जताई है कि श्यामजी ने ही बच्चों और पत्नी पर हमला किया। तीनों को मरा समझकर खुद भी अपनी जान दे दी। उसने ऐसा क्यों किया, इसका पता लगाया जा रहा है। महिला के होश में आने के बाद पूरी बात पता चल पाएगी।

## कोर्ट ने किरायेदार को फ्लैट खाली करने का दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने किरायेदार को वसंत कुंज स्थित एक संपत्ति खाली करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मकान मालिक द्वारा दायर मुकदमे की सुनवाई की दूसरी तारीख पर बकाया किराया का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। मकान मालिक 84 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक हैं। उन्होंने हाल ही में वसंत कुंज क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा किए गए एक फ्लैट के किरायेदार के खिलाफ बेदखली, कब्जा और बकाया किराए की वसूली के लिए दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में मुकदमा दायर किया था।

# केजरीवाल की हत्या की साजिश, जेल में नहीं है डायबिटीज एक्सपर्ट: आप

**शांति**

**8 डीजी ने एम्स को पत्र लिखकर कहा है कि हमें एक एक शुगर विशेषज्ञ की जरूरत है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश रची जा रही है। कहा कि तिहाड़ जेल के डीजी ने एम्स को पत्र लिखकर कहा है कि हमें एक एक शुगर विशेषज्ञ की जरूरत है। वही, आप कार्यकर्ताओं ने तिहाड़ जेल के बाहर प्रदर्शन किया।

आप कार्यकर्ताओं ने हाथों में 'केजरीवाल को इंसुलिन दो' की तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि न केवल भारत में बल्कि कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया देख रहे हैं कि किस तरीके से एक चुने हुए मुख्यमंत्री की हत्या की साजिश केंद्र सरकार कर सकती है। तिहाड़ जेल के डीजी ने कल अक्क्टर को लिखा कि हमें एक शुगर विशेषज्ञ की जरूरत है, आज भाजपा की केंद्र सरकार सबके सामने बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि कल तक ये लोग कह रहे थे कि उनके पास सभी विशेषज्ञ हैं। जेल में सब कुछ मौजूद है, अस्पताल है, बेड है, इंसुलिन है, सब कुछ है और अरविंद केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं।

एक सामान्य डॉक्टर, मुझे नहीं मालूम वो कौन है। उसके कहने पर सारा हेरफेर किया जा रहा है और एक चुने हुए मुख्यमंत्री को दवा नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की शुगर लगातार बढ़ रही है। उन्हें इंसुलिन की सख्त जरूरत है। वह जेल प्रशासन से इंसुलिन देने और अपने डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करने के लिए कह रहे हैं।

लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार, जेल प्रशासन और ईडी ना ही इंसुलिन दे रहे हैं और ना ही डॉक्टर से बात करने दे रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार सीएम अरविंद केजरीवाल की हत्या करने की साजिश रच रही है। नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार चाहती है कि मुख्यमंत्री की शुगर बढ़ी रहे। उन्हें इंसुलिन ना दी जाए। भाजपा की केंद्र सरकार चाहती है कि शुगर बढ़ने से उनकी किडनी, लीवर, हार्ट और आंखें खराब हो जाएं और उनकी मौत हो जाए।

**तिहाड़ जेल के बाहर 'आप' का प्रदर्शन**

**दिल्ली** सरकार में मंत्री और आप नेता आतिशी तिहाड़ जेल के बाहर इंसुलिन लेकर पहुंचीं। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। आतिशी ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल पिछले 20 दिनों से जेल में हैं। वह 30 साल से मधुमेह के मरीज हैं और उनका शुगर लेवल 300 के पार पहुंच गया है। अगर आप दुनिया के किसी भी डॉक्टर से पूछेंगे तो वह यही कहेंगे कि 300 से ऊपर शुगर लेवल को इंसुलिन के बिना नियंत्रित नहीं किया जा सकता, लेकिन भाजपा के इशारे पर तिहाड़ प्रशासन ने इंसुलिन देने से इनकार कर दिया है, ऐसी क्रूरता तो अंग्रेजों के समय भी नहीं हुई। ये कैसी क्रूरता है भाजपा की वे 300 से ऊपर शुगर लेवल वाले मधुमेह रोगी को इंसुलिन देने से इनकार कर रहे हैं।'

# तिहाड़ को मिलेगा नया महानिदेशक, प्रक्रिया शुरू



**मिलेगी जिम्मेवारी**

**8 दिल्ली पुलिस में तैनात यूटी काडर के वरिष्ठ आइपीएस को ही तिहाड़ का महानिदेशक बनाया जाता रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी तिहाड़ जेल के नए महानिदेशक के लिए गृह मंत्रालय व एलजी वीके सक्सेना ने चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 30 अप्रैल को वर्तमान महानिदेशक संजय बेनीवाल सेवानिवृत्त हो जाएंगे। अब तक यह देखा गया कि दिल्ली पुलिस में तैनात यूटी काडर के वरिष्ठ आइपीएस को ही तिहाड़ जेल का महानिदेशक बनाया जाता रहा है। इस वर्ष के अंत तक 1988, 1989 व 1990 बैच के छह वरिष्ठ आइपीएस सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसलिए इन तीनों बैच के आइपीएस को महानिदेशक बनाए जाने की संभावना कम है। 1991 बैच के दो आइपीएस की सेवानिवृत्ति में एक साल से अधिक का समय है। ऐसे में इनमें ही एक को नया महानिदेशक बनाए जाने की चर्चा है। तिहाड़ जेल के इतिहास को देखें तो किरण बेदी व विमला मेहरा के कार्यकाल को छोड़कर अन्य किसी के कार्यकाल में जेल में सुधार देखने को नहीं मिला। पिछले एक दशक से जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर जेल से ही मोबाइल के जरिये रंगदारी रैकेट व सुपारी किलिंग आदि संगीन आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

**सुकेश को दी जाने वाली सुविधाओं से छवि हुई खराब:** गैंगवार में जेल के अंदर हत्या भी होने लगी हैं।

कैदियों के पास आसानी से नशे का सामान, चाकू, ब्लेड व मोबाइल पहुंच जाता है।

# नाबालिग ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अवसाद**

**8 विमला ने अपनी पोती को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो आसपास के लोगों को शोर मचा कर बुलाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: एक लड़की** ने माता-पिता के बीच चल रहे विवाद और तलाक की नौबत आ जाने के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सबसे पहले दादी ने अपनी पोती को फांसी के फंदे से लटके हुए देखा। घर के लोग फौरन लड़की को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना बवाना थाना इलाके की है। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक, 15 साल पहले नरेंद्र और पूनम की शादी हुई थी। शादी के कुछ समय तक तो सब कुछ सही चला लेकिन बाद में पत्नी से उसका झगड़ा होने लगा। इससे पत्नी अलग रहने लगी। 12 साल की बेटी अंजलि और 10 साल बेटा नरेंद्र के साथ ही रहते थे। दोनों के बीच तलाक का केस भी चल रहा है। शनिवार सुबह अंजलि हर रोज की तरह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन स्कूल बंद होने की वजह से वह वापस आ गई और अपने कमरे में चुपचाप चली गई। अंजलि गुमसुम थी लेकिन घर में मौजूद लोगों ने ध्यान नहीं दिया। कमरे में अंजलि अकेले थी उसने खुदकुशी कर ली। नरेंद्र की मां विमला ने अपनी पोती को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो आसपास के लोगों को शोर मचा कर बुलाया। बवाना थाना पुलिस को भी जानकारी मिली।

# आप नेताओं से होती थी बात, बनूंगा सरकारी गवाह: सुकेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सैकड़ों करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली आबकारी घोटाले की जांच में शामिल होने की इच्छा जताई है। इस सिलसिले में उसने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने इसी मामले में गिरफ्तार किया है।

**सुकेश ने वाट्सएप चैट सबूत के रूप में गृह मंत्रालय को भेजा:** गृह मंत्री को लिखे पत्र में सुकेश ने वाट्सएप पर होने वाले संवाद का स्क्रीनशॉट शामिल किया है। जिन लोगों के साथ उसकी बातचीत होती थी, उनमें भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी के कविता, दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शामिल हैं। केजरीवाल जी आपके झूठ और ड्रामा का क्लाईमेक्स है ये... तिहाड़ क्लब में स्वागत है कविता बहना; ठग सुकेश की सामने आई नई चिट्ठी सुकेश के अनुसार, चैट में कथित तौर पर नकद लेनदेन का विवरण दिया गया है। इसमें पैसे के लिए घी टिन का कोड वर्ड इस्तेमाल किया गया है। एक करोड़ रुपये के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता था।

# दो वर्कशाप में बनाए जाते थे कारों के नकली एयरबैग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मध्य जिला के स्पेशल स्टाफ ने शीर्ष कार निमार्ता कंपनियों के नकली एयरबैग बनाने वाले दो वर्कशाप पर छापा मार नकली एयरबैग के उत्पादन में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। माता सुंदरी रोड, गुरुद्वारा के पास स्थित दो वर्कशाप में सन 2019 से नकली एयरबैग बनाए जाते थे, लेकिन मध्य जिला पुलिस को पहली बार मानव जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले इस मामले की जानकारी मिली। नकली एयरबैग का उत्पादन कर ये लोग उन्हें करोलबाग व कश्मीरी गेट के मोटर मार्केट समेत दिल्ली-एनसीआर व पड़ोसी राज्यों में मोटर पार्ट्स विक्रेताओं को बेच देते थे। एयरबैग दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में लगाए जाते हैं। नकली एयरबैग की गुणवत्ता अच्छी नहीं होती है।

**कारों के 921 नकली एयरबैग जब्त:** डीसीपी मध्य जिला एम. हर्ष वर्धन के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपितों के नाम फैजान (शंकर गली, तुर्कमान गेट), मोहम्मद फराज (माता सुंदरी रोड) व फुरकान (मोहल्ला कब्रिस्तान, तुर्कमान गेट) है। इनके वर्कशाप से करीब 1.85 करोड़ रुपये मूल्य के 18 अलग-अलग कारों के 921 नकली एयरबैग व कच्चे माल जब्त किए गए हैं। 16 अप्रैल को स्पेशल स्टाफ को टी-हट्स नंबर 24 और टी-हट्स नंबर 248, माता सुंदरी रोड, गुरुद्वारा के पास, सार्वजनिक सुरक्षा मानकों के लिए खतरा पैदा करने वाले नकली एयरबैग के निर्माण के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर एडिशनल डीसीपी हुक्मा राम, एसीपी सुरेश खुंगा व इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में एसआइ बलजीत, एएसआइ संजीव कुमार, सैयद नजीर, हवलदार मुनेश शर्मा, रोहिताश, प्रवीण व सिपाही लोकेंद्र की टीम ने दोनों वर्कशाप पर छापा मार वहां से तीनों आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान दोनों वर्कशाप में नकली एयरबैग बनाए जा रहे थे।

# चांदनी चौक लोकसभा सीट: जेपी लगाएंगे चौका या पीके को मिलेगा मौका

**जमीनी हालात**

**8 धक्का-मुक्की करते हुए आगे बढ़ना पड़ता है। कई बार इसमें कहासुनी भी हो जाती है**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चांदनी चौक की गलियों में सियासी चर्चा भी नए बनाम पुराने की आम है। चुनाव की बात आते ही निखिल रस्तोगी कहते हैं कि दोनों उम्मीदवार चांदनी चौक की गलियों से बखूबी वाकिफ हैं, जो भी चांदनी चौक को जानते हैं कि उन्हें पता है कि यहां के ट्रैफिक से निकल पाना बड़ी चुनौती है। दुकान से दो किमी दूर गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है। भीड़ भरी गलियों से निकलना मुश्किल है। धक्का-मुक्की करते हुए आगे बढ़ना पड़ता है। कई बार इसमें कहासुनी भी हो जाती है, चूंकि दोनों उम्मीदवार चांदनी चौक से हैं, तो उन्हें यह सब पता है। जिसके पास भी इसका माकूल समाधान होगा, उसका पलड़ा भारी होगा। दूसरी तरफ चांदनी चौक की कटरा अशर्फी कमेटी के महामंत्री अभिषेक गनेड़ीवाला बताते हैं कि दोनों उम्मीदवार व्यापारिक जगत से आते हैं। जेपी ने तीन बार चांदनी चौक का प्रतिनिधित्व किया है। वहीं, खंडेलवाल ने पहली बार चुनावी सियासत में कदम रखा है। पार्टियां बेशक अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों को चांदनी चौक और यहां के व्यापारियों की एक-एक चीज पता है। ऐसे में इस बार जीते कोई भी, हम व्यापारियों को उम्मीद है कि यह हमारी चिंता करेंगे और समस्या का माकूल हल भी निकलेगा।

**चांदनी चौक का मुद्दा:** इस सीट में सबसे अहम मुद्दा पार्किंग व जाम है। जाम की वजह से यहां रहने वाले बच्चों को स्कूल जाने के लिए लंबा रास्ता पैदल चलकर तय करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि चांदनी चौक में उनके के लिए अधिक परेशानी तब होती है, जब यहां सामान की लोडिंग व अनलोडिंग होती है। इससे मिनटों का रास्ता घंटों में तब्दील हो जाता है। उधर, चांदनी चौक की मुख्य सड़क के पुर्ननिर्माण के बाद भी यहां की स्थिति में अधिक बदलाव नहीं है। यहां बेघरों का पुनर्वास और रेहड़ी-पटरी वालों से मुक्ति व वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं हो पाई है। उधर, चांदनी चौक, सदर बाजार, मटिया महल जैसे मुख्य बाजार भी हैं, जो व्यापारी वर्ग को अधिक प्रभावित करते हैं। इन बाजारों में काम करने आने वाले कर्मचारियों के लिए जाम और पार्किंग की समस्या अहम है।

**गंगा-जमुनी संस्कृति को समेटे है चांदनी चौक:** ऐतिहासिक मुगलकालीन चांदनी चौक के लोग गंगा-जमुनी तहजीब को सींचते हैं। यहां हिंदी व उर्दू की सुगंध महसूस की जा सकती है। यहां हर धर्म के लोग मिलकर रहते हैं। चांदनी चौक के 1.3 किमी सड़क मार्ग पर सभी धर्मों के धार्मिक स्थल हैं। इनमें लाल जैन मंदिर, गौरी शंकर मंदिर, गुरुद्वारा शीशगंज, सेंट्रल बैपटिस्ट चर्च और फतेहपुरी मस्जिद शामिल हैं। यहां पुरानी दिल्ली का सबसे व्यस्त बाजार है तो लालकिला भी है। शाहजहां ने अपनी नई राजधानी के पास यमुना के तट पर लालकिला बनवाया था। यह क्षेत्र पुरानी दिल्ली के मध्य में लालकिले के लाहौरी गेट से शुरू होकर फतेहपुरी मस्जिद तक फैला है। सबसे बड़ी जामा मस्जिद इसी क्षेत्र में स्थित है। मुस्लिमों के लिए आस्था का यह प्रमुख केंद्र है।

**सीट का सियासी इतिहास, सात बार यहां के सांसद बने मंत्री :**1957 के आम चुनाव में अस्तित्व में आई चांदनी चौक सीट पर अब तक हुए 16 चुनावों में कांग्रेस और भाजपा के बीच का मुकाबला कांटे का रहा है। भाजपा और उससे पहले जनसंघ व लोकदल ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

# 12 साल की बच्ची ने फंदा लगाकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बवाना के पूठ खुर्द इलाके में 12 साल की बच्ची ने फंदा लगाकर जान दे दी। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरूआती जांच में पता चला कि उसके माता-पिता के बीच तीन साल से विवाद चल रहा है और मां ने अदालत में तलाक की अर्जी दाखिल कर रखी है। पारिवारिक विवाद के कारण बच्ची अवसाद में थी। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों से पूछताछ कर रही है। मृत बच्ची की पहचान अंजलि उर्फ सोना के रूप में हुई है। वह बवाना के राज वाटिका स्थित छोटी पूठ इलाके में रहती थी। बवाना पुलिस को शनिवार सुबह अंजलि के फंदा लगाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कमरे के बिस्तर पर पड़ा देखा। फंदा लगाने में इस्तेमाल चुन्नी भी बिस्तर पर रखी थी। क्राइम और फोरेंसिक टीम ने मौके की जांच पड़ताल कर साक्ष्य हासिल किए।

परिजनों से पूछताछ में पता चला कि बच्ची पिता, भाई और दादी के साथ रहती थी, जबकि मां पूनम तीन साल से अपने मायके शाहबाद डेयरी इलाके में रह रही है। उसने पति के खिलाफ अदालत में तलाक की अर्जी दे रखी है। परिवार वालों ने बताया कि सुबह सवा सात बजे अंजलि स्कूल गई थी।

# बाबा साहेब के संविधान की बदौलत ही सर्व समाज है सुरक्षितः बिरदी चन्द गोठवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्माः नारनौलः भारत रत्न** और सर्व समाज के मसीहा डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती गांव बास किरारोद उमराबाद में युवा वर्ग द्वारा धूमधाम से मनाई गई। युवा वर्ग की डॉ भीमराव अम्बेडकर युवा समिति के जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल, अध्यक्षता सरपंच सुनिल सैनी और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी एवं चेयरमैन



सुरेश जांगड़ा बौद्ध, पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष एवं वाल्मीकि सभा के राजेश चांवरिया, कोली समाज के प्रधान तोताराम व वाल्मीकि समाज के प्रधान करतार सिंह जैदिया व पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक जयपाल सिंह रहे। मंच का सफल संचालन करते हुए युवाओं के मार्गदर्शक व प्रमुख समाजसेवी भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व मैनेजर फूल सिंह महायच द्वारा शिक्षा पर विशेष बल देते हुए बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला । तत्पश्चात मुख्य अतिथि बिरदी चंद गोठवाल ने दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब को पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया और रिबन व केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, पूर्व चीफ मैनेजर मदनलाल डाडैया, राजरत्न बौद्ध, राम सिंह और सुरेन्द्र अंबेडकर आदि द्वारा बाबा साहेब की विकट परिस्थितियों से ग्रस्त जीवनी से विस्तारपूर्वक अवगत कराया । हवा सिंह बौद्ध व बच्चों द्वारा बाबा साहेब पर रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। गोठवाल ने बताया कि बाबा साहेब के संविधान की बदौलत ही हम सभी सुरक्षित हैं । रुढ़िवादी रिवाजों व व्यवस्थाओं की वजह से वंचित समाज हमेशा शोषण का शिकार रहा है और बाबा साहेब के साथ साथ बहुजन समाज के महापुरुषों ने शोषण, जातिगत भेदभाव, छुआछूत, अंधविश्वास जैसी कुरुतियों व अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़कर, सुख सुविधाएं त्याग कर और कुर्बानियां देकर अहम भूमिका निभाई है तथा संविधान के रूप में शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, समानता आदि का अधिकार दिलाया। इस अवसर पर जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

# प्रत्याशी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट की भी देनी होगी जानकारीः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौलः भिवानी महेंद्रगढ़ संसदीय** क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए कुछ संहिता जारी की हैं। सभी राजनीतिक दल इनकी अनुपालना करें। उन्होंने बताया कि यदि कोई राजनीतिक दल स्टार प्रचारक को चुनावी मैदान में प्रचार के लिए उतारती है तो उसका सारा खर्चा प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ा जाएगा। यदि चुनाव प्रत्याशी स्टार प्रचारक के साथ मंच साझा करता है या प्रत्याशी का नाम या फोटो लगाता है तो रैली का सारा खर्चा प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ा जाएगा।



भिवानी महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि चुनाव प्रत्याशी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट की भी जानकारी देनी होगी। इंटरनेट कंपनियों और वेबसाइट और रचनात्मक विज्ञान सामग्री व वेतन के लिए भुगतान कार्य कर्मचारियों के वेतन और मजदूरी सहित सभी व उनके सोशल मीडिया खाते में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रैली के दौरान केवल पानी व लस्सी ही?? दे सकते हैं। यह सभी जानकारी भी उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी को देनी होगी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार, बिना मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता लिखे चुनाव संबंधी पूर्ण पोस्टर छापने या प्रकाशित करने पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध है। उन्होंने बताया कि जिले में (एमसीएमसी) मीडिया प्रमाण पत्र निगरानी समिति 24 घंटे खबरों व विज्ञापन पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि चुनावी में खर्च की निर्धारित सीमा 95 लाख तय की गई है। एक रोड शो में 10 से ज्यादा वाहन एक साथ नहीं होंगे। वाहन की संख्या पर कोई लिमिट नहीं है लेकिन एक साथ दस से अधिक नहीं चलेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### महिला के साथ मारपीट, मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज

**गन्नौरः बजाना कला गांव** में एक महिला व उसके बेटे ने गांव की महिला के साथ मारपीट कर दी। घायल महिला ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में बजाना कला गांव की मनीषा ने बताया कि 20 अप्रेन को वह अपने घर के बाहर कपड़े धो रही थी। इस बीच वहां पर दर्शना अपने पालतू कुत्ते के साथ उनके मकान के सामने गोबर डालने आई थी। उसके कुत्ते ने उनके बर्तनों पर पेशाब कर दिया। जब उसने दर्शना को कुत्ते के बारे में कहा तो उसने गोबर का खाली तसला उसके मुह पर मारा और उसके साथ गली गलौच करने लगी। इसके बाद दर्शना का बेटा मंजीत भी वहां आया उसका गला दबा कर नीचे गिरा दिया और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि मंजीत ने उस पर ईंट से हमला किया। हमला करने के बाद आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित दर्शना व मंजीत के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### 11 केवी की लाइन से 450 मीटर तार चोरी

**गन्नौरः गुमड़ गांव के** पास 11 केवी की लाइन से चोर 450 मीटर तार चोरी कर ले गए। निगम ने चोरी की शिकायत गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में निगम के कर्मचारी ने बताया कि उनकी 11 केवी की लाइन है। गांव गुमड़ के पास 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। 3 मार्च की रात को चोर ट्रांसफार्मर के पास से करीब 450 मीटर तार चोरी कर ले गए। गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

### पौधारोपण करते हुए पृथ्वी दिवस पर रौनक पब्लिक स्कूल के छात्र व शिक्षक

**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा के निर्देशन में कक्षा 12वीं के छात्रों के साथ शिक्षकों ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दिया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने बताया कि भावी पीढ़ी को सुसंस्कृत करना ही वास्तविक शिक्षा है। भारतीय संस्कृति में तो पेड़ों की पूजा की जाती रही है। हमारे वेद संपूर्ण संसार को प्रकृति के महत्व बताने वाले प्रथम प्रमाणित ग्रंथ हैं और हम इस धरोहर को भावी पीढ़ी तक केवल पहुंचाना ही नहीं उनमें समाहित भी करना है ताकि आने वाली पीढ़ियां भी प्रकृति से इतर जीवन की कल्पना ना करें। रौनक पब्लिक स्कूल अपने पुरोधाओं की वाणी को जन-जन तक पहुंचाने व कर्मरत करने के पुनीत कार्य को सदा की भांति अग्रणी बनकर करता रहेगा। शर्मा ने कहा कि पौधरोपण के साथ हमें उनकी देखरेख का भी संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी छात्रों को पृथ्वी दिवस के बारे में जागरूक किया।

### मनुष्य को सच्चाई के मार्ग पर चलकर दान पुण्य करते रहना चाहिए : वीरेंद्र कादियान

**गन्नौर। शहर के श्री 1008** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन समाज, जैन गली में सकल दिगंबर समाज गन्नौर की ओर से भजन संध्या एक शाम भगवान महावीर के नाम का आयोजन किया गया। रविवार



को सुबह प्रभात फेरी के बाद शहर में रथयात्रा निकाली गई, जोकि शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए मंदिर में समापन हुआ। भजन संध्या में समाज की प्रतिभाओं ने वीर प्रभु महावीर की भक्ति का ऐसा राग छेड़ा कि भक्त उनके भजनों पर थिरकने से स्वयं को नहीं रोक पा रहे थे। भजन संध्या की शुरूआत दीप प्रज्जवल एवं वीर प्रभु की वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि सुनील जैन ने शिरकत की। उन्होंने भगवान महावीर की पूजा अर्चना की। इससे पहले समाज के लोगों ने अतिथियों का पटका व पगड़ी से स्वागत किया। मुख्यातिथि समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने कहा कि मनुष्य को सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। ईश्वर की भक्ति और दान पुण्य मनुष्य को करते रहना चाहिए। भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

# डॉ. विनय का पैतृक गांव बजाड़ में हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्माः**
**नारनौल। यूपीएससी के** नव चयनित अभ्यर्थी डॉ. विनय का उनके पैतृक गांव बजाड़ में पहुंचने पर रविवार को स्वागत अभिनंदन किया। ग्रामीणों की ओर से आयोजित किए गए स्वागत सम्मान समारोह में डॉ. विनय का फूल मालाओं, बुक्के और पगड़ी पहनाकर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहीं इस मौके पर विशेष रूप से पहुंचे अटेली के विधायक सीताराम यादव का गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बद्री प्रसाद ने गांव की तरफ से पगड़ी भेंट कर सम्मान किया। हास्य कवि व साहित्यकार आलोक भांडोरिया ने समारोह को यादगार बनाया। अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कहा




कि देश की सबसे प्रतिष्ठित सेवा में स्थान प्राप्त करने के लिए लाखों युवा कड़ी मेहनत और संघर्ष करते हैं लेकिन सफलता कुछ भाग्यशाली लोगों को ही मिलती है। डॉ. विनय ने पहले ही प्रयास में 871 रैंक हासिल करके न केवल परिवार व समाज का गौरव बढ़ाया है बल्कि क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम में डॉ. विनय उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपना अनुभव सांझा किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, कड़ी मेहनत और माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। इस मौके पर विनय की मां इंद्रावती विशेष रूप से मौजूद रही। कार्यक्रम में साहित्यकार मास्टर सुंदरलाल उत्सुक, साहित्यकार भूपसिंह भारती, प्रो. शिक्षा, खंड कृषि अधिकारी मनोज कुमार,
राव ब्रह्मप्रकाश, रिटायर्ड प्राचार्य डॉक्टर सतबीर यादव, गिरदावर देवकीनंदन, सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र देशराज यादव, ब्रह्मदत्त, प्रधान छोटेलाल, सुनील लेक्चरर , सतीश थानेदार, रामनिवास, नंबरदार राज सिंह, डिप्टी डायरेक्टर दमन सिंह प्रवक्ता मनोज जोशी, मास्टर रामकुमार, सत्यप्रकाश, रविंद्र चेयरमैन तेजपरकाश, अश्वनी बौद्ध सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कल होगा कड़िया वाले हनुमान मंदिर में हवन व भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।**
**श्री कड़िया वाला हनुमान** मंदिर में 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। मंदिर के प्रबंधक एवं पुजारी पंडित नरेंद्र शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कड़िया वाला हनुमान मंदिर में यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रातः 9:00 बजे विद्वान पंडितो द्वारा यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य यजमान गोपाल मित्तल, व



मनीष अग्रवाल होंगे। श्री शर्मा ने बताया कि 12:15 बजे पूर्ण पूर्ण आहुति के पश्चात भोग आरती होगी। उसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा जो की रात्रि तक चलेगा।

# नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर की मूर्ति स्थापना

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**
**रविवार को खरखौदा** शहर के थाना कला मार्ग स्थित वार्ड 4 में रविवार को नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति स्थापना की गई। जिससे पहले शहर भर में मूर्तियों की परिक्रमा करवाई गई। इस अवसर पर डॉ अनिल दहिया ने बताया कि वार्ड 4 में कोई मंदिर नहीं था। ऐसे में आसपास के लोग लगातार मंदिर बनाने की मांग करते आ रहे थे। जिसको लेकर वार्ड 4 में इस मंदिर का निर्माण किया गया है। जिसमें मूर्ति स्थापना करने से पहले मूर्तियों की शहर में परिक्रमा



करवाई गई है। इस दौरान डॉ अनिल दहिया ने कहा कि सनातन धर्म को आज के समय और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह वह धर्म है जो किसी का विरोध नहीं करता है। आज बड़ी ही श्रद्धा के साथ वार्ड वासियों ने मिलकर मंदिर में मूर्तियों के स्थापना से पूर्व शहर की परिक्रमा की है।

# खरखौदा के रास्ते बिहार जा रही अवैध शराब को 1 युवक सहित किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी**
सीआइए सोनीपत की एक टीम ने खरखौदा से अवैध शराब से भरी 2 गाड़ियां पकड़ी है। जिनमें शराब को भरकर बिहार ले जाया जा रहा था। इस दौरान खरखौदा के थाना कलां चौक बाईपास पर नाका लगाकर टीम ने एक गाड़ी का चालक को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी गाड़ी का चालक फरार ही गया। आपको बतादे कि जिस चालक को पुलिस ने पकड़ा है वो करनाल जिले की विकास कालोनी का रहने वाला मोनू है। जिसके खिलाफ खरखौदा



थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। सीआइए, सोनीपत की टीम को सूचना मिली थी कि खरखौदा के रास्ते बिहार शराब जानी है। सूचना पर एएसआई सुरेंद्र ने वाहनों पर नजर रखनी शुरू कर दी। सोनीपत चौक के पास पुल के करीब टीम ने दो गाड़ियों को आता देखकर शक के आधार पर रुकने का इशारा किया तो उन्होंने भागने का प्रयास किया। ऐसे में एक गाड़ी का चालक तो गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

### पड़ोसियों के साथ मारपीट, पिता-पुत्र पर केस दर्ज

**गन्नौरः भाखरपुर गांव** में एक व्यक्ति ने अपने बेटे के साथ मिल कर व पड़ोसियों के साथ मारपीट कर दी। आरोपित ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में भाखरपुर निवासी सुनील ने बताया कि शनिवार की शाम को वह अपने भाई के साथ घर पर था। इस बीच हरनाम व उसका बेटा घर आए और खेत से सामान उठाने की बात को लेकर उसके भाई के साथ मारपीट करने लगे। जब उसने रोका तो हरनाम व उसके बेटे ने उसके साथ भी मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

# हत्या कर शव को खेतों में फेंका, कई पर मामला दर्ज

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा के गाँव** सिसाना - 2 के रामकिशन पुत्र बलवन्त ने खरखौदा पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि वो खेती बाडी का काम करता है और उसका 5वें नंबर का भाई रणधीर अविवाहित था। जब वो सुबह अपने खेत में आया था उसने देखा कि खेत में बरसम वाली जगह मेरा भाई मृत पडा पाया गया। जो समय करीब सुबह 9 बजे डायल 112 नंबर पर सूचना दी गई। रामकिशन ने देखा कि उसके भाई के सिर, हाथ, पैरो पर चोट के निशान व खुन निकला हुआ था। उसने बताया की मेरा भाई रणधीर मेरे खेत के पडोसी रणधीर के पास खेत मे बने



कोठे पर अक्सर रहता था। जब मैने ईधर-उधर घूम कर देखा तो रणधीर के कोठे के पास गीली मिट्टी में सघर्षं के निशान मिले व खून के छीटे भी मिट्टी पर पड़े हुए मिले। जो मुझे शक ही नही बल्कि पूरा विश्वास है रणधीर व अन्य ने मेरे भाई का चोटे मारकर मेरे भाई की हत्या कर दी। उसने बताया कि इस हत्या में जो अन्य आरोपी है उनमें सोनू, सुमित व दर्शना भी और रणधीर का भाई नरेन्द्र भी शामिल है। आपको बतादे कि रविवार को खरखौदा के रोहतक रोड पर सिसाना के खेतों में एक व्यक्ति रणधीर पुत्र बलमन्त उम्र करीब 47 साल का शव पड़ा मिला है। सूचना पर खरखौदा पुलिस मौके पर पहुँची। मौके पर शव को देखने से पता चला कि उपरोक्त व्यक्ति के सिर और हाथ पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक के भाई राम किशन ने गाँव की ही महिला सहित 5 व्यक्तियों पर इस मर्डर के आरोप लगाए है। मृतक के भाई रामकिशन का ये भी आरोप है कि किसी और जगह पर मर्डर करके उसके खेतों में भाई के शव को डाला गया हैं। क्योंकि मृतक के सिर हाथ व उसके शरीर पर कई अन्य चोट के निशान व रगड़ के निशान भी दिखाई दे रहे है। सूचना पर एफएसएल टीम भी मौके पर पहुँची और सबूत जुटाए। वही खरखौदा पुलिस टीम व सीआईए एवं सीआईडी विभाग की टीमें मौजूद रही।

# निशु त्यागी के सम्मान में हुआ समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः जी टी रोड स्थित** गार्गी गुरूकुल में यूपीएसई की परीक्षा में 752 वां रैंक हासिल करने वाली निशु त्यागी का गुरूकुल में स्वागत समारोह का आयोजन



किया गया। स्कूल के निदेशक अनुज त्यागी व मुख्याध्यापिका प्रिया त्यागी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। निशु त्यागी ने छात्रों को अपने संबोधन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। त्यागी ने सभी विद्यार्थियों को सिविल सर्विस परीक्षा के बारे में जानकारी दी और उन्हे देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बताया कि वह गार्गी अकडेमी में अध्यापिका भी रह चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियो को बताया कि सफलता का रहस्य केवल परिश्रम और दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि मन में कुछ करने की इच्छा हो और मेहनत की जाए जो आप अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते है।

# शिव साधना शिविर में स्वामी शैलेंद्र ने साधकों को सिखाई जीने की कला

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सोनीपत जिले के दीपालपुर** गांव में स्थित ओशो आश्रम श्री रजनीश ध्यान मंदिर में रविवार को शिव साधना शिविर का दूसरा भाग भक्ति-भाव से ओतप्रोत व उत्सवपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। छह दिवसीय शिव साधना शिविर में देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया व म्यांमार से पहुंचे विदेशी साधकों ने भी ध्यान व आध्यात्म से संबंधित प्रख्यात दार्शनिक ओशो आचार्य रजनीश के विचारों को आत्मसात किया । शिव साधना शिविर के दौरान ओशो के अनुज स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने साधकों को जीवन जीवन जीने में मददगार साबित होने वाले ध्यान का अभ्यास



करवाया । उन्होंने साधकों को तनाव से मुक्ति का रास्ता दिखाया और एक-एक सांस को अच्छे कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित किया । स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने कहा कि भगवान शिव को आदि गुरु कहा जाता है। अध्यात्म की विधिवत शिक्षा देने वाले, संभवतया वे प्रथम बुद्ध पुरुष हैं। अध्यात्म पर आधारित दो अनूठे ग्रंथ 'विज्ञान भैरव तंत्रह्न तथा ह्यशिव सूत्रह्न पर सदगुरु ओशो ने अनेकों व्याख्यान दिए हैं। पहले में 112 एवं दूसरे में 48 सूत्र हैं। सदगुरु ओशो ने प्रथम ग्रंथ पर अंग्रेजी में 80 और द्वितीय ग्रंथ पर हिंदी में 10 अभूतपूर्व व्याख्यान दिए हैं। शिव साधना शिविर में इन दोनों श्रृंखलाओं के प्रवचन सुने गए तथा उनमें वर्णित ध्यान विधियों के प्रयोग किए गए। उन्होंने कहा कि ओशो के अनुसार पुराने पर्वतों की भांति ये तंत्र-विधियां अति-प्राचीन हैं । साथ ही सुबह के सूरज की रोशनी में चमक रहे ओस-कणों की भांति बिल्कुल नई और ताजी भी हैं। इन ध्यान तकनीकों में किसी धार्मिक अनुष्ठान का उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास, मान्यता, फिलासफी, सिद्धांत, धारणा आदि अनावश्यक हैं। शिविर संचालन कर रही मां अमृत प्रिया जी ने कहा कि तंत्र का किसी धर्म या संप्रदाय से संबंध नहीं है। तंत्र तो चेतना का विज्ञान है। आपका तन-मन मंदिर है, प्रयोगशाला है, जिसके भीतर मेडिटेशन का प्रयोग होने वाला है। अध्यात्म का क्षेत्र अपनी अंतरात्मा को और चेतना के नियमों को जानना है। दोनों ही सत्य का अन्वेषण करते हैं। एक बाहर, दूसरा अंदर। एक सूक्ष्मतम परमाणु पर पहुंच जाता है, दूसरा विराटतम परमात्मा पर।एक साधक के प्रश्न का उत्तर देते हुए स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने समझाया कि तंत्र चरित्र बदलने की बात नहीं करता। वह तो वैज्ञानिक तरीका बताता है कि कैसे चित्त को बदला जाए। उन्होंने कहा कि ह्यविज्ञान भैरव तंत्रह्न का भावार्थ है समस्त द्वन्द्वों के पार ले जाने वाली विधियों का विज्ञान। इसमें वर्णित एक सौ बारह विधियां समस्त मानव-जाति के लिए है।

# लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरिः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। उपायुक्त ने जिला के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान कर-के अपने आप को गौरवान्वित



महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह कहा कि संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में हम सबकों आगे आकर अपने मत का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने का काम करना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहेगी। कहीं पर भी संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वह अपनी शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय, हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 1950 तथा सी-विजिल एप पर कर सकते हैं।

## ताइवान में 5.0 तीव्रता का भूकंप

एजेंसी


ताइपे। ताइवान के हुलिएन काउंटी में रविवार सुबह 10:40 बजे समुद्री क्षेत्र में 5.0 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने दी। सीईएनसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र 23.49 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 121.60 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था और इसकी गहराई 20 किमी थी। भूकंप में अबतक किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।




## काबुल में हुए खदान विस्फोट में एक की मौत, तीन घायल

एजेंसी

काबुल। पश्चिमी काबुल शहर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। काबुल पुलिस प्रवक्ता खालिद जादरान ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया टोलो न्यूज ने श्री जादरान के



हवाले से कहा कि पुलिस डिस्ट्रिक्ट-3 के कोट-ए-संगी इलाके में एक चिपचिपी खदान में विस्फोट हुए जिसकी चपेट में एक कार के आने से उसके चालक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

प्रवक्ता ने कहा कि सभी पीड़ित आम नागरिक थे, पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और जांच शुरू कर दी है। अबतक किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## जापान में दो सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, सात लापता

टोक्यो। जापान में दो सैन्य हेलीकॉप्टरों के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात अन्य लापता है। जापानी समाचार एजेंसी क्योदो ने जापानी रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी। श्री किहारा ने संवाददाताओं से कहा कि दुर्घटना का संभावित कारण प्रशांत महासागर में तोरी-शिमा द्वीप के पूर्वी क्षेत्र में पनडुब्बी रोधी अभ्यास के दौरान दो एसएच-60के हेलीकॉप्टरों के बीच टक्कर थी, जिनमें से प्रत्येक में चालक दल के चार सदस्य थे।

उन्होंने कहा कि सेना को दुर्घटना के बाद खोज अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर का मलबा मिल चुका है लेकिन दुर्घटना के वास्तविक कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। इससे पहले, जापानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एसएच-60के हेलीकॉप्टर ने तोरी-शिमा द्वीप के क्षेत्र में संचार करना बंद कर दिया था, एक मिनट बाद हेलीकॉप्टर ने एक संकट संकेत भेजा था। मंत्रालय ने कहा कि लगभग आधे घंटे बाद, उसी क्षेत्र से इसी प्रकार से एक अन्य हेलीकॉप्टर ने भी संचार बंद कर दिया था।

## इजरायली मंत्री ने आईडीएफ बटालियन पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ अमेरिका को चेतावनी दी

एजेंसी

तेल अवीव। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि अति-रूढ़िवादी नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन के खिलाफ संभावित प्रतिबंध एक लाल रेखा होगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे सैनिकों के खिलाफ प्रतिबंध लगाना एक लाल रेखा है।

अमेरिकी समाचार वेबसाइट एक्सियोस ने कहा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन आने वाले दिनों में इजराइली रक्षा बलों की विवादास्पद इकाई के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा करेंगे। कथित रूप से इस इकाई को वेस्ट बैंक के युवा कट्टरपंथी दक्षिणपंथी निवासियों के लिए गंतव्य माना जाता है जिन्हें अन्य आईडीएफ इकाइयों में स्वीकार नहीं किया गया था। ये प्रतिबंध बटालियन और उसके सदस्यों को अमेरिकी सैन्य सहायता एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने से प्रतिबंधित कर देंगे। ये मानवाधिकार उल्लंघनों पर आधारित हैं जो 07 अक्टूबर को इज़राइल पर हमास के हमले से पहले वेस्ट बैंक में दर्ज किए गए थे।

# मध्य अफ्रीकी गणराज्य में नाव डूबने से 58 लोगों की मौत

एजेंसी

बांगुई। मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीएआर) में नाव पलटने से कम से कम 58 लोगों की मौत हो गई, नाव खचाखच भरी हुई थी और उसमें सवार लोग किसी के अंतिम संस्कार में जा रहे थे। यह जानकारी नागरिक सुरक्षा के प्रमुख थॉमस जिमासे ने दी। यह दुर्घटना सीएआर की राजधानी बांगुई के पास मपोको नदी पर हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 20 मीटर लंबी और तीन मीटर चौड़ी नाव में 300 से ज्यादा लोग सवार थे, जो एक ग्राम प्रधान के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। नाव के पलटने का कारण क्षमता से अधिक लोगों का नाव पर सवार होना बताया गया है। श्री जिमासे ने



स्थानीय रेडियो स्टेशन गुइरा से कहा कि हम अबतक 58 शवों को निकालने में सफल रहे हैं और हमें अभी तक पानी में डूबे कुल लोगों की संख्या नहीं पता है। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान जारी है।

# ब्राजील में 2024 में डेंगू से अब तक 1,600 से अधिक मौतें हुई

एजेंसी

साओ पाउलो। ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 2024 में अब तक डेंगू से 1,601 मौतें दर्ज की गई हैं, जबकि 2,061 मौतों की जांच चल रही है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पूरे देश में डेंगू के कुल 35.3 लाख संदिग्ध मामले सामने आए हैं और दक्षिण अमेरिकी देश में डेंगू बुखार के संदिग्ध मामलों की दर वर्तमान में प्रति एक लाख लोगों पर 1,741 है।

डेंगू से पुष्टि की गई मौतों की संख्या 2023 में कुल 1,179 मौतों की तुलना में 35 प्रतिशत ज्यादा है। तक अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, पुष्ट मामलों में सबसे ज्यादा प्रभावित 55.2 प्रतिशत महिलाएं हैं और सर्वाधिक प्रभावित लोग 20 से 29 वर्ष की आयु सीमा के अंतर्गत आते हैं। सरकार ने जनता





से बीमारी के खिलाफ देश के टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है। डेंगू एडीज एजिप्टी मच्छर द्वारा फैलता है और गंभीर मामलों में घातक साबित हो सकता है।

# दक्षिणी गाजा के राफा में इजराइल की एयर स्ट्राइक, 6 बच्चों सहित 9 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। दक्षिण गाजा के राफा में इजराइली हवाई हमले में कम से कम नौ लोग की मौत हो गई. मृतकों में छह बच्चे शामिल हैं. इजराइल का फिलिस्तीनी क्षेत्र में लगभग सात महीने लगातार हमला चल रहा है. इस्लामिक आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध से मध्य पूर्व में लगातार टेंशन बढ़ गया है. अब ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से मध्य पूर्व की स्थिति और भी तेजी से बिगड़ रही है. इसे लेकर पश्चिमी देशों के साथ-साथ पूरी दुनिया में चिंता की लहर है.

गाजा की नागरिक सुरक्षा के अनुसार, शुक्रवार देर रात हमले ने राफा शहर के पश्चिमी तेल सुल्तान इलाके में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया. अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चला कि छह बच्चों, दो महिलाओं और एक पुरुष के शवों को राफा के अबू यूसुफ अल-नज्जर



अस्पताल ले जाया गया.

मरने वालों में अब्देल-फतह सोभी रदवान, उनकी पत्नी नजला अहमद अवेदा और उनके तीन बच्चे शामिल हैं. बरहौम ने अपनी पत्नी, रावन रादवान और अपनी 5 वर्षीय बेटी अला को भी खो दिया है. अस्पताल में रिश्तेदार रो रहे थे और सफेद कफन में लिपटे बच्चों के शवों को गले लगा रहे थे, जबकि अन्य लोग उन्हें सांत्वना दे रहे थे.

**राफा पर इजराइल की एयरस्ट्राइक**

रफा मिस्र की सीमा पर स्थित है. वर्तमान में गाजा की लगभग 2.3 मिलियन लोगों की कुल आबादी के आधे से अधिक लोगों यहां आश्रय लिए हुए हैं. संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के संयम के आह्वान के बावजूद इजराइली सरकार का फिलीस्तीन पर हमला जारी है. इजराइली सरकार का कहना है कि इन इलाकों में हमास के कई शेष आतंकवादी छिपे हुए हैं. हालांकि इजराइली सेना जमीनी हमले करने में विफल रही है, लेकिन सेना की ओर से लगातार एयर स्ट्राइक किए जा रहे हैं.

## इजराइल प्रधानमंत्री ने आईडीएफ इकाई को मंजूरी देने की अमेरिकी योजना निंदा की

एजेंसी



तेल अवीव। इज़राइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) की नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध जारी करने के अमेरिकी सरकार के कदम की निंदा की है। रिपोर्टों के अनुसार, ये प्रतिबंध इस आईडीएफ बटालियन के सैनिकों द्वारा वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ किए गए कथित मानवाधिकार उल्लंघन के लिए हैं। ऐसी खबरें हैं कि बिडेन प्रशासन आईडीएफ द्वारा कुलीन मानी जाने वाली बटालियन को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तैयार है। मीडिया के मुताबिक, नेतन्याहू ने रात एक बयान में कहा, 'इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए।' इजरायली प्रधान मंत्री ने आगे कहा, 'हमारे सैनिक आतंकवादी राक्षसों से लड़ रहे हैं. और आईडीएफ इकाई पर प्रतिबंध लगाने का इरादा बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक स्तर पर है।' उन्होंने कहा, 'इसराइल की सरकार जिसका मैं नेतृत्व कर रहा हूं, इन कदमों के खिलाफ हर संभव तरीके से कार्रवाई करेगी।' इजराइली सरकार में दूर-दराज मंत्री, इतामार बेन ग्विर, जो राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री हैं, और बेज़ेल स्मोट्रिच ने भी आईडीएफ बटालियन को ब्लैकलिस्ट करने के कथित अमेरिकी कदम की निंदा की।

# महिलाओं के खिलाफ़ युद्ध क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर ईरान ने कार्रवाई तेज़ की

एजेंसी

पेरिस। दोषियों को फांसी, असंतुष्टों की गिरफ्तारियाँ और हिजाब पहनने की अनिवार्यता को लागू करने वाली गश्त में पुनरुत्थान-कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईरान अपने कट्टर दुश्मन इज़राइल के साथ तनाव बढ़ने के कारण घरेलू स्तर पर दमन बढ़ा रहा है। सितंबर 2022 में 22 वर्षीय महसा अमिनी की हिरासत में मौत के कारण राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था, जिसके बाद से इस्लामी गणतंत्र में ईरानियों को अधिक दमन का सामना करना पड़ा है, जिसे कथित तौर पर महिलाओं के लिए अनिवार्य पोशाक नियमों का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था।

लेकिन क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने की आशंका के चलते कार्रवाई एक नए चरण में प्रवेश कर गई है, इजराइल ने ईरान पर स्पष्ट हमला शुरू कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने बताया है कि नैतिकता पुलिस की खूंखार सफेद वैन पूरे ईरान में शहर के चौराहों पर लौट आई हैं, और 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से लागू अनिवार्य हिजाब के नियम का उल्लंघन करने वाली महिलाओं को उठा रही हैं। तेहरान के पुलिस प्रमुख अब्बास अली मोहम्मदियन ने 13 अप्रैल को खुले तौर पर नवीनतम



कार्रवाई की घोषणा की, स्थानीय मीडिया ने कहा कि इसे नूर (फारसी में प्रकाश) नाम दिया गया था। सोशल मीडिया पर - हैशटैग जंग अलीयेह जनान (महिलाओं के खिलाफ युद्ध) के तहत पोस्ट किए गए कई वीडियो में दिखाया गया है कि महिलाओं को बॉडी कवच में पुरुष पुलिस द्वारा इस्लामिक चादर पहने महिला पुलिस एजेंटों के साथ वैन में बांधा जा रहा है। 2023 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और जेल में बंद अधिकार कार्यकर्ता नर्गेस मोहम्मदी ने तेहरान की एविन जेल से एक संदेश में लिखा और सोशल मीडिया पर उनके समर्थकों द्वारा प्रकाशित एक संदेश में लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ने सड़कों को महिलाओं और युवाओं के खिलाफ युद्ध के मैदान में बदल दिया है। उत्तरी तेहरान में ताजरिश मेट्रो स्टेशन के पास फिल्माए गए एक वीडियो में, एक महिला पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद जमीन पर गिर जाती है, और आसपास खड़े लोगों को बताती है जो उसे होश में लाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसका फोन जब्त कर लिया गया है। दूसरे में वह आवाज़ शामिल है जो पुलिस द्वारा उन महिलाओं पर बिजली के झटके का इस्तेमाल करने की प्रतीत होती है, जिन्हें पकड़ कर एक वैन में डाल दिया गया था। ईरान में न्यूयॉर्क स्थित सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स के निदेशक हादी घैमी ने कहा, घरेलू स्तर पर बढ़ते असंतोष और क्षेत्रीय तनाव पर अंतरराष्ट्रीय ध्यान केंद्रित होने के बीच, इस्लामी गणतंत्र असहमति के खिलाफ दमन के अपने अभियान को तेज करने का अवसर पकड़ रहा है।

# अमेरिका द्वारा सैन्य सहायता को मंजूरी दिए जाने से ईरान, इजराइल संकट से पीछे हटते नजर आ रहे

एजेंसी

नई दिल्ली । ईरान और इजराइल व्यापक संघर्ष के कगार से पीछे हटते नजर आए क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका के सांसदों ने गाजा में अपने सहयोगी के युद्ध की बढ़ती आलोचना के बावजूद नई इजराइली सैन्य सहायता को मंजूरी दे दी।ईरान ने अपने अभूतपूर्व ड्रोन और मिसाइल हमले के लिए इज़राइल की कथित जवाबी कार्रवाई को कम महत्व दिया और इस आशंका को कम कर दिया कि कट्टर दुश्मनों के बीच बढ़ते हमले मध्य पूर्व में एक व्यापक युद्ध में बदल सकते हैं।हालांकि, इराकी सैन्य अड्डे पर एक घातक विस्फोट ने क्षेत्र में लगातार तनाव को रेखांकित किया, जैसे कि गाजा में और अधिक घातक इजरायली हमले और वेस्ट बैंक में झड़पें तेज हो गईं। आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली सहित इज़राइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने देश के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी।इज़रायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सहायता बिल का स्वागत करते हुए एक्स, पूर्व में ट्विटर पर लिखा, कि यह इज़राइल के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करता है और पश्चिमी सभ्यता की



रक्षा करता है।लेकिन फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने इसे फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता और खतरनाक वृद्धि के रूप में निंदा की।फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबील अबू रुदैना ने कहा, यह पैसा गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में हजारों फिलिस्तीनी हताहतों की संख्या में तब्दील हो जाएगा। एक सप्ताह पहले ईरान द्वारा इजरायली क्षेत्र पर तेहरान के पहले सीधे हमले में 300 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च करने के बाद, इजरायल ने चेतावनी दी थी कि वह जवाबी हमला करेगा।ईरान का हमला उस हवाई हमले के प्रतिशोध में था - जिसके लिए व्यापक रूप से इज़राइल पर आरोप लगाया गया था - जिसने 1 अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास को नष्ट कर दिया था और सात रिवोल्यूशनरी गार्ड्स को मार डाला था।इज़रायली जवाबी कार्रवाई शुक्रवार को सामने आई, जब ईरानी मीडिया ने मध्य प्रांत इस्फ़हान में विस्फोटों की सूचना दी। फ़ार्स समाचार एजेंसी ने इस्फ़हान हवाई अड्डे और 8वें शेकारी सेना हवाई अड्डे के पास, क़हजावरेस्तान के करीब तीन विस्फोटों की सूचना दी।ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने एनबीसी न्यूज को बताया, कल रात जो हुआ वह कोई हमला नहीं था।उन्होंने कहा, यह दो या तीन क्वाडकॉप्टर की उड़ान थी, जो उन खिलौनों के स्तर पर हैं जिन्हें हमारे बच्चे ईरान में इस्तेमाल करते हैं।जब तक इजरायली शासन की ओर से ईरान के हितों के खिलाफ कोई नया साहसिक कार्य नहीं किया जाता, तब तक हमारी कोई प्रतिक्रिया नहीं होगी।

# इजरायल के पीएम ने आईडीएफ बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी योजना की निंदा की

गाजा।

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की नेतजाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लाने के अमेरिकी सरकार की योजना की निंदा की है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंध आईडीएफ बटालियन के सैनिकों द्वारा वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ किए गए कथित मानवाधिकार उल्लंघन के लिए है। ऐसी खबरें हैं कि बाइडेन प्रशासन आईडीएफ के इलीट बटालियन को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तैयार है।



मीडिया के मुताबिक, नेतन्याहू ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। इजरायली प्रधानमंत्री ने आगे कहा, हमारे सैनिक आतंकियों से लड़ रहे हैं, और आईडीएफ इकाई पर प्रतिबंध लगाने का इरादा बेतुकेपन की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा, इजरायल की सरकार इन कदमों के खिलाफ हर संभव तरीके से कार्रवाई करेगी।

वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में नेतजाह येहुदा पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी योजना के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया और कहा, इज़राइल अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है, आईडीएफ बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का कदम पूरी तरह से पागलपन है।

# बंधकों की रिहाई और चुनावों की मांग को लेकर हजारों इजरायलियों ने विरोध प्रदर्शन किया

गाजा।

तेल अवीव। इजरायल में हजारों लोग गाजा में बंधक बनाए गए सभी बंधकों की तत्काल रिहाई और नए चुनावों की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। तेल अवीव में एक सामूहिक रैली में लोगों ने जोर-शोर से फिलिस्तीनी तटीय क्षेत्र में इजरायल से अगवा किए गए सभी लोगों की तत्काल रिहाई के साथ-साथ नए चुनावों की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर इशारा करते हुए कहा कि जिन्होंने उन्हें त्याग दिया है उसे उन्हें घर लाना होगा। अपहृत लोगों के परिजनों ने इजरायली सरकार पर फिलिस्तीनी



इस्लामी संगठन हमास के साथ समझौते पर पहुंचने में कोई गंभीर रुचि नहीं होने का आरोप लगाया है। इजरायल और हमास महीनों से युद्धविराम और 7 अक्टूबर को अगवा किए गए अन्य बंधकों की रिहाई के बारे में अप्रत्यक्ष रूप से बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल कोई सफलता नजर नहीं आ रही है। तटीय शहरों तेल अवीव और हाइफा में हजारों लोगों ने और बेर्शेबा शहर में सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। कथित तौर पर कैसरिया में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एक निजी विला के पास एक हजार से अधिक लोग एकत्र हुए थे। अन्य इजरायली शहरों में भी रैलियां हुईं। कुछ हफ्ते पहले तक, इजरायल ने मान लिया था कि बचे हुए 130 बंधकों में से 100 से भी कम अभी भी जीवित हैं। हालांकि, अब यह आशंका है कि उनमें से काफी अधिक लोग मारे जा सकते हैं।

# ईरान,रूसी एसयू-35 लड़ाकू विमानों की पहली डिलीवरी की रिपोर्टों का खंडन

एजेंसी

तेहरान। ईरानी अधिकारियों ने ईरान को नए रूसी सुखोई स्‍यू-35 लड़ाकू विमानों की आसन्न डिलीवरी के बारे में मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है। फरारू समाचार वेबसाइट के अनुसार, ईरानी मीडिया में आई रिपोर्टें गलत हैं कि देश को अगले कुछ दिनों में नवीनतम पीढ़ी के विमान मिलने वाले हैं। मीडिया ने एसएनएन समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट का हवाला दिया था, जो ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के करीब है। एजेंसी ने खुद रक्षा मंत्रालय से सलाह के बाद अपने टेलीग्राम पेज पर इस रिपोर्ट का



खंडन किया। ईरान के रक्षा मंत्रालय ने पिछले साल घोषणा की थी कि देश ने SU-35 लड़ाकू विमानों के अलावा रूस से Mi-28H लड़ाकू हेलीकॉप्टर और याक-130 खरीदे हैं। फ़रारू के अनुसार, हालांकि, ईरान के कट्टर दुश्मन इज़राइल और फारस की खाड़ी में कुछ अरब राज्यों के विरोध के कारण विमान वितरित नहीं किए गए थे। अनौपचारिक रिपोर्टों के अनुसार, इस सौदे में कुल 24 नए लड़ाकू विमान शामिल होने थे। 2015 वियना परमाणु समझौते की विफलता के बाद से, जिसका उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना था, और उसके बाद पश्चिमी प्रतिबंधों की निरंतरता, ईरान ने मास्को के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। ऐसा कहा जाता है कि ईरान यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सैन्य रसद के साथ रूस का समर्थन कर रहा है। विशेष रूप से, पश्चिम ईरान पर रूस को तथाकथित कामिकेज़ ड्रोन की आपूर्ति करने का आरोप लगाता है, जिसके बारे में उनका कहना है कि यूक्रेन संघर्ष में कई बार इसका इस्तेमाल किया गया है, जिससे तेहरान इनकार करता है। आरोपों के कारण ईरान और रूस दोनों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

# वेस्ट बैंक में चल रहे इजरायली ऑपरेशन में 14 फिलिस्तीनी मारे गए


एजेंसी

रामल्लाह। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तुल्कर्म शहर और उत्तरी वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर में लगातार तीसरे दिन चल रहे इजरायली सैन्य अभियान के दौरान कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने समाचार एजेंसी भेजे एक प्रेस बयान में कहा, मारे गए 14 फिलिस्तीनियों के शवों को शहर के पूर्व में नूर शम्स फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर से तुल्कर्म अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा, इजरायली सेना सैन्य बुलडोजरों के साथ गुरुवार को शिविर में घुस गई, कड़ी घेराबंदी की और मुख्य सड़कों, बुनियादी ढांचे, आवासीय घरों और दुकानों को ध्वस्त कर दिया। सूत्रों ने बताया कि शिविर में बिजली-पानी की कटौती, संचार और इंटरनेट नेटवर्क के व्यवधान के साथ चल रहा सैन्य अभियान सबसे गंभीर था। ऊंची इमारतों की छतों पर स्नाइपर इकाइयां तैनात की गईं, जबकि अन्य बलों ने निर्देशित मिसाइलों से कई घरों को उड़ा दिया। गौरतलब है कि पिछले साल 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से वेस्ट बैंक में शहरों, गांवों और शिविरों में इजरायली सैनिकों और फिलिस्तीनियों के बीच सशस्त्र टकराव के कारण तनाव बढ़ रहा है। इससे पहले शनिवार को उत्तरी वेस्ट बैंक के नब्लस शहर में इजरायली गोलीबारी में एक फिलिस्तीनी एम्बुलेंस चालक की मौत हो गई थी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायल ने वेस्ट बैंक के विभिन्न हिस्सों और यरुशलेम के पूर्व में हवाई हमलों और गोलीबारी में 460 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है।

# चुनावों में व्यापारी व दुकानदार अधिक से अधिक करें मतदान: राजेश भाटिया

**अपील**

8 व्यापार मंडल फरीदाबाद ने बैठक करके व्यापारियों व दुकानदारों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1 में ब्यापार मंडल फरीदाबाद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रधान राजेश भाटिया सहित अन्य व्यापारियों व दुकानदारों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। बैठक का मुद्दा लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करवाने के प्रति जागरुक करना था। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को मतदान करना चाहिए क्योंकि जितना ज्यादा मतदान होगा, उतनी ही मजबूत सरकार देश को मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में चुनाव उत्सव के रूप में मनाया जाता है और इस चुनावी उत्सव में हम सभी को हिस्सा लेना चाहिए और दूसरों को भी इसमें भागेदारी निभाने के लिए जागरुक करना चाहिए। श्री भाटिया ने व्यापारियों व दुकानदारों से कहा कि वह अपनी दैनिक दिनचर्या के व्यस्त कार्यक्रम में से मतदान के दिन वोट डालने के लिए समय निकाले और ज्यादा से ज्यादा मतदान करे। बैठक में सभी व्यापारियों ने एक स्वर में भाटिया का समर्थन करते हुए विश्वास दिलाया कि वह इस बार चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि जो भी ग्राहक वोट डालने के अगले दिन मार्केट में दुकानों पर खरीदारी करने आएगा उसे डिस्काउंट दिया जाएगा। इस पर मतदाता नीरज भाटिया जवाहर कॉलोनी, 1 नंबर से हरमीत सिंह, जावेद खान रंजय भाटिया, 5 नंबर से बंसीलाल कुकरेजा व अन्य व्यापारी भाइयों ने मतदाताओं को 10% की छूट देने का वादा किया है।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने शहर के व्यापारियों की मीटिंग कर- के उन्हें ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए कहा था, इसी को लेकर अब व्यापारियों ने मीटिंग करके आगे की रुपरेखा तय की और अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प लिया। जिला उपायुक्त विक्रम सिंह मतदान बढ़ाने के हर संभव प्रयास में लगे हुए हैं वे चाहते हैं की हर संस्था, व्यापारी वर्ग, नौकरी-शुदा, सभी मतदान के दिन बढ़-चढ़कर हिस्सा ले।

# पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सिवाच ने कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन

**अलविदा**

8 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में भाजपा नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है।



**टीम एक्शन इंडिया/बरवाला**
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रमोद सिवाच ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह कर भाजपा का दामन थाम लिया है। कांग्रेस के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष प्रमोद सिवाच अपने सैकड़ों समर्थको के साथ सीएम हाउस चंडीगढ़ में भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में भाजपा नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सिवाच को भाजपा पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया और भाजपा में पूरा मान सम्मान दिए जाने का आश्वासन दिया। पूर्व कांग्रेसी नेता प्रमोद सिवाच ने बतौर युवा जिला अध्यक्ष के तौर पर वर्ष 2003 में रिकार्ड काम किया था। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने व इनेलो के खिलाफ रिकार्ड प्रदर्शन करके उन्होंने युवा कांग्रेस को नई पहचान दिलाई थी। साथ ही उसके बाद प्रदेश में कांग्रेस राज लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वो सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा सहित कई नेताओं के बेहद करीबी रहे हैं।

# सरकार को अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम तुरंत शुरू करना चाहिए- बजरंग

**सम्मेलन**

8 अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन व टैक्सटाइल हब बनाने से किसानों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी- बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
वैश्य समाज के राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन अग्रोहा धाम में हुआ। जिसमें देश के हर राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के प्रधान सतीश अग्रवाल ने की। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का वैश्य समाज अग्रोहा के विकास व तरक्की में रात-दिन लगा हुआ है अगर सरकार अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन व टैक्सटाइल हब बनती है तो देश का वैश्य समाज अग्रोहा में करोड़ो-अरबों रुपए का पूंजीनिवेश करने को तैयार है। सरकार को हरियाणा की तरक्की के लिए अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन व टैक्सटाइल हब बनाना चाहिए। सरकार को अग्रोहा में इंडस्ट्रीज लगाने के लिए हर प्रकार की सुविधा देने की जरूरत है जबकि हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, जींद कोटन का एरिया है। सरकार अग्रोहा में टैक्सटाइल हब बनती है तो किसानों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी और लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार ने अग्रोहा को विकसित करने व इंडस्ट्रीज जोन बनाने की घोषणा की हुई है जबकि अग्रोहा के विकास के लिए सरकार ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाएं है। सरकार ने घोषणा करने के बावजूद अग्रोहा को रेलवे लाईन से अभी तक नहीं जोड़ा है। अग्रोहा में बस अड्डा तक चालू नहीं किया गया है ना ही अग्रोहा को तहसील का दर्जा दिया गया है जबकि सरकार की तरफ से अग्रोहा में किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा तक नहीं है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की तरफ से सुविधा मिलने से अग्रोहा धाम करोड़ो रुपए की लागत से महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर इंटरनेशनल स्कूल बनाएगा और जनता की सुविधा के लिए अनेकों योजनाएं अग्रोहा में ओर चालू करेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई का काम भी तुरंत प्रभाव से शुरू करना चाहिए और अग्रोहा को पर्यटन स्थल बनाना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अखिल भारतीय अग्रवाल महासम्मेलन के प्रतिनिधियों को महाराजा अग्रसेन जी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सतीश अग्रवाल मध्य प्रदेश, राष्ट्रीय महासचिव हरिओम गर्ग दिल्ली, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष मृदुला अग्रवाल यूपी, राष्ट्रीय उप प्रधान मीरा अग्रवाल यूपी, उप प्रधान संजय अग्रवाल उड़ीसा, संगठन मंत्री हरिकृष्ण अग्रवाल, भालू प्रकाश बंसल राजस्थान, संजय अग्रवाल जबलपुर, राजेंद्र गर्ग डब्बावाली, रामेश्वर दास गर्ग दिल्ली, सचिन गर्ग मुंबई, श्यामसुंदर बंसल पंजाब, चूड़ियां राम गोयल टोहाना, अनंत राम अग्रवाल बरवाला, पवन गर्ग व ऋषि राज गर्ग हिसार आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

फोटो बाबत-
अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग वैश्य समाज की टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

# कनाडा भेजने के नाम पर 22 लाख ठगे, महिला सहित तीन पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
टोहाना के एक युवक को कनाडा भेजने के नाम पर तीन लोगों ने उससे 22 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव डांगरा निवासी विशाल ने बताया है कि वह बीए पास है और नौकरी की तलाश में था। इस दौरान उसे व उसके पिता रामेश्वर की मुलाकात दिसम्बर 2022 में बलजिन्द्र सिंह निवासी धनौरी जिला जींद के साथ हुई।

# पृथ्वी दिवस पर इस ग्रह की देखभाल करें और आध्यात्मिक रूप से विकसित हों

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**



पृथ्वी दिवस हम सबके लिए पृथ्वी के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है क्योंकि यह हमें जीवन जीने के लिए कई प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों को उपलब्ध करती है। यह सभी संसाधन न सिर्फ हमारे लिए बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मूल्यवान है, इसलिए हम सभी को चाहिए कि इन सभी संसाधनों का प्रयोग हम बहुत ही सावधानी से करें।

इन संसाधनों का सदुपयोग करने और पृथ्वी का सम्मान करने के लिए हमें अहिंसा का रास्ता अपनाना होगा, जिसमें कि हम इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीवों और प्राकृतिक संसाधनों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हैं। इसमें इंसानों से लेकर जानवरों और पौधों तक सभी शामिल हैं। सिर्फ यह सोचकर ही हमें खुषी मिलती है कि इस विषाल अंतरीक्ष में यह ग्रह पिता-परमेष्वर का बनाया एक खूबसूरत रत्न है, जिसमें हम सब इस परिवार के एक सदस्य हैं।

इसलिए हमें ऐसे कार्य करने चाहियें जिसमें कि हम एक-दूसरे की मदद करते हुए प्रेम और शांतिपूर्वक जी सकें।

इस ग्रह पर रहते हुए हम स्वस्थ तरीके से अपना जीवन यापन करें, ताकि हमारे परिवार और पूरे विष्व के लिए वर्तमान में और आने वाले समय में भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों।

इसके लिए हमें चाहिये कि हम इस ग्रह की देखभाल करते हुए शारीरिक, मानसिक और आत्मिक तौर पर विकसित हों। जिसके लिए हमें एक शाकाहारी जीवन शैली को अपनाना होगा और साथ ही साथ अपनी आत्मिक तरक्की के लिए अपने जीवन में हमें सद्गुणों को भी धारण करना होगा। जिसमें कि हम दूसरों की सेवा करते हुए ध्यान-अभ्यास के जरिये अपने अंतर में प्रभु-सत्ता से जुड़कर आध्यात्मिक रूप से विकसित हो सकते हैं।

दूसरों की सेवा करना और मिल-जुलकर रहना आध्यात्मिकता का ही एक हिस्सा है।

दूसरों के साथ मिलकर रहना और इस पृथ्वी की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है क्योंकि इस सृष्टि के कण-कण में परमात्मा विद्यमान हैं।

आईये, आध्यात्मिक रूप से बढ़ते हुए हम इस ग्रह, पेड़-पौधों, जानवरों और इंसानों की देखभाल करते हुए हम पृथ्वी दिवस मनायें और पृथ्वी द्वारा दिये गए बहुमूल्य उपहारों का सर्वोत्तम उपयोग करें।

# चुनावी दौरे पर फरीदाबाद पहुंचे डॉ. असलम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने अल्पसंख्यक मददाताओं तक पहुँचने के बड़ी योजना की बनाई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी के निर्देश अनुसार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के लोकसभा प्रभारी डॉ. असलम चुनावी दौरे पर फरीदाबाद पहुँचे। लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में जन सम्पर्क किया। साथ ही चुनावी सभाओं को संबोधित किया, मोर्चा द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में शामिल हुए। प्रदेश के प्रमुख कार्यकर्ता ,पदाधिकारियों की बैठक ली। बड़ी संख्या में मुस्लिम पसमांदा



समाज के लोगों भाजपा ज्वाइन कराई।

लोकसभा प्रभारी डॉ. असलम ने सभा को संबोधित करते हुए " अब की बार 400 पार " का नारा दिया। कहा कि भाजपा किसी जाति या धर्म की पार्टी नहीं है। यह ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल के मूलमंत्र पर चलने वाली पार्टी है। यही प्रमाण है कि मुस्लिम समाज का झुकाव भाजपा कि प्रति तेजी बढ़ रहा है। उन्होंने मोर्चा पदाधिकारियों से कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों, योजनाओं से मुस्लिम समुदाय को भी अवगत कराएं ताकि उन्हें पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री ने अल्पसंख्यकों व गरीबों को मकान, निशुल्क सरकारी राशन, शौचालय एवं उज्ज्वला योजना का लाभ देकर उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर लाने का काम किया है। भाजपा ने अल्पसंख्यक महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई है। सरकार की योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को हो रहा है। इससे अल्पसंख्यक भाईयों बहनों का विश्वास भाजपा व देश के प्रधानमंत्री पर है।

# मूल्यों को बनाए रखने के लिए योग जरूरी - बीके जयंती



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
मूल्य आत्मा के आंतरिक स्वरूप में निहित हैं। योग के नियमित अभ्यास से ही गुणों को जागृत रख सकते हैं। उक्त विचार ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त प्रशासिका राजयोगिनी जयंती दीदी ने ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। सस्टेनिंग अउर वैल्यूज विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि संतुष्टता जीवन का सबसे बड़ा श्रृंगार है। संतुष्टता भरपूरता का अनुभव कराती है। एक संतुष्ट व्यक्ति ही अपनी ऊर्जा को बचाए रख सकता है।

- ईश्वरीय स्मृति से ही मूल्यों का संवर्धन सम्भव

जयंती दीदी ने कहा कि योग जीवन को संयमित बनाता है। संयम और नियम आदर्श जीवन का निर्माण करते हैं। वास्तव में ईश्वरीय स्मृति ही योग है। परमात्मा की याद से ही हमारे आंतरिक मूल्य जागृत होते हैं। जितना हम गुणों को अपनाते हैं, उतना ही शक्तिशाली बनते हैं। आत्मिक अभ्यास से ही हम अनेक प्रभावों से मुक्त बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सदा सुखी रहने के लिए संसार में रहते भी उससे प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि जीवन में हमारे सम्बन्धों का बहुत असर पड़ता है। अच्छे सम्बन्ध हमारे कार्य को सरल बना देते हैं। इस अवसर पर ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि जयंती दीदी ने बचपन से ही राजयोग के अभ्यास के द्वारा आज इस महानता को हासिल किया। उन्होंने कहा कि जयंती दीदी अपनी विशेष योग्यताओं के कारण ही विदेश के अनेक देशों में सेवाओं के निमित्त बनी।

ब्रह्माकुमारीज के दिल्ली, सिरी फोर्ट सेवाकेंद्र निदेशिका राजयोगिनी गीता दीदी ने कहा कि ये संसार एक बहुत सुंदर रंगमंच है। जिसमें हरेक को अपना अलग-अलग किरदार मिला है। हमें दूसरों के रोल को देख परेशान नहीं होना है। बल्कि अपनी भूमिका को असरदार एवं दूसरों के लिए प्रेरणादायक बनाना है। कार्यक्रम में काफी संख्या में गणमान्य लोगों सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# 20 लाख रुपए की स्मैक सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 428 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित दो नशा तस्करों को पकड़ने में सफलता हासिल की। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। हेरोइन की बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई गई है। दोनों आरोपियों पर पहले भी सात केस दर्ज है।

रविवार को अपने कार्यालय पर जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने पत्रकारों को वार्ता के दौरान बताया कि उनकी टीम को उत्तर प्रदेश से वाया कलानौर नशा लेकर आने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने कलानौर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान बाइक पर आ रहें इन दोनों नशा तस्करों को रोका गया। जिनके पास से 428 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद की गई। जिसकी बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रूप बताई जा रही है। आरोपियों की पहचान योगेश निवासी यमुनानगर और राशिद निवासी गांव भाटोपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। दोनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया जाएगा।

# रक्तदान करने से व्यक्ति के जीवन को बचाया सकता है : संदीप

**रक्तदान**

8 ओयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 50 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया



**रादौरः** हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को शहर की शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला में पहले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ समाजसेवी व उद्योगपति संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में किया।

रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। हमारा परिवार संस्था के इकाई प्रधान मनोज सैनी बकाना व राजीव आर्य सन्नी की देखरेख में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर हमारा परिवार संस्था रादौर के इकाई प्रमुख मनोज सैनी बकाना को समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने बताया कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से कोई भी व्यक्ति किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। रक्तदान करने से मनुष्य के शरीर पर कोई विपरित असर नहीं पड़ता। 18 वर्ष से अधिक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। इंसानी रक्त दुनिया के किसी भी कारखाने में नहीं बनता। यह केवल एक इंसान से ही दूसरे इंसान को दिया जा सकता है। संस्थाएं इस प्रकार के रक्तदान शिविरों का आयोजन कर मानवता की भरपूर सेवा कर सकती है। इस अवसर पर प्रधान मनोज सैनी बकाना, धीरज रोहेवाल, रवि कुमार, कृष्ण कंबोज, राजेश सैनी, राजीव, रणजीत सैनी,नवीन सैनी, भूपिंदर गुप्ता, ब्रह्मप्रकाश टंडन, मोहित गर्ग, रजनीश जुब्बल, राजीव बकाना, रणबीर रादौर, विक्रम सैनी, भारत माटिया आदि मौजूद रहे।

# युवाओं की जिंदगी बर्बाद करने वाली पार्टी के साथ खड़े जिंदल : डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/कलायत/कैथल** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर नशे के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी के बेटे विकास सहारण, धर्मपाल गुप्ता, व्यापारी नेता महावीर कंप्यूटर और जोरावर सकाड़ी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कलायत में लगातार नशा बढ़ रहा है। नशे से हो रही मौत थम नहीं रही हैं। क्या सत्ता में बैठे लोग इसकी जिम्मेदारी लेंगे? ऊपर से नीचे तक नशे की चैन बन गई है, संयोजित तरीके से नशा सप्लाई किया जा रहा है। कलायत की गली गली में हेरोइन, स्मैक, चरस,



सुल्फा, गंजा , अफीम, कोकेन और मॉर्फिन खुले आम बिक रहा है। जिसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। लगातार ये सवाल उठ रहे हैं कि अवैध शराब की फैक्ट्रियों में किस किस नेता की भागीदारी है। जहरीली शराब पीने से 50 से ज्यादा मौत हो चुकी हैं, लेकिन आज तक दोषियों को नहीं पकड़ा गया। बिना सरकार के संरक्षण के हरियाणा में नशा इतने बड़े पैमाने पर नहीं पहुंच सकता।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने चंद पैसों के लालच में प्रदेश के युवाओं को नशे की दलदल में झोंक दिया है। पिछले 10 साल से प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है तो नशे की इतनी गंभीर हालत के लिए जिम्मेदार कौन है? नवीन जिंदल ऐसी पार्टी का झंडा उठाकर घूम रहे हैं जिसने प्रदेश में नशे के कारोबार को बढ़ाया है और युवाओं को नशे की दलदल में फंसाया है। यदि कोई नकली शराब बनाने पर पकड़ा जाए तो इनके नेताओं के फोन आने पर छूट जाते हैं। क्या नवीन जिंदल नशे के कारोबार को बढ़ाने वाली भाजपा सरकार से स्पष्टीकरण लेंगे? नवीन जिंदल आज नशा तस्करों के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जिस पार्टी ने युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर दी नवीन जिंदल उनके साथ खड़े हैं, जनता इनको सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा नवीन जिंदल ने ट्वीट किया जिसमें उन्होंने कहा धर्मनगरी में सुनील नींबू वाला। जिसमें वो उनके पुराने मित्र सुनील नींबू वाले की मोटरसाइकिल पर बैठे दिखाई दिए। लेकिन उसको सारा शहर जानता है कि वो सुनील खुर्दे वाला है और अवैध शराब का धंधा करता है। नवीन जिंदल उस शराब तस्कर की बाइक पर बैठकर युवाओं को क्या संदेश देना चाहते हैं? क्या नवीन जिंदल ये बताना चाहते हैं कि अपराधी प्रवृति के लोग अनेक चेले चपटे हैं? नवीन जिंदल बताए कि क्या उनकी दोस्ती के बाद उनके मित्रों से नशे का कारोबार शुरू किया।उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल पिछले 10 साल जमीन पर होते तो उन्हें पल्लेदारी नहीं करनी पड़ती।

# हरिद्वार में हर की पोड़ी पर बुजुर्गो को सन्नान करवाना आस्था का प्रतीक : अमित गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/रादौर :** भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग रादौर द्वारा हल्के के बुजुर्गो के लिए शुरू की गई फ्र ी माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा का पिछले एक माह से दिनप्रतिदिन बढ़चढ़ कर बुजुर्गो का आर्शिवाद मिल रहा है। इसी कड़ी में रविवार को हल्के के गांव नाचरोन से छठी तीर्थयात्रियों से भरी बस को राम भक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग रादौर ने जय माँ गंगा,जय भोले नाथ, हर हर गंगे के जयकारे के साथ झंडी दिखकर रवाना किया।

इस अवसर पर माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा के अवसर पर भाजपा जिला जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग रादौर ने



कहा की माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा रादौर से हरिद्वार हर की पोड़ी पर हर गांव वार्ड स्तर पर बुजुर्गो को सन्नान करवाने की मेरी पुरानी आस्था का प्रतिक है जो की अब धीरे -धीरे पुरे हो रही है। अब तक हल्के के गांव जठलाना,माधोबांस,अंटावा,बापोली ,उन्हेड़ी से तीर्थयात्रियों को हरिद्वार हर की पोड़ी पर सन्नान करवा चूके है। रादौर से हरिद्वार हर की पोड़ी पर बुजुर्गो को सन्नान करवाने के लिए फ्र ी माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा शुरू की गई कुछ लोग समय के कारण किसी भी धार्मिक यात्रा नही जा पाते इसी लिए हमने यह मुहीम चलाई है, यह माँ गंगा दर्शन तीर्थ यात्रा तब तक जारी रहेगी जब तक हल्के के प्रत्येक गांव से हर की पोड़ी पर माँ गंगा के बुजुर्गो को सन्नान नही हो जाते।

तब हमारी यह मुहीम जारी रहेगी। रादौर से श्रद्धालुओं के लिए बस चलाई गई जो की निःशुल्क है सभी श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने का भी विशेष प्रबंध किया गया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 22 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## यूपी-बिहार और झारखंड से 14 तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद में शराब के अवैध कारोबार तेजी से फलने-फूलने लगा हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिए जनपद की पुलिस अभियान चला रही है। इसी के तहत यूपी, बिहार और झारखण्ड राज्य से 14 लोग गिरफ्तार किये गये हैं। इनके पास से 165 लीटर शराब जब्त की गयी है। गौरीबाजार पुलिस ने ग्राम खैरटिया निवासी श्यामदेव उर्फ विराट यादव को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। बघौचघाट पुलिस ने बिहार के चैनपुर निवासी सुदर्शन प्रजापति, अच्छे लाल यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19-19 लीटर शराब बरामद की है। इसी तरह झारखंड राज्य का रहने वाला सुकून उरांव के पास से तरकुलवा पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। बरियारपुर पुलिस ने झारखंड निवासी वोधना उरांव, बांसदेव उरांव, सोनू महली, को गिरफ्तार कर किया है। इन लोगों के पास से 34 लीटर कच्ची शराब मिली है। वहीं, मदनपुर पुलिस ने देवरिया के ब्रजेश राजभर, उमेश राजभर, राजकुमार को शराब के अवैध करोबार से जुड़े होने पर गिरफ्तार किया है। इनके अलावा बरहज पुलिस ने रामसरेश पासवान (पासी) को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। 15 लीटर की अवैध शराब के साथ रुद्रपुर निवासी अजीत राजभर को सुरौली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रुद्रपुर पुलिस ने झारखंड निवासी भीखारी उरांव और सुखराम उरांव को 10-10 लीटर शराब के साथ पकड़ा है।

## एनडीए के मतदाता कर रहे हैं मतदान: शाहनवाज हुसैन

टीम एक्शन इंडिया

**अररिया:** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने बिहार के सभी सीट पर एनडीए के जीत का दावा किया है।मोदी और विकास के नाम पर एनडीए के वोटर इस बार के लोकसभा चुनाव में वोट करने के लिए मतदान केंद्र पर जा रहे हैं।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने रविवार को अररिया में जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए ये बाते कही। उन्होंने पहले फेज में हुए चारों सीट पर जीत का दावा किया।उन्होंने कहा कि भले ही बिहार में वोट का पोलिंग काम हुआ लेकिन एनडीए के मतदाता उत्साह के साथ मतदान की प्रक्रिया में भाग लिए हैं।उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस के मतदाता वोट देने के लिए में निकल रहे हैं।कारण उनको पता चल गया है कि इस बार इंडी एलायंस का पत्ता साफ है और चालीसों सीट बिहार में और देश में 400 से अधिक सीट एनडीए ला रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी दुष्प्रचार में लगे हैं कि संविधान खतरे में है लेकिन संविधान की रक्षा और संविधान के वसूलों पर भाजपा चलती है,जिसे मतदाता भी अब समझने लगे हैं।उन्होंने कहा कि अब जाति धर्म के नाम पर नहीं,बल्कि काम और विकास के नाम पर वोट करती है।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सबका साथ,सबका विश्वास और सबका विकास को लेकर काम की है। उन्होंने कहा कि अररिया में सड़क,रेल,पुल पुलिया के क्षेत्र में प्रदीप कुमार सिंह ने अमूलचूल काम किया है।यही कारण है कि केंद्रीय नेतृत्व ने उस पर विश्वास जताते हुए फिर से उन्हें प्रत्याशी बनाया है और काम के बदौलत रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे।

# बंगाल में गुंडे-बदमाशों को हौसले बुलंद: राजनाथ सिंह

### यहां एक महिला मुख्यमंत्री के रहते संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं: राजनाथ सिंह



टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल है। देश में पश्चिम बंगाल अपने अपराध के लिए जाना जा रहा है और सांप्रदायिकता के लिए इसके चर्चे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां गुंडे, बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शरीफ लोग डरे हुए हैं। राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ ने प्रदेश की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां एक महिला मुख्यमंत्री के रहते संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं। यहां ईडी-सीबीआई जांच के लिए आते हैं तो उनके ऊपर गुंडे हमले करते हैं। संदेशखाली की घटना से पूरी मानवता शर्मसार हुई है। राजनाथ ने

**निशाने पर...**

**8 देश में पश्चिम बंगाल अपने अपराध के लिए जाना जा रहा है और सांप्रदायिकता के लिए इसके चर्चे हो रहे**

कहा कि यह विद्वानों की धरती है, लेकिन अब पश्चिम बंगाल अराजकता और अपराध के लिए जाना जाता है। यहां संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं, वो भी तब, जब एक महिला मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि भाजपा का शासन स्थापित होते ही सारे गुंडे काबू में आ जाएंगे। एक बार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहरा दीजिए, फिर हम देखते हैं कि किसकी हिम्मत है जो संदेशखाली जैसी घटना को दोहराने की जुर्रत कर सके।

## अमित मालवीय के खिलाफ कोलकाता में एफआईआर



टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के कोलकाता जिले के गरियाहाट पुलिस थाने में भाजपा नेता अमित मालवीय के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई है। ममता सरकार की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शनिवार को मालवीय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। भट्टाचार्य का आरोप है कि मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। अमित मालवीय पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी एवं पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख हैं। भट्टाचार्य के मुताबिक अमित मालवीय ने विगत शुक्रवार शाम 4:17 बजे सोशल मीडिया पर दावा किया था कि ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था, जबकि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। चंद्रिमा ने रविवार को कहा कि अमित मालवीय का मकसद बंगाल में नफरत फैलाना है। इस पर फिलहाल भाजपा नेता ने कोई टिप्पणी नहीं की है। मालवीय के खिलाफ आईपीसी की धारा 500, 504 और 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि एक चुनावी जनसभा में बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ असंसदीय और गाली में इस्तेमाल होने वाले शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि बाद में उन्होंने इसे वापस ले लिया था। बावजूद इसके चंद्रिमा ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री बनर्जी ने ऐसा कुछ नहीं कहा था।

# कांग्रेस का महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा को घेरने का प्लान

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल लोकसभा सीट सालों से भाजपा के कब्जे में हैं। इसे अपने पक्ष में करने के लिए कांग्रेस कई बड़े दिग्गज नेताओं को यहां से चुनाव लड़ा चुकी है, लेकिन उन्हें अभी तक सफलता हासिल नहीं हुई है। इस बार अरुण श्रीवास्तव मैदान में हैं और सामने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा टक्कर दे रहे हैं। भोपाल में भाजपा को घेरने के

**रणनीति**

**8 मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल लोकसभा सीट सालों से भाजपा के कब्जे में हैं**

लिए कांग्रेस लगातार प्लान तैयार कर रही है। इसको लेकर विधानसभा वार बैठकर की जा रही हैं। रविवार को मध्य विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मुद्दा जनता के बीच ले जाने का प्लान तैयार किया गया है। इस बैठक में मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक आरिफ मसूद भी उपस्थित रहे। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के मंडलपम सेक्टर के पदाधिकारी कांग्रेस के पदाधिकारी महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे।

## 'क्रिकेट तो खत्म हुआ, अब बंगाल की जनता के लिए करूंगा काम'

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** क्रिकेट की दुनिया का जानामाना नाम रहे युसूफ पठान अब पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीद भी हैं। वे कहते हैं कि क्रिकेट से उन्होंने पूरी तरह से संन्यास ले लिया है, इसलिए अब वे राजनीति में आ गए हैं। अब वे जी-जान से राजनीति करना चाहते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर से नेता बने युसूफ पठान बहरामपुर में कांग्रेस के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ मैदान में उतरे हैं। यूसूफ पठान को तृणमूल कांग्रेस से टिकट दिया गया है। युसूफ पठान ने वर्ष 2021 में क्रिकेट से पूरी तरह से संन्यास ले लिया था। यूसूफ पठान अपने छक्कों के लिए क्रिकेट प्रेमियों के प्रिय थे। युसूफ पठान कहते हैं कि हर दिन उनमें राजनीति को लेकर आत्मविश्वास आता जा रहा है।

## भाजपा ने भी किसानों पर नहीं दिया ध्यान: मायावती



टीम एक्शन इंडिया

**गाजियाबाद:** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती रविवार को गाजियाबाद की एक चुनावी जनसभा में भाजपा और कांग्रेस पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव यदि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष हुआ तो भाजपा इस बार केंद्र में वापस नहीं आने वाली है। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कोई कार्य नहीं किया है, सिर्फ जुमलेबाजी की है। भाजपा के अच्छे दिन आने के सपनों की असलियत जनता जान चुकी है। राशन से लोगों का भला होने वाला नहीं है, काम देने से ही जीवन स्तर सुधारेगा। मायावती कविनगर स्थित रामलीला मैदान में गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी नन्दकिशोर पुंडीर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। मायावती ने कहा कि भाजपा सरकार ने पूर्व में सत्ता में रही कांग्रेस की तरह ही किसानों पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा की जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवादी सोच और नीतियां किसानों का उत्थान नहीं कर पाई हैं। गरीब, आदिवासी, दलित, मुस्लिम और समाज के अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के स्तर को सुधारने और उनके कल्याण को

**प्रचार में जुटीं**

**8 लोकसभा चुनाव यदि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष हुआ तो भाजपा इस बार केंद्र में वापस नहीं आने वाली है: बसपा**

लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं लेकिन दुख की बात है कि भाजपा व अन्य दल जो अपने आप को क्षत्रियों का हिमायती होने का दावा करते हैं इस बार लोकसभा चुनाव में खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज के लोगों को टिकट नहीं दिया। मायावती ने कहा कि बसपा ने टिकट बंटवारे में भी उन्हें उचित भागीदारी दी है। कई टिकट क्षत्रिय समाज को दिए हैं, गाजियाबाद इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां समाज के नंदकिशोर पुंडीर को टिकट दिया गया है। पंजाबी समाज से जितेंद्र कालरा को लखीमपुर खीरी से टिकट दिया है। गुर्जर समाज से बागपत में टिकट दिया है। बसपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों की उपेक्षा कर रही है।

## पर्यटकों से 'पैक' हुई मसूरी, हरिद्वार-ऋषिकेश में 'जाम' हुआ शहर

टीम एक्शन इंडिया

**उत्तराखंड:** वीकेंड पर बड़ी संख्या में सैलानी उत्तराखंड पहुंचे। पहाड़ के खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाते हुए सैलानियों ने पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठाया। हालांकि मसूरी से लेकर ऋषिकेश और हरिद्वार में पर्यटकों को जाम से दो चार होना पड़ा।

वहीं, वाहन भी रेंग-रेंगकर चलते नजर आए। मसूरी में कोल्हूखेत से गांधी चौक तक के साथ ही लंढौर बाजार, मलिंगार क्षेत्र में कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। गांधी चौक से किंग्रेग के बीच बार-बार जाम की स्थिति बनी रही।

# एक परिवार के लोगों का कांग्रेस पर कब्जा है: नीतीश

### मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि पहले मदरसा की स्थिति क्या थी और आज क्या है

टीम एक्शन इंडिया

**किशनगंज: सीएम** नीतीश कुमार ने जिले के ठाकुरगंज के गांधी मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद और कांग्रेस को परिवारवादी पार्टी बताते हुए जमकर निशाना साधा। सीएम नीतीश कुमार जेडीयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने रविवार को यहां पहुंचे थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले पत्नी को बनाया फिर बेटा को बनाया और अब बेटी को बना रहे है सिर्फ इन्हे परिवार की चिंता है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए




कहा कि कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी **लेकिन आज एक परिवार के लोगो का कांग्रेस पर कब्जा है जिसकी** वजह से कांग्रेस पार्टी खत्म होता चला जा रहा है। सीएम ने कहा की नरेन्द्र मोदी और मेरा कोई परिवार नही है। हम दोनो का परिवार आप लोग है। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि पहले मदरसा की स्थिति क्या थी और आज क्या है। हम लोगों ने बहुत काम किया है क्या आप लोग हमे भूल जायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राजद के राज में प्रजनन दर 4.3% था जिसके बाद जब हमने लड़कियों

**परिवार की चिंता**

**8 पहले पत्नी को बनाया फिर बेटा को बनाया और अब बेटी को बना रहे है सिर्फ इन्हे परिवार की चिंता**

को पढ़ाना शुरू किया तब प्रजनन दर 2.9% हुआ। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों से लोगो को अवगत करवाते हुए जेडीयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम को वोट देने की अपील की।

# असम की 11 सीटों पर किसी दल के साथ भाजपा का मुकाबला नहीं: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

**डिफू (असम): मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि असम की 14** लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर भाजपा का किसी भी पार्टी के साथ कोई मुकाबला नहीं है। जिन पांच सीटों पर चुनाव हुए हैं, उसमें भाजपा को क्लीन स्वीप मिला है। मुख्यमंत्री डॉ सरमा रविवार को डिफू में भाजपा उम्मीदवार अमर सिंह टिसो के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एकमात्र धुबड़ी लोकसभा सीट



पर एनडीए उम्मीदवार को मुकाबला करना होगा। इस सीट पर मुकाबला कांग्रेस के साथ नहीं, बल्कि एआईयूडीएफ से होगा। उन्होंने कहा कि वह अब तक धुबड़ी नहीं गए हैं, इसलिए धुबड़ी

**दावा**

**8 जिन पांच सीटों पर चुनाव हुए हैं, उसमें भाजपा को क्लीन स्वीप मिला है: मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा**

के विषय में कुछ कहना मुश्किल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा अपने अच्छे कार्यों के लिए लगातार आगे बढ़ रही है। सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेम करते हैं।

## भाजपा में शामिल हुईं पूर्व मंत्री हरक की बहू अनुकृति गुसाईं

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधु अनुकृति गुसाईं ने आज भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। अनुकृति के साथ उनके कई समर्थकों ने भी भाजपा ज्वाइन की। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। चुनाव प्रचार के दौरान अनुकृति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का समर्थन किया था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही देश विश्व की तीसरी महाशक्ति बन सकता है।

# बेल-जेल वाले नेताओं का जमावड़ा है इंडी गठबंधन: डॉ. नरोत्तम मिश्रा

टीम एक्शन इंडिया

**दतिया: यह** लोकसभा चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है। एक तरफ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और विश्व गुरू बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, तो दूसरी तरफ भ्रष्ट लोगों का इंडी गठबंधन है। इंडी गठबंधन राजनीतिक दलों का ऐसा गठबंधन है जिसके आधे नेता या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। ऐसे नेताओं को वोट देने का मतलब अपने अमूल्य मत को बर्बाद करना है। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने रविवार को दतिया के



ईशागढ़ में भिंड लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इंडी इस गठबंधन में शामिल दलों को ही पता नहीं कि उनका यह गठबंधन कब तक टिकेगा, ऐसे में देश की जनता को वे क्या भरोसा दे पाएंगे। इंडी गठबंधन की सरकार को किसी भी स्थिति में बनने वाली नहीं है, लेकिन वे अपना नेता भी नहीं चुन पाए हैं।

# आरएसएस का काम कर रहे हैं अखिलेश यादव: तौकीर रजा

टीम एक्शन इंडिया

**बरेली:** बरेली में मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि देश का लोकतंत्र सरकार में खत्म हो चुका है। कार्यपालिका और पत्रकारिता में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। लोकतंत्र को बचाने के लिए आखिरी उम्मीद न्यायपालिका है, लेकिन इससे भी अब भरोसा कम होने लगा है। यह गंभीर बात है। इस विचार करना चाहिए। अगर न्यायपालिका से भरोसा उठ गया तो समझो सबकुछ खत्म है। मौलाना ने सपा, भाजपा और असदुद्दीन ओवैसी पर भी निशाना साधा।

**साधा निशाना**

**8 कार्यपालिका और पत्रकारिता में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। आखिरी उम्मीद न्यायपालिका है**

इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि मुसलमानों का मसला आरएसएस और भाजपा नहीं है। मुसलमानों का मसला वे लोग हैं, जो मुसलमानों का हमदर्द बनते हैं। वो दल हैं, जो खुद को सेक्युलर कहते हैं और पीठ में छुरा घोंपने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि 2010 के दंगे बरेली को पूरी दुनिया में बदनाम किया है। उस दंगे के असल दोषी आज भी मिले हुए हैं।

**'आरएसएस मुख्यालय से तय हुए सपा के टिकट:** मौलाना ने कहा कि भाजपा और सपा का अंदुरुनी तालमेल बना हुआ है। सपा को आरएसएस ने साजिश रचकर महागठबंधन का हिस्सा बनवाया गया है। इनके बहुत से टिकट आरएसएस मुख्यालय से तय हुए हैं।

**रस्साकसी** तस्लीमुद्दीन के बड़े बेटे सरफराज आलम का टिकट काट कर कहीं ना कहीं बड़ी गलती आरजेडी ने अररिया की सीट पर कर दी

# कभी कांग्रेस-राजद का गढ़ रहा अररिया बदलते वक्त के साथ अब भाजपा का मजबूत गढ़ बना

टीम एक्शन इंडिया

**फारबिसगंज/अररिया: अररिया सीट आजादी** के बाद के शुरूआती दशकों में कांग्रेस का गढ़ रहा है। बताया जाता है कि इसके बाद जनता दल और फिर बीजेपी ने यहां से जीत हासिल की. वर्तमान हालात में एमवाई समीकरण के कारण आरजेडी की यहां काफी मजबूत स्थिति थी और आगे भी ये स्थिति देखने को मिलती लेकिन माना जा रहा है कि आरजेडी के तरफ से बड़ी गलती हुई है। तस्लीमुद्दीन के बड़े बेटे सरफराज आलम का टिकट काट कर कहीं ना कहीं बड़ी गलती आरजेडी ने अररिया की सीट पर कर दी है। अब इस सीट पर मुस्लिम वोटर बंट चुका है सरफराज खेमा और




शाहनवाज आलम खेमा का वोटर इस बार आरपार की लड़ाई में कूद चुका है। सरफराज आलम जो तस्लीमुद्दीन का बड़ा बेटा है वे एक बार इस सीट पर उपचुनाव में सांसद बन चुके है। आरजेडी से ही लेकिन इस बार आरजेडी ने तस्लीमुद्दीन के छोटे बेटे पर दांव लगाया है, जिससे तस्लीमुद्दीन का बड़ा बेटा काफी खफा है और कहीं न कहीं बागी तेवर भी दिखा रहे है। सूत्र के हवाले से ये भी खबर है कि तस्लीमुद्दीन का बड़ा बेटा जदयू नेताओं के संपर्क में है वहीं आगे देखने वाली बात है आखिर कब पलटेंगे।

**चुनावी सरगर्मी**

**8 मुस्लिम वोटर बंट चुका है सरफराज खेमा और शाहनवाज खेमा का वोटर इस बार आरपार की लड़ाई में कूद चुका है**

अररिया में वोटरों की कुल संख्या 1,311,225 है. इसमें से महिला मतदाता 621,510 और पुरुष मतदाता 689,715 हैं. अररिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं- नरपतगंज, रानीगंज(सुरक्षित), फारबिसगंज, अररिया, जोकिहाट और सिकटी. अररिया सीमांचल क्षेत्र का हिस्सा है और यह क्षेत्र मुस्लिम बहुल है. 45 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम और यादव मतदाता यहां हैं. अगर इस सीट के इतिहास पर नजर डालें तो 1967 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के तुलमोहन सिंह ने चुनाव जीता था. इसके बाद फिर 1971 के चुनाव में भी वे विजयी रहे थे. 1977 में यहां से भारतीय लोक दल के महेंद्र नारायण सरदार जीते थे. इसके बाद 1980 और 1984 के चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के डुमर लाल बैठा के हाथ जीत लगी थी. इसके बाद के तीन चुनावों 1989, 1991 और 1996 में जनता दल के टिकट पर सुखदेव पासवान इस सीट से जीतकर दिल्ली पहुंचे थे।